राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

03 भाजपा के अन्याय काल में मुक्ति का दस्तावेज...

अमेरिकी राज्य में गर्भपात पर रोक... 12

वर्ष : 11 | अंक : 327 | पटना, गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 30°C
न्यूनतम तापमान 21°C

बाजार

सोना 73,970

चांदी 82,800

सेंसेक्स 75,038

निफ्टी 22,753

संक्षिप्त खबरें

धनखड़ ने दिलाई राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

नईदिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों को बुधवार को सदस्यता की शपथ दिलाई। श्री धनखड़ ने संसद भवन परिसर में अपने कक्ष में इन सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में मयंक भाई जयदेव भाई नायक, नारायणसा के भानदागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपचाडे, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजीलाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल हैं।

मोदी ने साइमन हैरिस को आयरलैंड का सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयरलैंड का सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने पर साइमन हैरिस को बुधवार को बधाई दी और कहा कि वह दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर आशान्वित हैं। सांसद हैरिस मंगलवार को संसद में एक वोट से आयरलैंड के प्रधानमंत्री चुने गए। वह 37 वर्ष की उम्र में देश का प्रधानमंत्री बनने वाले सबसे युवा नेता हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आयरलैंड का अब तक का सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने पर साइमन हैरिस को बधाई। हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को अत्यधिक महत्व देते हैं जो लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास पर आधारित हैं। मोदी ने कहा कि भारत-आयरलैंड द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के लिए साथ मिलकर काम करने को लेकर वह आशान्वित हैं।

दुर्ग में सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हुई

रायपुर। छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के कुम्हारी में मंगलवार की रात बस हादसे में घायलों में कुछ और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुम्हारी के समीप केडिया डिस्टलरी के कर्मचारियों को लेकर जा रही बस एक मुरुम खदान के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खड्ड में गिर गयी। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है। मृतकों में चार महिलाएं भी हैं। कुछ अन्य घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

तमिलनाडु सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

मदुरै। तमिलनाडु के विरुधुनगर-मदुरै चार लेन राजमार्ग पर तिरुमंगलम के पास सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना उस समय हुई जब कार में सवार लोग मंदिर में पूजा करने के बाद घर लौट रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने एक दोपहिया वाहन को जबर्दस्त टक्कर मार दी, जिसके बाद विपरीत दिशा से सिवाराकोट्टई रोड कार पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। पुलिस ने मृतकों की पहचान आर.कनागावेल, उनकी पत्नी कृष्णकुमारी, बहू एम.नागजोथी, उनकी पुत्री शिवा अथमिका और दोपहिया वाहन चालक पंडी के रूप में हुई हैं। कार में सवार अन्य पांच लोग घायल हो गये, उन्हें मदुरै के सरकारी राजाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में नागजोथी की जुड़वां पुत्री शिवा श्री, बेटा शिवा अधित्या, पिता के. मणिकंदन, रत्नासामी, मीना हैं। पुलिस ने कल्लीकुडी थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने गया में चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर बोला हमला

भ्रष्टाचारियों को हर हाल में जाना होगा जेल : शाह

- कहा-किसी भी हाल में मोदी सरकार इन्हें नहीं छोड़ेगी
- दावा किया- बिहार की सभी 40 सीटो पर होगी एनडीए की जीत

प्रात : किरण

गया/एजेंसी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को हर हाल में जेल जाना होगा। इन लोगों ने देश का पैसा लूटा है। गरीबों को लूटा है। इसलिए इन्हें जनता माफ नहीं करेगी। पाई-पाई रुपये चुकाने होंगे। किसी भी हाल में मोदी सरकार नहीं छोड़ेगी। गृह मंत्री ने बुधवार को गया के गुरारू प्रखंड में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित किया। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद अमित शाह का यह पहला बिहार दौरा है। अमित शाह ने सबसे पहले देव सूर्य मन्दिर सहित देव स्थलों को नमन किया। उसके बाद महान स्वतंत्रता सेनानी सत्येंद्र नारायण सिन्हा को भी नमन किया। उसके बाद अपने सम्बोधन में सभी को बिहार में विगत लोकसभा चुनाव में जीती गई कुल 39 सीटों की जगह अब सभी 40 सीटों पर जीत दिलाने की बात कही। जिससे भारत विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन सके। शाह ने कहा कि आप लोगों से अपील है कि गया में जीतन राम मांझी और औरंगाबाद में सुशील सिंह को जिताकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं। जय श्री राम और भारत माता की जय के साथ ही उन्होंने अपना भाषण समाप्त कर दिया। इससे पहले उन्होंने केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ ही विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि पुलवामा में आतंकी हमले के जवाब में भारत ने दस दिन के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक करने का काम किया। जिससे आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। पूरे बिहार के अंदर आयुष्मान कार्ड योजना का काम बिहार के एनडीए सरकार ने किया है। अब कोई गरीब इलाज के आभाव में नहीं मरेगा।

दिल्ली में बैठा गरीब का बेटा नरेंद्र मोदी मुफ्त में उनका इलाज कराएगा। इस दौरान अमित शाह ने भारत रत्न कपूर्री ठाकुर के जरिए कांग्रेस और आरजेडी पर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस की सरकार आई और गई। वही लालूजी की भी सरकार आई और गई लेकिन किसी ने कपूर्री जी के बारे में कुछ नहीं सोचा। केवल मोदी जी ने कपूर्री ठाकुर जी के बारे में सोचा और उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। अमित शाह ने कहा कि एक बार मोदी जी को 400 पार करवा दीजिए। मैं वादा करता हूं कि भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बनाने का संकल्प हम पूरा करेंगे। अयोध्या में राममंदिर को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राजद समेत पूरा इंडी गठबंधन इस मामले को लटका कर रखे थे। लेकिन मोदी जी ने मंदिर बनवाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर हमला बोला। कहा कि राजद और कांग्रेस ने मिलकर 12 लाख करोड़ का घोटाला किया है। जितने भी भ्रष्टाचारी हैं, उन सबको हर हाल में जेल जाना होगा। क्योंकि इन लोगों ने देश का पैसा लूटा है। देश के गरीबों को लूटा है। इसलिए ऐसे लोगों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। पाई-पाई का हिसाब लेगी। भ्रष्टाचारियों को मोदी सरकार भी नहीं छोड़ेगी। दोनों पार्टियां भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती है। तीन टर्म नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री रहे लेकिन एक भी दाग नहीं लगा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व सीएम सह गया लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी, औरंगाबाद से प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह, लोजपा के पशुपति पारस, नित्यानंद राय, मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, रालोसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा सहित कई मंत्री व भाजपा नेता और कार्यकर्ता मंच पर मौजूद थे।

केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा

शराब नीति घोटाला मामले में 'कानूनी गिरफ्तारी' को दी चुनौती

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति 2021-22 के कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश ने पीठ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिंघवी से कहा कि वो संबंधित मामले के बारे में ईमेल करें तथा उस पर विचार किया जाएगा। उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उस केंद्रीय जांच जांच एजेंसी को हिरासत में देने के विशेष अदालत के फैसले को उचित ठहराते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी। एकल पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और हिरासत के मामले में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कहा था कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति को तैयार करने की साजिश शामिल थे। उन्होंने उस अपराध से प्राप्त आय का इस्तेमाल किया। एकल पीठ ने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे।

उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। श्री केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए केंद्रीय एजेंसी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था।

उन्होंने आरोप लगाया था कि यह (उनकी गिरफ्तारी) लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाना चाहिए। श्री केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में उन्हें भेज दिया था। ईडी ने श्री केजरीवाल पर दिल्ली आबकारी नीति 2021-2022 (विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने के लिए मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की आबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं - दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, राज्य सभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए साजिश रची थी।

काराकाट लोस सीट से चुनाव लडेंगे पवन सिंह

भोजपुरी फिल्म स्टार ने अपने एक्स हैंडल पर किया ऐलान

प्रात : किरण

पटना। भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह काराकाट लोकसभा सीट पर चुनाव लडेंगे। इस बात की जानकारी खुद पवन सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स हैंडल पर दिया है। हालांकि पवन सिंह ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे या किसी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। काराकाट लोकसभा में एक जून को वोटिंग होनी है। एनडीए में काराकाट लोकसभा सीट उपेंद्र कुशवाहा के हिस्से में गयी है। माना जा रहा है कि खुद उपेंद्र कुशवाहा यहां से चुनाव लड़ सकते हैं। ऐसे में भाजपा सदस्य रहे पवन सिंह का यहां से चुनाव लड़ने का फैसला एनडीए के लिए बड़े झटके की तरह है। माना जा रहा है कि पवन सिंह चुनाव लड़ने के लिए भाजपा की सदस्यता छोड़ सकते हैं। वहीं इस संबंध में उपेंद्र कुशवाहा से जुड़े लोगों ने भी यह साफ कर दिया है कि उपेंद्र कुशवाहा काराकाट लोकसभा से ही चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में पूर्णिया लोकसभा के बाद अब काराकाट भी बिहार में हॉट सीट बन गया है। पवन सिंह को भाजपा ने आसनसोल से टिकट दिया था। जहां चुनाव लड़ने से भोजपुरी सिंगर ने इनकार कर दिया था। ऐसे में आज भाजपा ने यहां डा. एसएस आहूलुवालिया को टिकट देने की घोषणा कर दी है। दूसरी तरफ पवन सिंह ने भी कुछ दिन पहले ही यह कहा था कि वह चुनाव लड़ेंगे। पवन सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है - माता गुरुतरा भूमेरू अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं और मैंने अपनी माँ से वादा किया था की मैं इस बार चुनाव लडूँगा । मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट,बिहार से लडूँगा । बताते चलें कि काराकाट से पवन सिंह के पास निर्दलीय या बसपा जैसी पार्टियों का ही विकल्प है। निर्दलीय उतरने के बावजूद वह भोजपुरी बोली वाले वोटरों को तोड़ने में कामयाब रहेंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, जातिगत आधार पर भी पवन सिंह एनडीए का ही वोट काटेंगे।

तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो... : तेजस्वी

- नेता प्रतिपक्ष ने जमुई में चुनावी सभा में केन्द्र सरकार पर बोला हमला

प्रात : किरण

जमुई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव केन्द्र की भाजपा सरकार पर लगातार हमलावर हैं। इसी क्रम में बुधवार को जमुई के सोनो स्थित आदर्श मध्य विद्यालय मैदान में तेजस्वी यादव ने चुनावी रैली को संबोधित करते भाजपा पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने जनता से देश के विकास का वादा किया था लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी मतलब बड़का झूठा पार्टी। मोदी की गारंटी को चाइनीज माल की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि अभी मोदी जी विकास का खूब वादा करेंगे। लेकिन चुनाव खत्म होते ही उनकी पार्टी के बड़े नेता अमित शाह बोलेंगे कि वह तो जुमला था। उन्होंने मंच से गाना गाया कि तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो। तेजस्वी ने आगे कहा कि हमारा संविधान खतरे में है। संविधान की लड़ाई लड़ने वालों को ईडी और सीबीआई से परेशान करवाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी के शासन काल में रेलवे को बेच दिया गया। तीन रुपये में मिलने वाला प्लेटफार्म टिकट का दाम बढाकर 50 रुपए कर दिया गया। लालू जी जब रेलमंत्री थे तो रेलवे का किराया कम था। उन्होंने गरीब रथ जैसी ट्रेन चलाने का काम किया। लेकिन केंद्र सरकार महंगाई को नहीं रोक पाई। भाजपा वाले पहले कहते थे महंगाई डायन खाय जात है, अब महंगाई उनकी भौजाई हो गई है। तेजस्वी ने कहा कि चाचा पहले कहते थे कि मिट्टी में मिल जाएंगे लेकिन बीजेपी में नहीं जाएंगे। चाचा हैं, उनका हम सम्मान करते हैं। कुछ बोलेंगे नहीं, लेकिन इतना जरूर कहेंगे कि इस उम्र में उन्हें स्थिर रहना चाहिए। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में हमने कहा था कि सरकार में आएंगे तो नौकरी देंगे।

भाजपा ने नौ उम्मीदवारों सूची की जारी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को नौ उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने इलाहाबाद, चंडीगढ़ और फूलपुर के मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों पर भरोसा जताया है। पार्टी ने बलिया से मौजूदा सांसद वीरेन्द्र सिंह ह्यमस्तह्व के स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। भाजपा ने उम्मीदवारों की अपनी 10वीं सूची में कुल नौ लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की जिसमें उत्तर प्रदेश की सात और चंडीगढ़ तथा पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट शामिल है। पार्टी की ओर से जारी सूची के मुताबकि भाजपा ने मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। इलाहाबाद की सांसद रीता बहुगुणा जोशी के स्थान पर नीरज त्रिपाठी, बलिया से सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर और चंडीगढ़ से किरण खेर के स्थान पर संजय टंडन को उम्मीदवार बनाया गया है।

चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक की हो जानकारी : आयोग

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने पार्टियों के प्रचार अभियान को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को होर्डिंग्स सहित छपवाई गई चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का स्पष्ट नाम व पता दिए जाने को अनिवार्य तौर पर लागू कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के पूर्ण आयोग ने इस संबंध में प्राप्त शिकायतों पर यह निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए में स्पष्ट है कि मुद्रक या प्रकाशक के नाम तथा पते के बिना चुनाव पैम्फलेट, पोस्टर, तख्तियां या बैनर की छपाई नहीं की जा सकती। इससे चुनावी अभियानों का खर्च विनियमित होता है और आदर्श आचार संहिता या वैधानिक प्रावधानों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

राजनीति **पिता की विरासत संभालने को लेकर पुत्र व पुत्रियां चुनावी मैदान में ठोक रहे ताल**

लोकसभा चुनाव : विरासत को संभालने उतरी नई पीढ़ी

प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाने को लेकर बिहार में सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। अधिकांश दल अपनी बढ़त बनाने को लेकर जहां प्रत्याशियों के चयन भी काफी सावधानियां बरती हैं, वहीं कई दलों ने वैसे प्रत्याशियों को भी चुनाव मैदान में उतारा है, जो अपनी सियासी विरासत को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। ऐसे प्रत्याशी भी एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए लोकसभा चुनाव में उनकी दो बेटियां भी चुनावी रण में ताल ठोंक रही हैं। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती एक बार फिर भाजपा के रामकृपाल यादव से मुकाबले में हैं। पिछले चुनाव में रामकृपाल ने मीसा भारती को हरा दिया था। लालू प्रसाद की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य ने भी इस चुनाव से अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत कर दी है। इस चुनाव में सारण सीट पर उनका मुकाबला भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी से है। सारण से लालू 2004 और 2009 में सांसद रहे। रोहिणी की मां राबड़ी देवी यहां से 2014 में चुनाव हार गई थीं। रोहिणी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। इधर, लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान भी इस बार अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की कर्मभूमि हाजीपुर को अपना कर्मक्षेत्र बनाने के लिए हाजीपुर से चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। पासवान फिलहाल जमुई से सांसद हैं। हाजीपुर से रामविलास पासवान नौ बार सांसद थे। इस बीच, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सासाराम के सांसद रहे दिवंगत मुनिलाल की सियासी विरासत को संभालने के लिए भाजपा ने उनके बेटे शिवेश राम को सासाराम से चुनावी मैदान में उतार दिया है। फिलहाल यहां से छेदी पासवान सांसद हैं, जिनका पार्टी ने इस बार टिकट काट दिया। पूर्व सांसद सीपी ठाकुर के बेटे विवेक ठाकुर भी इस बार भूमिहार बहुल नवादा से चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इधर, जदयू के नेता और बिहार के मंत्री अशोक चौधरी की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए उनकी बेटी शांभवी चौधरी समस्तीपुर से मोर्चे पर डटी हुई हैं। पिछले दिनों जदयू नेता महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। बताया जाता है कि सन्नी समस्तीपुर से चुनाव लड़ सकते हैं। वैसे, बिहार में यह पहली मर्तबा नहीं है कि पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए उनके पुत्र और पुत्रियां चुनावी मैदान में उतरे हैं। कई वर्तमान सांसद भी अपने पिता के सियासी विरासत को ही आगे बढ़ा रहे हैं। इस चुनाव में तो कई पार्टियों ने अब तक अपने कोटे के सभी सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है।

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

ईद–उल–फित्र के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों एवं बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

खुशियों का यह त्योहार रमजान के पवित्र माह की समाप्ति के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रोजेदार रमजान के महीने में रोजा रखते हैं और विशेष इबादत करते हैं। यह त्योहार आपसी प्रेम, एकता और सद्भावना का संदेश देता है।

मेरी अपील है कि इस पावन पर्व को शांति, सौहार्द्र एवं उल्लास के साथ मनायें।

मैं कामना करता हूँ कि ईद–उल–फित्र सभी के जीवन में खुशियाँ लेकर आये।

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

PR. No. 000081 (Governor Secretariat)D. 2024-25

संक्षिप्त खबरें

चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपित युवक को किया गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत सदर बाजार में एक दुकान में हुई चोरी मामले में पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपित युवक कुंदन कुमार उर्फ छेदी को उसके घर मनेर के छितनावां गांव से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन मार्च को सदर बाजार में एक रेडिमेड कपड़े की दुकान में नगद समेत अन्य सामान की चोरी हो गई थी। जिसमें दुकानदार अमन केसरी ने अपने पूर्व कर्मी कुंदन को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नामजद किया था।गिरफ्तार युवक के पास से पांच हजार रूपए बरामद किया गया है

एक मंजय राय उर्फ दिलीप उर्फ पाण्डेय ने न्यायालय में किया सरेंडर

दानापुर। नगर के अंतर्गत जिले का टाप टेन अपराधियों में एक मंजय राय उर्फ दिलीप उर्फ पाण्डेय ने गुपचुप तरीके से न्यायालय में सरेंडर कर दिया।सरेंडर करने की खबर फैलते ही पुलिस महकमे हाथ मिलते रह गई। बुधवार को एएसपी दीक्षा ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नया टोला सगुना गांधी मूर्ति निवासी मनौरी राय उर्फ मनोहर राय के पुत्र पाण्डेय के खिलाफ दानापुर थाना में एक दर्जन से अधिक अपराधीक मामले दर्ज हैं।मंजय की गिरफ्तारी को लेकर इनाम में घोषित किया गया था।उक्त अपराधकर्मी के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस उसके छिपने के सम्भावित ठिकानों पर लगातार छापामरी एवं दबिश दे रही थी।पुलिस दबिश के कारण उक्त अपराधकर्मी ने मंगलवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।। उक्त अपराधकर्मी के खिलाफ दानापुर थाना में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

सिटी में खुला श्रीराम जनरल इंश्योरेंस की तीसरी शाखा

पटना सिटी (प्राकि)। किसी भी प्रकार की प्रापर्टी, घर हो या दुकान, गाड़ी या हेल्थ के लिए श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी की शाखा कार्यालय का शुभारंभ मंगलवार को पटना साहिब स्टेशन रिलायंस स्मार्ट बाजार के ठीक सामने डीएस काम्पलेक्स में किया गया। उक्त जानकारी क्षेत्रीय वरीय प्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि नए कार्यालय का शुभारंभ कंपनी के बिहार- झारखंड के जोनल हेड अमृतांशु शेखर व तख्तश्री पटना साहिब कार्यालय के मैनेजर हरजीत सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि कंपनी अपनी शाखा कार्यालय का विस्तार कर सिटी क्षेत्र से बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, फतुहा, जेठुली तक के ग्राहकों को लाभान्वित कराएगी। साथ ही रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस दौरान शाखा प्रबंधक प्रजेश कुमार, क्षेत्रीय लेखा प्रबंधक ओंकार नाथ, वित्तीय सलाहकार आदि उपस्थित थे।

तख्तश्री कमेटी को सेवादारों ने सौंपा मांगों का पत्र

पटना सिटी (प्राकि)। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के मातहत काम करने वाले सेवादारों ने बैठक कर अपनी मांग पत्र कमेटी के कार्यालय में सौंपने का काम किया है। सेवादार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, अजायब सिंह, अवधेश सिंह, महावीर सिंह, दीपक सिंह, उमाशंकर सिंह, प्रकाश सिंह, विकास सिंह, कमलजीत कौर, बलराम सिंह आदि के हस्ताक्षर से सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि तख्तश्री कमेटी का कोई भी मुलाजिम की यदि मौत हो जाती है, तो उनके परिवार को पांच लाख की राशि, पेंशन, ग्रेच्युटी और रिटायरमेंट के लाभ के साथ-साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। तख्तश्री कमेटी किसी स्टाफ को यदि सेवानिवृत करता है, तो उसकी ग्रेच्युटी, पेंशन के अलावा रिटायरमेंट का सेवा काल की अवधि के अनुसार उसे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

आसनसोल से आहलुवालिया को लोस प्रत्याशी बनाने पर बधाई

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पुराने नेता एसएस अहलूवालिया को पार्टी का प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा है। श्री सनातनी सिख सभा के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद ने तख्तश्री पटना साहिब के पूर्व अध्यक्ष, केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता एसएस अहलुवालिया को आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का प्रत्याशी बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा नेतृत्व एवं अहलुवालिया को बधाई दी है। इनको आसनसोल से प्रत्याशी बनने पर सरदार शेर सिंह, सरदार कन्हैया सिंह, सरदार रणजीत सिंह, सरदार परमजीत सिंह, सरदार जगजीत सिंह, सरदार मंजीत सिंह ने भी खुशी जाहिर की है।

गुरुद्वारा गुरु का बाग क्वार्टर के बेसमेंट में लगी आग

सूचना मिलते दो फायर यूनिट पहुंच पाया आग पर काबू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के गुरु का शव बाग स्थित गुरुद्वारा के सटे सेवादारों के रहने को आवास बना है। इसी के बेसमेंट में रखे गए कबाड़ की सफाई कराई जा रही थी। सफाई कर्मी ने कचरा में आग लगा दिया। इससे आग फै गई और बेसमेंट में रखे लकड़ी, बांस आदि को लपेटे में ले लिया। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। दर्शन यहां प्रबंधक कमेटी तक श्री हरि मंदिर की पटना साहिब के द्वारा 80 फ्लैट सेवादारों के रहने के लिए बनाया गया है बेसमेंट के ऊपर पहले तल्ले पर 20 क्वार्टर है। आग लगने के बाद उसकी लपट तेज होती, इसके पहले अपने स्तर से लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इससे काफी धुआं निकलने लगा। सेवादारों का परिवार घरों से बाहर निकल आया। इसी बीच पटना सिटी फायर स्टेशन और मालसलामी थाना की पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर फायर यूनिट पहुंची और आग को बुझाया गया। फायर आफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि दो छोटी यूनिट आग बुझाने के लिए भेजी गई थी। आग बेसमेंट में लगने की खबर पर प्रबंधक कमेटी के मैनेजर दिलीप सिंह पटेल व सतनाम सिंह बग्गा पहुंचे। मैनेजर ने बेसमेंट में कचरा जमा नहीं हो, इसके लिए सफाईकर्मी को निर्देशित किया। इधर आगे की लपेट और निकलते धुएं को देखकर पहली मंजिल और उससे ऊपर रहने वाले लोग आपाधापी के बीच तेजी से घर से बाहर निकलने लगे इस दौरान कुछ लोग गिरकर और कुछ लोग धुएं के कारण बेचैनी महसूस करते हुए दो-तीन लोग बेहोश भी हो गए हालांकि उन सबों को प्राथमिक चिकित्सा सेवादारों और उनके परिवार के लोगों ने ही दिया परिवार के लोग गुरुद्वारा परिसर में इकट्ठे हुए मंगलवार यह रात लगी आग करीब काबू पाने में डेढ़ घंटे का समय डेढ़-दो घंटे का समय लग गया। स्थिति हालांकि प्रथम मंजिल पर रहने वाले लोगों की शिकायत थी कि धुआं धीरे-धीरे निकाल भी रहा था और वह सब डर के साए में रात कटी पहले मंजिल का छठ भी गर्म हो गया था।

आग से बचने को कूदा कर्मी की इलाज के दौरान मौत

पटना सिटी (प्राकि)। दीदारगंज थाना क्षेत्र के सोनावां में कबाड़ी गोदाम व हार्डवेयर की दुकान में आग लग गई थी। इसमें दो लोग आज के चपेट में आने से झुलस गए थे। दोनों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा था। निजी कामगार मुहम्मदपुर का रहने वाला कन्हाई पिता गौरीशौकर सिंह का छत से कूदते समय पैर भी फ्रैक्चर हो गया था। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दरअसल वहां बड़े पैमाने पर थिनर का भंडारण किया गया था इसलिए आगे उग्र रूप धारण कर लिया था। साथ ही खाना बनाने के लिए रखे गए सिलेंडर भी आग की चपेट में आने से विस्फोट कर गया था। इसी से डर कर उन दोनों कर्मी छत से नीचे छलांग लगा दिया था और दोनों घायल हो गए थे। अंतत उन दोनों में से एक कन्हाई की इलाज के दौरान मौत हो गई।

महिला मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रात : किरण संवादाता

फतुहा। भाजपा फतुहा नगर मंडल के गोविंदपुर में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा के नगर अध्यक्ष अंजु मिश्रा के नेतृत्व में बिहार प्रदेश महिला मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी वीणा सिंह, नेहा निचल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मधु सिन्हा, रीता जैन, मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी , महिला मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष अंजु कुमारी, उपाध्यक्ष स्नेह लता, मंडल नगर उपाध्यक्ष रंजना पटवा ने शक्ति संपर्क यात्रा के दौरान महिलाओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा महिलाओं के विकास के लिए किए कार्यों को बताया और फिर से एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए कमल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान चिकित्सक डा. गोपाल शरण मिश्रा, अधिवक्ता आंनद मोहन पाण्डेय आदि से मिलकर मोदी सरकार की कामकाज पर फीडबैक लिया।

दस दिवसीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला का हुआ समापन

प्रात : किरण संवादाता

पटना। पटना के राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में दस दिवसीय आयोजित संस्कृत संभाषण कार्यशाला का समापन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार ने किया और संयोजक डॉ ज्योत्सना ने किया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ मुकेश कुमार ओझा ने छात्रों को सामान्य भाषा में संस्कृत में वातार्लाप करने के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया।

मार्गदर्शन के आलोक छात्रों ने वातार्लाप से सबंधित अपना अपना प्रस्तुति दिया। इस प्रस्तुति पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को चयनित किया गया। वातार्लाप में प्रथम स्थान गिरधारी कुमार झा और चिंटू कुमार, द्वितीय स्थान पर विभा पाल एवं तृतीय स्थान पर सरिता कुमारी और देवेश कुमार रहे। उक्त अवसर पर सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किया गया। सांत्वना पुरस्कार विद्योतमा पाल, संभव चतुर्वेदी एवं मुकेश कुमार झा को दिया गया। कार्यक्रम में राघवेंद्र संस्कृत महाविद्यालय नौबतपुर की वीणा शर्मा एवम डॉ विशाल कुमार, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय,फतुहा के उपेंद्र चौधरी एवम निंबार्क कृष्ण, माधवानंद संस्कृत महाविद्यालय, धनामठ के सुजीत सौरव, ब्रजभूषण संस्कृत महाविद्यालय, गया के जितेंद्र कुमार, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना के प्रो उमेश शर्मा, डॉ शिवानंद शुक्ल, डॉ ज्योत्सना, विवेक कुमार तिवारी, अलका कुमारी आदि शिक्षक उपस्थित थे, जिन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। संस्कृत के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना का यह प्रयास सराहनीय है।

खालसा पंथ की साजना दिवस पर रखा गया अखंड पाठ

प्रात : किरण संवादाता

पटना सिटी (प्राकि)। गुरु के बाग स्थित गुरुद्वारा में मंगलवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब का श्री अखंड पाठ रखा गया। खालसा पंथ की साजना दिवस को लेकर गुरुवार को तख्त साहिब में अखंड पाठ रखा जाएगा। गुरुद्वारा गुरु के बैग में बुधवार को अखंड पाठ ग्रंथि संतोख सिंह वह मनोहर सिंह की देखरेख में रखा गया। प्रबंधक कमेटी के पदधारकों ने बताया कि गुरु के बाग में रखे गए अखंड पाठ का समापन शुक्रवार को होगा। इसके बाद विशेष दीवान सजेगा। इसकी समाप्ति के बाद गुरु का लंगर चलेगा। इसके बाद नगर कीर्तन पंज प्यारों की अगुवाई में निकाला जाएगा। शनिवार को खालसा पंथ की साजना दिवस पर तख्त साहिब में विशेष दीवान सजेगा। इसमें भाग लेने के लिए देश भर से संगत पहुंच रही है। इसके अलावा पंजाब के होशियारपुर से भाई अवतार सिंह हरभाग सिंह, पटियाला के रागी जत्था भाई कंवलप्रीत सिंह और लखविंदर सिंह शबद कीर्तन को आ रहे हैं।

मंदिरों में दर्शन-पूजन को उमड़े भक्त

प्रात : किरण संवादाता

पटना सिटी (प्राकि)। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन भगवती ब्रह्मचारिणी की पूजा आराधना की गई। देवी मंदिरों व शक्तिपीठ मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ जुटी थी। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरी, छोटी पटनदेवी में आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, गड़हा पटनदेवी, सर्वमंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील पुजारी व छोटू पुजारी, खाजेकलां नीम घाट प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा, मंगल तालाब दीरापर स्थित श्मशानी काली मंदिर में पंडित शशिकांत मिश्रा एवं अन्य भगवती मंदिरों में पूजा आराधना और श्री दुर्गा सप्तशती के श्लोक गूंज रहे हैं। विभिन्न हनुमत मंदिरों में भी श्री रामचरितमानस का पाठ के साथ ही बजरंग बाण का पाठ चल रहा है। यहां शाम में बड़ी संख्या में महिलाओं के द्वारा दीपदान भी किया जा रहा है। शाम के समय महिलाओं के द्वारा भजन की प्रस्तुति भी दी जा रही है।

जल्ला हनुमान मंदिर में रामनवमी पर भक्तों के लिए रहेगी सुविधा

धूप से बचने के लिए पंडाल, पानी, सिक्योरिटी, एंबुलेंस, अग्निशमन आदि की व्यवस्था

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री जल्ला हनुमान मंदिर में रामनवमी के अवसर पर भक्तों के दर्शन-पूजन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसे लेकर श्री महावीर मंदिर पटना जंक्शन से जुड़े पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल के निर्देश पर मंदिर से जुड़े रहे लोगों की बैठक बुधवार को अपराह्न में हुई। बैठक में सबामणि प्रसाद के बारे में निर्णय लिया गया। साथ ही कहा गया कि बुजुर्गों को मंदिर तक लाने के लिए चार ई-रिक्शा की व्यवस्था की जाएगी। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत यहां मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की बात कही गई है। साथ ही मंदिर की ओर से प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड और कार्यकर्ता मिलकर भक्तों को पंक्तिबद्ध करा कर दर्शन कराने का काम करेंगे। साथ ही मंदिर के पास चलंत शौचालय, एंबुलेंस और अग्निशमन की व्यवस्था भी होगी। वहीं धूप से बचने के लिए श्रद्धालुओं के लिए पंडाल का निर्माण चल रहा है। भक्तों को शरबत और पानी पिलाने के लिए स्थानीय स्तर पर और मंदिर प्रबंधन की ओर से भी व्यवस्था की जा रही है। इस बार रामनवमी पर विशेष नैवेद्यम प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है। पिछली बार नैवेद्यम के घट जाने के बाद महावीर मंदिर पटना जंक्शन से बाद में मंगाया गया था। दरअसल पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर के बाद पटना सिटी के बेगमपुर स्थित श्री जल्लावाले हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन के लिए रामनवमी पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। बैठक में रमेश गुप्ता, मिथिलेश जायसवाल, नागेश्वर यादव, विश्वनाथ महतो, शशि शेखर रस्तोगी, संजय गोप, कर्मवीर यादव, प्रमोद मेहता सहित बाइपास थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा आदि भी मौजूद थे। बताया गया कि 17 अप्रैल को अल सुबह तीन बजे हनुमान लला की पूजा-अर्चना, भोग और आरती के बाद पट आम लोगों के दर्शनार्थ खोल दिया जाएगा। उसी दिन सुबह आठ बजे मंजू जैन के द्वारा सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद श्री राधे श्याम परिवार के द्वारा ध्वजा लेकर लोग यहां पहुंचते हैं। उन सबों का स्वागत भी किया जाएगा। अपराह्न में श्री बालाजी परिवार के द्वारा यहां श्री बालाजी हनुमान की पूजा व आरती करने के बाद सजे सजाए रथ पर उन्हें विराजित कर शोभायात्रा के रूप में ले जाया जाता है। हालांकि आज की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि रामनवमी के पूर्व भी एक बैठक की जाएगी, जिसमें अन्य मुद्दों पर भी निर्णय लिया जाएगा।

मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर नाटक का हुआ मंचन

मुख्य अतिथि के रूप में यशपाल मिना रहे मौजूद

प्रात : किरण संवादाता

पटनाः जी ए इंटर स्कूल , हाजीपुर में लोक पंच की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति मतदाता जागरूकता का मंचन किया गया। मंचन के दरमियान मुख्य अतिथि के रूप में यशपाल मिना (जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी) एवं सुधीर शुक्ला आदि उपस्थित हुए। समाज में कुछ लोग धीरे-धीरे मतदान प्रक्रिया से दूर होते नजर आ रहे हैं , ऐसे लोगों को समझाने के लिए कि हमारा सही मतदान कितना महत्वपूर्ण है इस विषय पर सनत कुमार द्वारा लिखित एवं मनीष महिवाल द्वारा निर्देशित नाटक "मतदाता जागरूकता" एवं बाल विवाह मुक्त भारत पर आधारित, नाटक - बाल विवाह तैयार किया गया ताकि मतदाता पोलिंग बूथ तक ज्यादा से ज्यादा आ सके। हम अक्सर देखते हैं कि मतदान के दिन कुछ लोग खाने-पीने और पिकनिक मनाने में अपना दिन व्यतीत करते हैं इन लोगों को मतदान से कोई मतलब नहीं रहता। नाटक के माध्यम से इन्हें समझाने, इन्हें बताने की कोशिश की गई है कि हमारा वोट कितना महत्वपूर्ण है।

मतदान के दौरान नेताओं द्वारा कई तरह के प्रलोभन दिए जाते हैं जिसमें मतदाता उलझ जाते हैं और अपने मत का गलत इस्तेमाल करते हैं ऐसे लोगों को सही रास्ता दिखाने का काम हमारा यह नाटक करता है। मनीष महिवाल के द्वारा निर्देशन में किए गए नाटक के पत्र मनीष महिवाल, रजनीश पांडेय, प्रिया कुमारी, देवेंद्र चौबे, सोनल कुमारी, रामप्रवेश, रोहित कुमार, कृष्णा देव, अभिषेक राज, अरबिंद कुमार आदि।

चुनावकर्मियों को हर संभव चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा स्वास्थ्य विभाग

फस्ट एड किट, आवश्यक दवा के साथ छह मास्क किट हर मतदान केंद्र को मिलेगा

पटना। राज्य में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान हिंसात्मक घटना, दुर्घटना में घायल होने अथवा अचानक बीमार होने की स्थिति में चुनाव में शामिल कर्मियों को निःशुल्क चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति ने निदेर्शों की एक वृहद् सूची जारी की है, जिसमें बिना किसी चूक के सभी जिलों के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों तथा चिकित्सा महाविद्यालयों को निर्बाध एवं लगातार चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। यह चिकित्सकीय सुविधा सभी जिलान्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में मतदान एवं मतगणना की निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व से एक दिन बाद तक लगातार तीन दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध करायी जाएगी। सभी मतदान केन्द्रों पर कोविड अनुरूप प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा।

चौबीसो घंटे क्रियाशील रहेंगे सभी स्वास्थ्य संस्थानः राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत द्वारा सभी जिलाधिकारी, सिविल सर्जन और अस्पतालों के प्रमुखों को निर्देश दोया गया है कि चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, जिला स्तर के सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं एपीएचसी पर दक्ष चिकित्सा दल तैनात किया जाए। चुनाव अवधि के दौरान चिकित्सक, पारा चिकित्साकर्मी एवं चिकित्सकीय कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी व कर्मियों को अवकाश देय नहीं होगा। चुनाव के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एम्बुलेंस सेवा को विशेष परिस्थिति में रेफर करने हेतु अलर्ट अवस्था में रखने का भी निर्देश दिया गया है। सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवा, सर्पदंश की दवा एवं उपकरणों के साथ दक्ष चिकित्साकर्मियों को तैयार हालत में रहने को कहा गया है। इसके अलावा सामान्य चिकित्सकों के अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सक भी आन कॉल 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।

प्रचंड गर्मी को लेकर रहेगी विशेष तैयारीः चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर फस्ट एड किट दिया जाएगा। इस किट में एंटी-डायरियल मेडिसिन, ओआरएस पैकेट, पेट दर्द की दवा, बैंडेज एवं विभिन्न तरह की अन्य आवश्यक दवाओं के साथ छह मास्क भी रहेगी। वहीं गर्मी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए सन स्ट्रोक और डायरिया के इलाज के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में समुचित सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सीमा शुल्क ने विदेशी मूल के भारत में प्रतिबंधित ई-सिगरेट को किया जब्त

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत राँची सर्किल के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर यात्री बस की तलाशी के दौरान राँची-जमशेदपुर रोड पर रामपुर (राँची) के पास अवैध रूप से छिपाकर लाए जा रहे विदेशी मूल के ई-सिगरेट को बुधवार (09.04.2024) को सुबह 09:35 बजे सीमा शुल्क के अधिकारियों ने जब्त किया।

उपरोक्त जब्त किये गये ई-सिगरेट मुख्यतः मलेशिया एवं चीनी मूल के हैं जिन्हें छिपाकर अवैध रूप से तस्करी करके ले जाया जा रहा था। जब्त किये गए ई-सिगरेटों की कुल संख्या 80 पीस है जिनका अनुमानित मूल्य 3 लाख 70 हजार के करीब है। हाल के दिनों में आम लोगों विशेषकर युवा वर्ग में ई-सिगरेट का प्रचलन काफी बढ़ा है और इसके उपयोग से स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्परिणाम को देखते हुए भारत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध (उत्पादन, निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन) अधिनियम, 2019 के अंतर्गत ई-सिगरेट का उत्पादन, आयात-निर्यात, संचालन, बिक्री, वितरण तथा ऐसे किसी भी विज्ञापन जो किसी भी तरह से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसके उपयोग को बढ़ावा देते हो, उस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। कुछ समय पहले ही निर्वाचन आयोग के द्वारा पटना में आयोजित मीटिंग में यह दिशानिर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित पदार्थो के तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई को तीव्र गति प्रदान की जाए। पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क आयुक्तालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर पटना प्रमंडल के सहायक आयुक्त राघवेंद्र शाह के नेतृत्व में की गई जिसमें जितेन्द्र मंडल, निरीक्षक ने मुख्य भूमिका निभाई। आयुक्त के अनुसार तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्यवय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।

ट्रैक्टर चालक ने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को मारी टक्कर

गंभीर स्थिति में इलाज को पुलिस एनएमसीएच के इमरजेंसी में ले गई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ में ट्रैक्टर ने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना रात करीब 7.30 के आसपास की है। इस घटना में बाइक आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उस पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद आसपास लोगों की खासी भीड़ जुट गई। सूचना मिलने के साथ ही बाइपास थाना की पुलिस पहुंची और उसे एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में भेजा। मगर आधा घंटा के बाद तक भी उसे कोई डॉक्टर देखने को नहीं पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार एनएच30 महादेव स्थान की ओर से प्याज लदा ट्रैक्टर आ रहा था। वहीं चौकशिकारपुर आरओबी की ओर से बाइक सवार एनएच 30 की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर ने सामने से बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया। बाइक सवार के चेहरा, सिर और आंख में खासा चोट आई है।

बाइक के पिछली सीट पर मच्छरहट्टा के मनिहारी मंडी से खरीदे गए सामान लदा था। इसमें एक प्लास्टिक के बोरा में कुछ सामान था, जबकि एक कार्टून भी था। इसमें प्लास्टिक की गेंद, आलता आदि था। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने किसी तरीके से भीड़ को हटाया। मोटरसाइकिल को किनारे किया गया। ट्रैक्टर और बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं घायल को एंबुलेंस की मदद से एनएमसीएच के इमरजेंसी में भेजा है। बताया जाता है कि इमरजेंसी में भी एक पीजी डॉक्टर घायल होकर आया है। उसके इलाज में अन्य जूनियर डॉक्टर लगे हुए हैं। वहीं घायल बाइक सवार को आधा घंटा बीत जाने के बाद भी कोई चिकित्सक देखने को नहीं पहुंचा। ट्रैक्टर के इंजन की ओर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01जीसी 8480 और डाला पर बीआर 01जीडी 9444 लिखा था। वही मोटरसाइकिल पर पंजीयन संख्या बीआर 01बीएल 4617 लिखा था।

चांद दिखा, ईद की नमाज आज

रोजा इफ्तार के बाद शाम से मध्य रात्रि तक खरीदारों की बाजार में भीड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ईद कल गुरुवार को मनाया जाएगा। खानकाहे मुनेमिया मितन घाट के सज्जादानशी सैयद शाह शमीम अहमद ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही रोजा इफ्तार के बाद कल ईद मनाए जाने की खुशी में उत्साही लोगों ने आतिशबाजी भी किया। इसके साथ ही पटना सिटी के महेंद्रू, सुल्तानगंज, पत्थर की मस्जिद, त्रिपोलिया, आलमगंज, मीना बाजार, पश्चिम दरवाजा, सदर गली, हरिमंदिर गली, मोर्चा रोड, बोरी दास की भट्ठी आदि में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मान्यता है कि चांद दिख जाने के बाद लोग कुछ न कुछ खरीदारी जरूर करते हैं। कारण कि ईद की तैयारी भले पहले से कर ली गई हो, मगर चांद देखे जाने या दूसरे दिन ईद मनाए जाने के पूर्व लोग अपने लिए कुछ न कुछ, मसलन टोपी, इत्र, रुमाल, लूंगी, कपड़ा, श्रृंगार का सामान, चूड़ी, जूता-चप्पल आदि की खरीदारी करते हैं। गुरुवार की सुबह सात बजे से लेकर 11.30 बजे के बीच विभिन्न सार्वजनिक स्थान, ईदगाह, मस्जिदों, खानकाहों आदि में सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाएगी। लोग सुबह उठ कर स्नान करने के बाद नए कपड़े पहन, टोपी लगा, इत्र की खुशबू बिखेरते हुए नमाज स्थल पर जाएंगे। नमाज अदा करने के बाद लोग एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई देंगे। इसके बाद लोग एक-दूसरे के घर जाकर भी मिष्ठान का आनंद लेते हुए एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद गले मिल और हाथ मिलाकर भी देंगे।

भाजपा के अन्याय काल से मुक्ति का दस्तावेज है कांग्रेस का न्यायपत्र : मोहन प्रकाश

युवा, महिला एवं किसान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है घोषणापत्र : अखिलेश

- कहा- न्यायपत्र में देश के गरीब, मजदूरों व वंचितों की आवाज समाहित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पिछले 10 सालों में समाज के हर तबकों के साथ जो अन्याय होता रहा है उससे देश को मुक्ति दिलाना कांग्रेस की जिम्मेवारी है। इसीलिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पांच न्याय की बात की। युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय एवं हर न्याय के तहत दी जाने वाली पांच-पांच गारंटी कांग्रेस के मेनिफेस्टो की आत्मा है। इसतरह कांग्रेस का न्याय पत्र भाजपा के अन्याय काल से मुक्ति का दस्तावेज है। ये बातें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने इस प्रेसवार्ता को बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ संयुक्त रूप से संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश पहली बार बिहार प्रदेश कार्यालय में पधारे हैं। संगठन में काम करने का इनका लंबा हो रहा है चंद्रशेखर जी और शरद जी के साथ इन्होंने काम करने का काम किया है। श्री सिंह ने कहा कि हर जगह महागठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ रहा है।

मोहन प्रकाश ने कांग्रेस के न्याय पत्र की मूल भावना से मीडिया को अवगत कराते हुए कहा कि कांग्रेस की गारंटी लिखित रूप से दी हुई गारंटी है जबकि मोदी की गारंटी हवा हवाई है। उन्होंने पूछा कि अगर भाजपा मोदी के अलावा किसी और को प्रधान मंत्री के रूप में चुनती है तो मोदी की गारंटी का क्या होगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कांग्रेस के न्याय पत्र को देश के सर्वांगीण विकास के लिए राहुल गाँधी के विजन का दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो युवा, महिला एवं किसान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। बिहार प्रभारी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को छलावा करार दिया एवं धंधा देकर चंदा वसूलने का जरिया बताया। इसके अलावा उन्होंने अग्निपथ योजना को देश के नौजवान के साथ क्रूर मजाक बताया। उन्होंने आरएसएस और मुस्लिम लीग को एक बताया। कांग्रेस ने अपनी मेनिफेस्टो में स्नातक बेरोजगारों, गरीब परिवार की महिलाओं को एक-एक लाख सालाना आर्थिक सहायता देने की बात कही गई है एवं केंद्र सरकार की 30 लाख नियुक्तियों को भरने की गारंटी दी गई है। किसानों के लिए एमएसपी कानून पास करने के अलावा श्रमिकों के अधिकार की रक्षा के लिये कानून बनाने की बात कही गई है। प्रभारी बनने के बाद मोहन प्रकाश का यह पहला बिहार दौरा था। अतः प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। संवाददाता सम्मेलन में डॉ मदन मोहन झा, कौकब कादरी, कृपानाथ पाठक, प्रेम चन्द्र मिश्र, डॉ समीर कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, बिजेंद्र चौधरी, विश्वनाथ राम, लाल बाबू लाल, ब्रजेश पाण्डेय, कपिलदेव प्रसाद यादव, सरवत जहाँ फातिमा, अम्बुज किशोर झा, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़ मुख्य रूप से शामिल रहे।

मछली-रोटी का लंच करते तेजस्वी का वीडियो वायरल, मचा सियासी घमासान

तेजस्वी बोलें-आईक्यू टेस्ट ले रहा था, जिसमें भाजपा के नेता खुद फंस गए

- कहा- यह वीडियों नवरात्र से एक दिन पहले का है

पटना। तेजस्वी यादव ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह हेलिकॉप्टर में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ लंच में मछली और रोटी खाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि उन्होंने वीडियो में डेट भी मेंशन किया है और कहा है कि यह वीडियो आठ अप्रैल का है। बाबजूद इसके विपक्ष के नेता नवरात्र में नॉनवेज खाने का मुद्दा बनाकर तेजस्वी पर सवाल उठाने लगे। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा-इन्हें सनातन से कोई मतलब नहीं है,नवरात्र के मौके पर मछली खाते हुए वीडियो ट्वीट कर क्या दिखाना चाहते हैं? वे सावन में मटन खाते है और नवरात्र में मछली, वे चुनावी सनातनी हैं। इन सवालों का जवाब तेजस्वी ने खुद दिया है और कहा है कि मैं आईक्यू टेस्ट ले रहा था। जिसमें भाजपा के नेता खुद फंस गए। तेजस्वी ने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से हम मुकेश सहनी जी के साथ चुनावी जनसभाओं में जा रहे हैं। हमने ट्वीट भी किया है और हमें यह मालूम था कि भाजपा के लोग जरूर उसपर सवाल उठाएंगे। हमने उनका आइक्यू टेस्ट किया था। वो मेरे इस जाल में फंस गए। उनलोगों में समझ की कमी है। मुझे भी मालूम है कि अभी क्या चल रहा है और क्या नहीं? तेजस्वी ने कहा कि वीडियो के साथ मैंने जो ट्वीट किया है, उसमें साफ तौर पर डेट मेंशन किया गया है। आठ अप्रैल का वह वीडियो है, उसमें साफ-साफ लिखा गया है। ऐसे में हमने जो आइक्यू टेस्ट लिया इन भाजपाइयों का उसमें हमें सफलता मिली है। यह भाजपा के लोग पढ़ते-लिखते तो हैं नहीं। इनको किसी तरह की कोई जानकारी भी नहीं होती। ये लोग मुद्दे की बात करते ही नहीं है। लिहाजा हम तो बस इनका आइक्यू टेस्ट ले रहे थे। इस वजह से मैंने वह वीडियो जानबूझकर पोस्ट किया था। तेजस्वी ने कहा कि जितनी प्रमुखता से मेरे वीडियो पर वे बोल रहे हैं, उतनी प्रमुखता से कभी बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर बोलते हैं क्या? ऐसे में जो नेता बयानबाजी कर रहे हैं, बिना पढ़े-लिखे ट्वीट को देखते ही वह कुछ भी बोल सकते हैं। अरे, मुझे भी मालूम है क्या चल रहा है क्या नहीं चल रहा है। यह तो हमारा टेस्ट था, जिसके जरिए यह पता चल सके कि भाजपाई लोग कैसे लोगों को भ्रमित करते हैं। अब आप खुद सही कीजिए कि मैं अपने टेस्ट में सफल हुआ या नहीं। यह लोग मुद्दे की बात नहीं करते हैं बल्कि समाज में जहर बोने का काम करते हैं। हम लोगों पर जब टेस्ट कर रहे हैं कि हम लोग सनातनी हैं या नहीं है तो आप समझ सकते हैं कि और लोगों का यह लोग क्या करते होंगे।

तुष्टिकरण की राजनीति अब देश में नहीं चलेगी :विजय

कहा- सनातन का अपमान कतई उचित नहीं

उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को एक वीडियो संदेश में बिना नाम लिए विपक्ष पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। श्री सिंह ने वीडियों की आलोचना करते हुए मौसमी सनातनी कहा। कहा कि कुछ लोग सनातन की संतान बनते हैं, लेकिन सनातन के संस्कार को अपना नहीं पाते। श्री सिंह ने आगे कहा कि खान पान पर मुझे आपत्ति नहीं है। लेकिन सावन में मटन बनाकर खाना और खिलाना फिर नवरात्रा के अवसर मछली खाते हुए ट्वीट कर क्या दिखलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीत और वोट के लिए इतनी गिरावट? कहा कि अपने धर्म, अपने समाज, अपने राष्ट्र व अपने संस्कार पर लोगों को गर्व महसूस होना चाहिए। उसको हल्का करना व उसको लज्जित करना यह कतई उचित नहीं हैं। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ यह नहीं है कि अपने धर्म का अपमान करें। अपने लोगों को हतोत्साहित करें। यह मानसिकता किसी को लाभ नहीं देता। श्री सिंह ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति अब देश में नहीं चलेगा। श्री सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा है कि अब संतुष्टीकरण की राजनीति होगी। सबका सम्मान, सबका साथ व सबका विकास होगा।

यह वीडियो देखने के बाद कुछ लोगों को लगेगी मिर्ची: सहनी

दरअसल, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह हेलिकॉप्टर में वीआईपी मुख मुकेश सहनी के साथ लंच में चेचरा मछली और रोटी खाते दिखाई दे रहे हैं। खाने की थाली में मिर्च और प्याज भी रखा हुआ है। सहनी थाली में रखी मिर्च उठाकर कह रहे हैं कि हम दोनों को साथ देखकर कई लोगों को ऐसी ही मिर्च लग रही होगी। वहीं, तेजस्वी बता रहे हैं कि हमें दिनभर के प्रचार में बस 10-15 मिनट इसी तरह लंच के लिए मिलता है। तेजस्वी ने मछली खाते हुए यह वीडियो नवरात्र के पहले दिन पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि चुनावी भाग-दौड़ एवं व्यस्तता के बीच हेलिकॉप्टर में भोजन! दिनांक- 08 अप्रैल 2024 को। तेजस्वी यादव वीडियो में कह रहे हैं कि हमलोगों ने आज दिनभर प्रचार किया है। हमारे साथ मुकेश सहनी भी हैं। यही 10 से 15 मिनट हमें लंच करने का समय मिला है। तेजस्वी यादव आगे कहते हैं कि मछली कौन सी है, इसकी क्या खासियत क्या है। इसके बारे में मुकेश सहनी बताएंगे। मुकेश सहनी कहते हैं कि यह मछली मिथिलांचल और कोसी में पाई जाती है। इसका नाम चेचरा है। उन्होंने आगे कहा कि यह वीडियो देखने के बाद कुछ लोगों को मिर्ची लगेगी। हम लोग काफी मेहनत कर रहे हैं और निश्चित रूप से आने वाले समय में हम लोग 40 की 40 सीटें जीतेंगे।

राजद शासन काल में कितने कारखाने खुलें, बताएं तेजस्वी : राजीव

पटना। अपने एक्स हैंडल के जरिये तेजस्वी यादव को घेरते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने अपने पोस्ट में लिखा कि बेरोजगारी पर घड़ियाली आंसू बहा रहे तेजस्वी को जानना चाहिए कि एनडीए सरकार ने जितने रोजगार सृजन के लिए जितने काम किये हैं, राजद-कांग्रेस की सरकार में उसका चौथाई काम भी नहीं हुआ था। देश में रोजगार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने केवल मुद्रा योजना के तहत ही 46.९२ करोड़ से अधिक लोगों को ऋण दिया है। इस सरकार के दौरान लगभग हर महीने औसतन 10 से 15 लाख लोग इपीएफओ पर रजिस्टर्ड हुए हैं। 1.77 करोड़ से अधिक किसान ई-नाम के जरिये अपने उत्पाद बेच रहे हैं। वहीं स्टार्ट अप इंडिया के तहत 1.23 लाख से अधिक स्टार्ट अप स्वीकृत हुए हैं जिनसे लाखों लोगों को नौकरी मिल रही है। उन्होंने लिखा कि बिहार की बात करें तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निश्चयों के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का काम तेजी से चल रहा है। इनमें से 3 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां पहले ही दी जा चुकी हैं और बाकी के लिए अगले साल तक का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, एनडीए सरकार द्वारा भी बीते कुछ वर्षों में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी है। इसी तरह बिहार सरकार की लघु उद्यमी योजना के तहत राज्य के 94 लाख से अधिक परिवारों को स्वरोजगार के लिए 2-2 लाख रु की राशि प्रदान की जा रही है। वहीं, जीविका के तहत बने 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के जरिये 1 करोड़ से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। जदयू प्रवक्ता ने लिखा कि वास्तव में अपने कुशासन से बिहार की एक पूरी पीढ़ी के भविष्य का भट्ठा बना देने वाले राजद के युवराज के साथ सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि उन्हें पढाई से एलर्जी है। उन्हें न तो तथ्यों का पता रहता है और न ही सच्चाई का, लेकिन जो उनके सलाहकार उन्हें लिख कर दे देते हैं उसे वह बिना सोचे समझे बोल देते हैं। तेजस्वी से सवाल पूछते हुए उन्होंने लिखा कि युवाओं के लिए घड़ियाली आंसू बहाने की बजाए उन्हें बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के राज में कितने लोगों को सरकारी नौकरी दी गयी? उनके राज में कितने कारखाने खुले और कितने बंद हुए थे? उन्हें बताना चाहिए कि उनके समय बिहार के युवाओं को सामूहिक पलायन के लिए किसने मजबूर किया था? किसानों की खड़ी फसलें क्यों जला दी जाती थी? स्कूलों में पढाई क्यों नहीं होती थी? हमें पूरा यकीन है कि तेजस्वी इनका जवाब नहीं देंगे।

राजद के टिकट बंटवारे में अति पिछड़ा समुदाय की अनदेखी : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा और प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी की मीडिया पैनलिस्ट पल्लवी पटेल और अजित पटेल भी उपस्थित रहे। मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी प्रदेश प्रवक्ताओं ने आरजेडी नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर को लेकर बड़ी- बड़ी बातें करने वाले लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव में अति पिछड़ा समुदाय को कम सीटें देकर उनका अपमान किया है। खुद को अति पिछड़ा समुदाय का झूठा हितैषी बताने वाले लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के दिल में इस समुदाय के लिए कितना सम्मान है इसकी सारी सच्चाई लोगों के सामने आ गयी है। इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने आरजेडी से कुछ गंभीर सवाल पूछेः. इंडी अलायंस में आरजेडी को मिली 23 सीटों में से पार्टी ने अति पिछड़ा समुदाय को महज दो सीटें देकर उनके साथ ये कैसा सामाजिक न्याय किया है?

आरजेडी ने अपने घोषित 23 उम्मीदवारों में से करीब 11 फीसदी अति पिछड़ा समुदाय के लोगों को ही टिकट दिया है क्या ऐसा कर उन्होंने भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर का अपमान नहीं किया है? आरजेडी ने टिकट बंटवारे में अति पिछड़ा समुदाय की भागीदारी की अनदेखी कर क्या उनका राजनीतिक संहार करने का काम नहीं किया है? क्या ये सही नहीं है कि जब वोट लेने की जब बात हो तो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव को अति पिछड़ों के प्रति प्रेम छलकने लगता है और जब उन्हें राजनीति में भागीदारी देने की बात आती है तो आरजेडी नेता इस समुदाय को हाशिए पर धकेलने का काम करते हैं? हम पूछना चाहते है कि क्या आरजेडी का अति पिछड़ों के प्रति प्रेम महज दिखावा नहीं है? पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आज हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की कोशिशों के चलते राज्य में जाति आधारित गणना करायी जा सकी और हमारी पार्टी ने अति पिछड़ा समुदायों के लोगों को उनका वाजिब हक दिया। पार्टी प्रवक्ताओं ने इस मसले पर आरजेडी को जवाब देने की चुनौती भी दी और कहा कि उन्हें हमारे सवालों का तर्कों के साथ उत्तर देना चाहिए।

लालू प्रसाद सहित राजद परिवार ने दी ईद की बधाई

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी , नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉ मीसा भारती , राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने देशवासियो राज्यवासियों और मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई और मुबारकबाद दी है। नेताओं ने कहा कि ईद उल फितर एक दूसरे से गले मिलकर मोहब्बत का पैगाम और गंगा जमुना संस्कृति को मजबूती प्रदान करने तथा एक दूसरे के प्रति परस्पर प्रेम और संबंधों को प्रगाढ़ करने का मजबूत स्तंभ है। साथ ही रमजान के 30 रोजे जिस तकवा और परहेजगारी के साथ रखने के बाद मुसलमान भाई अपनी खुशियों का इजहार ईद के तौर पर करते हैं और एक दूसरे से गले मिलकर मोहब्बत का पैगाम देते हैं, यह परस्पर स्नेह और संबंधों को मजबूती प्रदान करता है।

राजधानी में अपराध में वृद्धि चिंताजनक, कानून-व्यवस्था पुरी तरह से फेल : माले

- कहा- बांसघाट में मारे गए युवक उदय यादव के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी हो

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि राजधानी पटना में अपराध की लगातार बढ़ रही घटनाएं चिंताजक हैं। बांस घाट के पास 38 वर्षीय युवक उदय यादव की अपराधियों ने दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। इसके पहले भी दुजरा इलाके में इस प्रकार की कई घटनाएं घटी हैं। ऐसा लगता है कि अपराधियों को कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं रह गया है। शहर की चारों विधानसभा सीटों पर लंबे समय से भाजपा का कब्जा है। बांकीपुर विधायक बताएं कि उनकी सरकार और उनके विधायक काल में अपराध की घटनाओं और अपराधी गिरोहों में वृद्धि क्यों हो रही है? उदय यादव फिलहाल छठ घाट का ठेका लिए हुए थे। प्राप्त सूचना के अनुसार आज सुबह जब वे अपना काम निपटाकर बांसघाट मोड़ पर एक दुकान पर चाय पी रहे थे, मुंह पर गमछा लपेटे मोटरसाइकल सवार अपराधियों ने उनकी कनपटी से पिस्तौल लगाकर उनकी हत्या कर दी। कुछ दिन पहले सब्जी दुकानदारों और आम नागरिकों पर भी गोली चलाई गई थी। भाजपा-जदयू शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल है। अपराधियों का मनोबल चरम पर है। लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से बिहार की जनता भाजपा-जदयू को सबक सिखाएगी। हम मांग करते हैं कि उदय यादव के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ कवि-सम्मेलन

विश्व की 36 भाषाओं के ज्ञाता थे महापंडित राहुल सांकृत्यान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विश्व की 36 भाषाओं के ज्ञाता और प्रयोगता थे,महापंडित राहुल सांकृत्यान। हिन्दी का संसार उन्हें यात्रा-साहित्य के पितामह के रूप में मान्यता देता है। बौद्ध-साहित्य से संबद्ध अनेकों दुर्लभ ग्रंथों की पांडुलिपियाँ, तिब्बत से खच्चरों पर लाद कर वे लेकर आए और भारत को दी। वो अमूल्य धरोहर आज भी पटना के संग्रहालय में उपलब्ध है। यह बातें बुधवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, उनकी विद्वता और मेधा अद्भुत थी, जिनसे प्रभावित होकर काशी के पंडितों ने उन्हें महापंडित की उपाधि दी। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भी अध्यक्ष रहे, जिसपर सम्मेलन को सदा गौरव रहेगा। उनका बहु-चर्चित उपन्यास बोल्गा से गंगा उनकी ऐसी अमर-कृति है, जिसमें उन्होंने कथा-रूम में, किस प्रकार मानव-सभ्यता विकसित हुई , उसके क्रमिक विकास को, संसार के सामने अत्यंत सरलता से रखा है। यह एक मात्र पुस्तक पढ़कर एक सामान्य व्यक्ति भी, आदिम-काल से आधुनिक-संसार तक, मानव सभ्यता कैसे आगे बढ़ी, जान सकता है। वे निरंतर चलते और लिखते रहे। जब उनके पैर थमते, तब लेखनी चलने लगती। वे अद्वितीय यायावर थे। डा सुलभ ने कहा कि राहुल जी एक सदा-अतृप्त जिज्ञासु थे। जगत और जगदीश को जानने की उनकी अकुलाहट बहुत भारी थी। वे संसार के सभी निगूढ़ रहस्यों को शीघ्र जान लेना चाहते थे। यही अकुंठ जिज्ञासा उन्हें जीवन-पर्यन्त वेचैन और विचलित किए रही, जिससे वे कभी, कहीं भी स्थिर नहीं रह सके। दौड़ते-भागते रहे। लेकिन इसी भागमभाग ने उन्हें संसार का सबसे बड़ा यायावर साहित्यकार, चिंतक और महापंडित बना दिया। जब पर्यटन और देशाटन का कोई भी सुलभ साधन नहीं था, उस काल में भी उन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष की ही नहीं, तिब्बत, चीन, श्रीलंका और रूस तक की लम्बी यात्राएँ की। जहाँ गए वहाँ की भाषा सीखी, इतिहास और साहित्य का गहन अध्ययन किया और संसार के सभी धर्मों का सार-तत्त्व लेकर अपने विपुल साहित्य के माध्यम से संसार को लाभान्वित किया। स्मृति-शेष कवयित्री गिरिजा वर्णवाल को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि लेखन-प्रतिभा और काव्य-लालित्य से संपन्न विदुषी थी गिरिजा जी। उन्होंने अपनी समस्त साहित्यिक-प्रतिभा को अपने पति और हिन्दी-सेवी नृपेंद्रनाथ गुप्त को अर्पित कर दिया था। भारतीय नारी की जीवंत मूर्ति थीं श्रीमती वर्णवाल।

विदुषी कवयित्री थीं गिरिजा वर्णवाल

अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने कहा कि, राहुल जी निरंतर कँटीले रास्तों पर चलते रहे। वे गहरे अध्येता थे। संसार में प्रचलित सभी प्रमुख धर्मों के साहित्य का गहरा अध्ययन किया था। उनका मत था कि, संसार को मानव-धर्म का पालन करना चाहिए। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, विदुषी गिरिजा वर्णवाल के कनिष्ठ पुत्र विवेक कुमार गुप्त, डा पुष्पा जमुआर, ई अवध किशोर सिंह, कुमार अनुपम तथा डा पूनम देवा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवयित्री डा पूनम आनन्द, विभा रानी श्रीवास्तव, डा सीमा यादव, सुनीता रंजन, डा शालिनी पाण्डेय, मधुरानी लाल, डा अर्चना त्रिपाठी, मीरा श्रीवास्तव, चितरंजन भारती, डा मीना कुमारी परिहार, डा ऋचा वर्मा, अनुपमा सिंह, अरविंद अकेला, नीता सहाय, सुजाता मिश्र, डा विद्या चौधरी, सरिता कुमारी, श्वेता बौबी, रौली कुमारी, उत्तरा सिंह, अरविन्द अकेला, जय प्रकाश पुजारी, ज्योति मिश्र, सत्य प्रकाश, आदि कवियों और कवयित्रियों ने काव्यरसांजलि अर्पित की । मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंधमंत्री कृष्णरंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा, सम्मेलन के अर्थमंत्री प्रो सुशील कुमार झा, प्रोफेसर राम ईश्वर पण्डित, डा प्रेम प्रकाश, भास्कर त्रिपाठी, विजय कुमार, विनय चंद्र, आयुष्मान, कुमारी क्रांति, जयश्री, दिगम्बर कुमार,राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में, प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

बिहार की जनता ने 15 निर्दलीय प्रत्याशियों को गले लगाया और उन्हें संसद तक पहुंचाया

लोकसभा चुनाव:अब तक 15 उम्मीदवार निर्दलीय चुनाव जीत कर सदन पहुंचे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में अब तक हुए लोकसभा चुनाव में आम जनता ने विभिन्न राजनीतिक दल के राजनेताओं के साथ ही 15 निर्दलीय प्रत्याशियों को भी गले लगाया और उन्हें संसद तक पहुंचाया है। भारतीय चुनावी तंत्र में निर्दलीय उम्मीदवारों की भूमिका हमेशा से एक महत्वपूर्ण और चर्चित विषय रहा है। वर्ष 1952 में बिहार में हुए लोकसभा चुनाव में 49 निर्दलीय प्रत्याशी ने सांसद बनने का सपना संजोए चुनाव लड़ा लेकिन इनमें से एक ही संसद तक पहुंचने में सफल रहे। शाहाबाद उत्तर पश्चिम सीट से डुमरांव महाराज कमल सिंह निर्दलीय चुने गए। वर्ष 1957 में 60 निर्दलीय प्रत्याशी ने अपनी किस्मत आजमाई लेकिन इस बार भी केवल एक निर्दलीय सांसद बनने में सफल रहे। बक्सर सीट से डुमरांव महाराज कमल सिंह फिर निर्वाचित हुए। वर्ष 1962 के चुनाव में 34 निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में सांसद बनने के इरादे से उतरे लेकिन आम जनता ने किसी को सांसद बनने का अवसर नहीं दिया। वर्ष 1967 के आम चुनाव में 99 निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी समर में उतरे लेकिन चार को ही सफलता मिली। नवादा से सूर्य प्रकाश नारायण पुरी, चतरा से विजया राजे, हजारीबाग से रामगढ़ के राजा बसंत नारायण सिंह और सिंहभूम से के विरूआ के सर जीत का सेहरा सजा। चतरा लोकसभा सीट वर्ष 1957 में अस्तित्व में आई। यहां की पहली सांसद छोटानागपुर संताल परगना जनता पार्टी (सीएसपीजेपी) की प्रत्याशी रामगढ़ राजघराने की महारानी विजया राजे थी। चतरा लोकसभा सीट से रामगढ़ के राजा बसंत नारायण सिंह की पत्नी विजया राजे लगातार तीन बार सांसद बनीं। विजया राजे पहली बार 1957 में सीएसपीजेपी से सांसद चुनी गई थीं। वर्ष 1962 में विजया राजे ने स्वतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ा और जीती। इसके बाद विजया राजे वर्ष 1967 में निर्दलीय चुनाव लड़ी और विजयी रहीं। चतरा लोकसभा सीट से विजया राजे लगातार तीन बार सांसद बनीं। विजया राजे वर्ष 1957 से 1967 तक तीन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी को हरा कर सांसद बनी थी। 1971 में कांग्रेस के डॉ शंकर दयाल सिंह ने जनता पार्टी उम्मीदवार विजया राजी को हरा कर सांसद बने थे। वर्ष 1968 पर मधेपुरा सीट पर हुए आम चुनाव में दिग्गज समाजवादी नेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी जीत हासिल की थी। वर्ष 1971 में 183 निर्दलीय प्रत्याशी ने चुनावी रणभूमि में अपना भाग्य आजमायां लेकिन जनता ने केवल एक प्रत्याशी को संसद तक पहुंचाया। खूंटी से निराल एनम होरो ने जीत दर्ज की। वर्ष 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में 188 निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी समर में अपना भाग्य आजमाने के इरादे से उतरे। दिग्गज वामपंथी नेता और मार्क्सवादी समन्वय समिति (एमसीसी के संस्थापक एके राय ने वर्ष 1977 मे बतौर निर्दलीय धनबाद से चुनाव जीता था। वर्ष 1980 में हुये लोकसभा चुनाव में 391 निर्दलीय प्रत्याशी सासंद बनने के इरादे से चुनावी संग्राम में उतरे लेकिन दो को ही विजय मिली। शिबू सोरेन दुमका और एके राय एक बार फिर धनबाद से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर विजयी बनें। वर्ष 1984 के चुनाव में 492 निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना भाग्य आजमाया लेकिन जीत का सेहरा केवल एक उम्मीदवार के सिर सजा। गोपालगंज से काली प्रसाद पांडेय ने जीत हासिल की। वर्ष 1989 में 429 निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी मैदार में उतरे लेकिन किसी का साथ आम जनता ने नहीं दिया। वर्ष 1991 में 875 निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनावी रणभूमि में अपनी किस्मत आजमायी इसमें केवल एक उम्मीदवार पूर्णिया संसदीय सीट से राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को सांसद बनने का सौभाग्य मिला। वर्ष 1996 में 1103 में से एक निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली। बेगूसराय सीट से रामेन्द्र कुमार सांसद बने। वर्ष 1998 में 179 निर्दलीय प्रत्याशी में से किसी को जीत नहीं मिली। वर्ष 1999 में 187 निर्दलीय प्रत्याशी में से एक ही जीत दर्ज करने में सफल रहे। पूर्णिया संसदीय सीट से एक बार फिर राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव बतौर निर्दलीय प्रत्याशी लोकसभा पहुंचने में सफल हुए। वर्ष 2000 के रण में 200 निर्दलीय प्रत्याशी जीत के इरादे से उतरे लेकिन किसी को जीत मय्यसर नहीं हुई। वर्ष 2009 के आम चुनाव में केवल दो निर्दलीय प्रत्याशी सांसद बनने में सफल रहे। बांका से दिग्विजय सिंह और सीवान से ओम प्रकाश यादव ने बतौर निर्दलीय जीत हासिल की। बांका सीट दिग्विजय सिंह की पत्नी पुतुल कुमारी वर्ष 2010 में निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। निर्दलीय उम्मीदवारों के भारतीय लोकतंत्र में चुनाव जीतने का सिलसिला वर्ष 2010 में हुए उपचुनाव के बाद थम गया। इसके बाद बिहार में हुए लोकतंत्र के महापर्व लोकभा चुनाव में वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में कोई भी निर्दलीय जीतकर संसद नहीं पहुंचा है। वर्ष 1952 से वर्ष 2019 तक बिहार में अब तक हुए लोकसभा चुनाव में केवल 15 निर्दलीय प्रत्याशी के सिर जीत का सेहरा सजा है। जीतने वाले निर्दलीय कभी बगावत तो कभी अपनी निजी साख के सहारे सांसद बने।

शिक्षा विभाग में अराजकता का माहौल : भाकपा

- सरकार के आदेश को नहीं मान रहे विभाग के अपर मुख्य सचिव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने मुख्यमंत्री से शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि के के पाठक ने शिक्षा के क्षेत्र में अराजकता का माहौल बना दिया है। राज्यपाल के द्वारा आयोजित बैठक में के के पाठक नहीं जा रहा है। बार बार शिक्षा विभाग अपने ही पत्र को फर्जी करार दे रहा है। मुख्यमंत्री के द्वारा बिहार विधान सभा में की गई घोषणा को भी लागू नहीं किया जा रहा है। इससे बिहार में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। क्योंकि सदन में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा सरकार का आदेश होता है, लेकिन के के पाठक मुख्यमंत्री की घोषणा को नहीं मान रहे है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि विद्यालय में दस से चार बजे तक ही पढ़ाई

संक्षिप्त खबरें

रहिका पुलिस ने गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

मधुबनी। जिला मुख्यालय से सटे रहिका थानाध्यक्ष के नेतृत्व में रात्री गस्ती के दौरान पखरौनी चेक पोस्ट के पास बस में सवार एक व्यक्ति के पास से बैग से भरा गांजा बरामद किया गया। बैग की तलाशी लेने पर बैग से 7.688किलो गांजा बरामद किया गया साथ ही तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर के पूछने पर उन्होंने अपना नाम दरभंगा जिला के सदर थाना क्षेत्र ग्राम खरुआ शोभित चौपाल के पुत्र राजू चौपाल का बताया गया।रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरफ्तारी रात्रि गस्ती के दौरान पखरौनी चौक चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग कर किया गया। गिरफ्तार तस्कर के पास एक ग्रे रंग का बैग में रखे नीला रंग का प्लास्टिक में लपेटा काला रंग के प्लास्टिक रस्सी से बंधा मादक पदार्थ गांजा जिसकी कुल वजन 7.688 किलो ग्राम केगिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

सीओ, बीडीओ व थानाध्यक्ष ने किया वाहन चेकिंग

कलयाणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के समस्तीपुर मुजफ्फरपुर के सीमावर्ती क्षेत्र सखोरा चोक पर लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ देवेन्द्र कुमार, सीओ शशि रंजन कुमार और चकमेहसी थानाअध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सीमावर्ती क्षेत्र के आसपास क्षेत्र में निरीक्षण भी किया गया। वाहन चेकिंग अभियान चलाने से वाहन चालक में हड़कंप मच गया।

आर्म्स एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव से पुलिस ने आर्म्स एक्ट के आरोपी राम जपित राय के पुत्र हरिश्चन्द्र राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लोगों की माने तो गिरफ्तार युवक पिछले वर्ष अगस्त माह में पिंटू कुमार की हत्या मामले नामजद आरोपी था। जिस हत्या मामले कलयाणपुर थाना में मृतक पिंटू के पिता रामबाबू राय ने लिखित आवेदन देकर कल्याणपुर थाना कांड संख्या 245/23 दर्ज कराया। जिसमें पांच लोग को नामजद किया था। इसी मामले में हरिश्चन्द्र राय भी आरोपी था। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार युवक नामजद था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मारपीट के मामले में आधे दर्जन लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन अलग-अलग जगहों पर हुए मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसमें मुक्तापुर गांव निवासी रामनाथ राय मारपीट की घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं शिवनंदपुर गांव निवासी पिंकी देवी जख्मी हो गई। कल्याणपुर गांव निवासी शमी प्रवीण राज कुमार राय और बिजुरिया देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वहीं सभी जख्मी को परिजन द्वारा ईलाज के लिए पीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जिसमें बीरजुलिया देवी ओर पिंकी देवी को गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ बीके ठाकुर ने सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर करने की बात कही है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

डीएम ने लिया मतदाता जागरूकता अभियान का जायजा

मुजफ्फरपुर।लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरुकता का अभियान सतत एवं प्रभावी रूप से जारी है। इस क्रम में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन तथा उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी द्वारा गायघाट के उच्च माध्यमिक विद्यालय बरूआरी के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा रंगोली ,नारा लेखन, हर घर दस्तक कार्यक्रम की सराहना की। इस अभियान के तहत मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 20 मई को तथा वैशाली संसदीय क्षेत्र के लिए 25 मई को जिले के मतदाताओं से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

खजौली थाना पर शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। खजौली थाना कार्यालय के सभागार में मंगलवार को ईद पर्व एव चैती दुर्गा पूजा जुड़शीतल रामनवी पर्व को लेकर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के अध्यक्षता में प्रखंड़ क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि राजनीतिक पार्टी एव समाजसेवी की बैठक बुलायी गयी। इस बैठक के दौरान थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनि धियों से कहा कि ईद पर्व चैती दुर्गा पूजा रामनवी एव जुड़शीतल पर्व को लेकर अपने अपने क्षेत्र में शांति पूर्ण माहौल में पर्व मनाने का निर्देश दिया गया।वही बीडीओ लवली कुमारी ने कहा कि सुक्की स्थित हथियाही गांव में रामनवी पूजा के अवसर पर मेला के दौरान पुलिस बल की मुहैया कराया जाएगा।वही राजद पार्टी के जिला महासचिव वीरेंद्र प्रसाद यादव,भाजपा नेता अर्जुन सिंह, कांग्रेस नेता विश्वजीत आनंद उर्फ मिक्कू जी,समाजसेवी नरेश यादव सहित अन्य लोगो ने कहा कि वर्षो से अभी तक पर्व में सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर पर्व मनाते है। किसी प्रकार की कोई तरह का कोई घटना नही हुई है।

वही बीडीओ ने कहा कि सभी जनप्रतिनीधिगण, समाजसेवी लोग द्वारा असमाजिक तत्वों द्वारा कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया।इस मौके पर प्रखंड राजद अध्यक्ष राम सागर पासवान, नवीन कुमार चौधरी, अमरेश जैशवाल, अमरेश सिंह, राजद अतिपिछड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, समाजसेवी नरेश यादव,देवशंकर सिंह उर्फ पिंकू जी, पंसस रघुवीर गरेड़ी, एसआई जितेश कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

धोखाधड़ी एव गवन मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। रहिका आईडेंटिफाई प्लस डिलीवरी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में रेजिडेंशियल मैनेजर के पद पर कार्यरत थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी सौरभ मिश्रा पिता रविंद्र मिश्रा जिला मधुबनी निवासी ने रहिका थाना में एक आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया कि आईडेंटिफाई प्लस डिलीवरी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में रेजिडेंशियल मैनेजर के पद पर कार्यरत जिसका कार्यालय बूच्चामन एनएच 57 दिल्ली मोर दरभंगा पर स्थित है अनूप कुमार पिता तारा राय सांवरिया बिजब्निया बंदोबस्ती लौरिया पश्चिमी चंपारण बिहार के कार्यकाल में मधुबनी ओडीएच जो रहिका में स्थित है से1068 000 मूल्य के शिपमेंट तथा 177 000रुपए नगद कुल1245 000 रुपए की धोखाधड़ी किया गया।अजय कुमार पिता स्व0सुशील चौधरी ग्राम जर्नादनपुर थाना मरौना जिला सुपौल जो क्लस्टर मैनेजर के रूप में कार्यरत थे।की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है अजय कुमार के पास कंपनी के दो लैपटॉप भी है जिसका 90000है। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया की आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत आशा फैसिलिटेटरों की समीक्षा बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत चकिया अनुमंडल के अन्तर्गत मेहसी, चकिया, केसरिया एवं कल्याणपुर प्रखंड के सभी आशा फैसिलिटेटरों एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों का समीक्षा बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही डीसीएम नन्दन झा के अध्यक्षता में चकिया अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में आयोजित किया गया।बैठक में अमित कुमार, जिला प्रबंधक, पी.एस.आई. इंडिया के द्वारा महिला बंध्यकरण, पीपीआई यूसीडी, इन्जेक्शन अंतरा एंव संस्थागत प्रसव पर स्वास्थ्य उप केन्द्रवार डाटा प्रस्तुत किया गया। साथ ही सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक एंव आशा फेसिलिटीटर को समीक्षा बैठक के दौरान जेई /एई एस एवं परिवार नियोजन के साधनों पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।बैठक में पी.एस.आई. इंडिया के तरफ से संजीव कुमार पाण्डेय, पिरामल से राजेश कुमार गिरी एंव अरविन्द कुमार सिंह, उत्प्रेरक धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार, नजीमूल रहमान एंव विनय कुमार ने भी महत्वपूर्ण बातें बताई। मौके पर डीसीएम नंदन झा ने कहा की "आशा" राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए आशाओं को कार्यकम के सफल क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण एवं अनुश्रवण अतिआवश्यक होता है।

डीसीएम ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से आशा फैसिलिटेटरों का क्षमता वर्धन होगा। इसके माध्यम से आशा कार्यकताओं को शिशुओं की गंभीर रोगों से देखभाल संबंधी जानकारियां, मां को शिशुओं की देखभाल संबंधित जानकारी व परामर्श, नवजात शिशुओं में रक्त संक्रमण की पहचान एवं जांच के साथ स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई है।आशा फेसिलिटेटर को स्वास्थ्य देखभाल के लिए गर्भवती महिलाओं को सलाह देने, घरों में नवजात शिशुओं के पास जाकर शिशुओं की देखभाल करने और स्तनपान के बारे में जानकारी दी गयी।

पीएसआई के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का लाभ लेकर आशा फैसिलिटेटर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन बेहतर तरीके से कर सकेंगी। साथ ही, समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाएंगी। इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। प्रशिक्षण सत्र में आशा कार्यकताओं को लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने, महिलाओं को प्रसव पूर्व की तैयारियां, सुरक्षित प्रसव, सुरक्षित गर्भपात, समय से पूर्व जन्मे कम वजन वाले शिशु के समय कम करने का तरीका बताया गया । वही।डीसीएम नंदन झा ने आशा फैसिलिटेटरों को बताया की चमकी के लक्षण की जानकारी बेहद आवश्यक है।समय पर चमकी के लक्षण की पहचान होने पर बच्चों को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा की सभी अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें, वहीं बच्चों के माता पिता इस बात का खास ख्याल रखें कि बच्चे किसी भी हाल में जूठे और सड़े हुए फल नहीं खाए। बच्चों को गंदगी से बिल्कुल दूर रखें। खाने से पहले और खाने के बाद हाथ जरूर धुलवाएं, साफ पानी पिएं, बच्चों के नाखून नहीं बढ़ने दें, बच्चों को गर्मियों के मौसम में धूप में खेलने से भी मना करें, रात में कुछ खाने के बाद ही बच्चे को सोने के लिए भेजें।चमकी बुखार में बच्चे को लगातार तेज बुखार रहता है, बदन में ऐंठन होती है. बच्चे दांत पर दांत चढ़ाए रहते हैं।कमजोरी की वजह से बच्चा बार-बार बेहोश होता है। यहां तक कि शरीर भी सुन्न हो जाता है और उसे झटके लगते रहते हैं।

रक्सौल स्थित आई सी पी रोड पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल।भारत-नेपाल को जोड़ने वाली आईसीपी बाईपास में हुई सड़क दुर्घटना में एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रक्सौल प्रखंड के जैतापुर निवासी जोखू साह का पुत्र हीरालाल साह के रूप में हुई है। मृतक अपने मोटरसाइकिल से आईसीपी की ओर जा रहा था। वही दूसरे तरफ से आ रही ट्रक ने ठोकर मार दी। ट्रक रामगढ़वा की ओर से आईसीपी के तरफ जा रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठोकर मारने के बाद ट्रक समेत चालक घटना स्थल से फरार हो गया। घायल युवक घटना के बाद तड़पता रहा लेकिन मदद में देरी की वजह से उसकी मौत हो गई। युवक को ई रिक्शा के मदद से हॉस्पिटल पहुचाया गया जहां उसे मृत घोषत कर दिया गया। पुलिस जांच कर फरार ट्रक की तलाश में जुटी है। हीरालाल साह का कोरोना काल के समय यानी 3 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। उसको एक दो वर्ष की एक बेटी व एक महीने का एक बेटा है। मृतक के पिता जोखू साह ने बताया कि घर मे कमाने वाला वही एक व्यक्ति था।

दावत-ए-इफ्तार में लोगों ने देश में अमन-चैन, शांति व भाईचारे की मांगी दुआ

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के जितवारपुर फरपुरा स्थित युसूफ परिसर में समाजसेवी सह शिक्षाविद मो. नौशाद आलम के द्वारा मंगलवार की शाम दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। दावत-ए-इफ्तार में आगत अतिथियों को जिला राजद नेता मो. इकबाल युसूफ अरशी ने गुलदस्ता, टोपी और साफा भेंट किया। इफ्तार के बाद रोजे की नमाज अदा की गई। जिसमें सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन-चैन, शांति और भाईचारा का माहौल कायम रहने की दुआ मांगी। समस्तीपुर केन्द्रीय सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय ने दावत-ए-इफ्तार के आयोजन पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। जिला राजद प्रवक्ता सह समस्तीपुर विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि रमजान रहमत और बरकत का महीना है।

यह पाक महीना सिखाता है कि हम अपने जीवन में हर समय इंसानियत एवं सच्चाई के रास्ते पर चले। मौके पर पूर्व शिक्षक मो. नौशाद आलम, नगर परिषद के पूर्व उप सभापति मो. शारिक रहमान लवली, मो. आदिल खान, शायर मो. बिस्मिल आरिफी, पत्रकार मो. हसीब अहमद, जिला राजद उपाध्यक्ष रामविनोद पासवान, अधिवक्ता मो. शाहिद हुसैन, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, मो. रूहुल्लाह खान गुड्डू, समाजसेवी मो. इकबाल युसूफ अरशी, मो. इमाम, मो. फैयाज अहमद, मो. फैजी, मो. अरमान, मो. अमानुल्लाह अजीम, विजय यादव, मो. नौशाद खान, मनोज कुमार राय, रंजीत कुमार रम्भू, मो. नूर इस्लाम, मो. फहीम अशरफ आजाद, नुनु सिंह, जयलाल राय, अमित ठाकुर, मो. सितारे सहित सैकड़ों स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

मतदाता जागरूकता अभियान : पहले मतदान तब जलपान

प्रात : किरण संवाददाता,

आलमनगर (मधेपुरा)। कोई भी मतदाता मतदान से छूटे नहीं इसके लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम जिले में चलाई जा रही है। उसी के तहत आलमनगर प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत के विभिन्न गांव मोहल्ले एवं वार्डो में प्रखंड परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार शर्मा के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं। जीविका बीपीएम रंजीत कुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में दर्जनों जीविका दीदी ने बैनर फ्लेक्स में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से अपने अधिकार को काम में लाएं मतदान करने जरूर जाए। जन-जन की है पुकार मतदान करना है मेरा अधिकार। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र का बनेगा भाग विधाता सहित कई स्लोगन के साथ पंचायत में रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया। इस बाबत बीपीएम रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि सद्भावना जीविका महिला ग्राम संगठन बड़गांव के द्वारा कम मतदान वाले केंद्रों पर मतदान की संख्या बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जीविका दीदीयों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। जीविका आलमनगर द्वारा समावेशी स्विप कार्यक्रम के तहत उन मतदाताओं को जो अपना मतदान नहीं करते हैं उन्हें जागरूक कर मतदान केन्द्रों भेजना है। इस दौरान रूबी कुमारी, लेखपाल मनीषा कुमारी, जीविका मित्र रीता कुमारी, गुंजन कुमारी, साक्षी कुमारी सहित कई जीविका दीदीयों ने भाग लिया।

उत्तर बिहार के जिलों में अनेक स्थानों पर बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 13अप्रैल के आसपास उत्तर बिहार के कुछ जिलों में हल्की बारिश की सम्भावना व्यक्त की है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 36.5 एवं 20.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 67 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 38 प्रतिशत, हवा की औसत गति 4.1 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 5.9 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 23.8 एवं दोपहर में 34.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा०आर०पी०सी०ए०यू०, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 10-14 अप्रैल तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में बादल छाये रह सकते है। 13 अप्रैल के आसपास उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा या बुंदा-बुंदी हो सकती है।इस अवधि में अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 10 से 12 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 65 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि अगले 2-3 दिनों तक मौसम में शुष्क रहने की सम्भावना को देखते हुए गेहूं की कटनी एवं दौनी प्राथमिकता देकर करें उसके बाद वर्षा की सम्भावना बन रही है। जिससे उत्तर बिहार में हल्की वर्षा या बूंदा-बूंदी होने की सम्भावना है।

पुलिस नें पॉक्सो एक्ट मामले में यूटूबर को किया गिरफ्तार

रक्सौल। अनुमंडल की रामगढ़वा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय हनुमान मंदिर चौक के समीप छापेमारी कर पुलिस को चकमा देकर फरार पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त अभिषेक कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष सचिदानन्द पांडेय ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त रक्सौल थाना क्षेत्र के गौनाहा का निवासी है।गिरफ्तार अभियुक्त पर रक्सौल ,व सुगौली थाना में भी प्राथमिकी दर्ज है।गिरफ्तार अभियुक्त पर दारोगा प्रियंका कुमारी से भी झड़प का आरोप है।इस बाबत पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त एक प्रेमी युगल की वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग कर रहा था।

संविदा विस्तार मामले में सिविल सर्जन को देना होगा पिछले सात महीनों का प्रस्ताव रिपोर्ट

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। लिपिक एवं एएनएम का अवैध रूप से संविदा विस्तार करने के मामले में सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी से जिला प्रशासन के द्वारा उनसे पिछले सात महीनों में उनके कार्यालय से भेजे गए संविदा नियोजन व संविदा अवधि विस्तार से सम्बंधित सभी प्रस्तावों की पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। बता दें कि अवैध रूप से संविदा विस्तार किये जाने के मामले की शिकायत को डीएम योगेंद्र सिंह ने गंभीरता से लिया है। गोपगुट महासंघ के जिला सचिव अजय कुमार ने डीएम से इस मामले की शिकायत की थी। शिकायत के बाद आपदा एडीएम राजेश कुमार सिंह के द्वारा किए गए जांच के दौरान संविदा विस्तार व नियोजन को अवैध पाया गया था। इसके बाद सिविल सर्जन से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया था। वहीं अब सिविल सर्जन को पिछले सात महीनों में उनके कार्यालय से भेजे गए संविदा नियोजन व संविदा अवधि विस्तार से सम्बंधित सभी प्रस्तावों की पूरी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपना होगा। स्थापना उपसमाहर्ता के द्वारा सिविल सर्जन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि आपके कार्यालय से संविदा नियोजन व संविदा अवधि विस्तार हेतु अनुशंसा के साथ प्रस्तावों को उपलब्ध कराया जाता है। एएनएम का पद राज्य स्तरीय रहने के बावजूद भी आपके द्वारा उक्त पद पर संविदा नियोजन व संविदा अवधि विस्तार के लिए प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। इसलिए आपके कार्यालय से विगत सात माह में उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों में एएनएम के अतिरिक्त कोई भी पद राज्य स्तरीय है अथवा नहीं इससे सम्बंधित प्रतिवेदन 24 घंटे के अन्दर उपलब्ध करवाया जाए।

साइबर फ्रॉड गिरोह का हुआ उद्भेदन, सरगना समेत 11 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।साइबर थाना पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड करने वाले बड़े गिरोह का पदार्फाश किया गया है। पूर्वी चंपारण मोतिहारी का रहने वाला आयुष कुमार उर्फ रूद्र इस गिरोह का सरगना बताया जा रहा है।

निशांत कुमार और हिमांशु कुमार को सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के पैगमबरपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, फोन, सिम कार्ड कई बैंकों के एटीएम कार्ड, चेक बुक और वेलकम किट बरामद हुआ जब इन लोगों से सख्ती से पूछताछ की गई तो इन्होंने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम बताएं। इनकी निशानदेही पर रौशन कुमार, नेहल कुमार, सममी कुमार, मुरारी कुमार, नवीन कुमार, शिवम कुमार और राजकुमार को गिरफ्तार किया गया। मुरारी कुमार और शिवम कुमार पूर्व में भी साइबर अपराध के मामले में जेल जा चुके हैं।

इन सभी के पास से मोबाइल फोन विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और ठगी के पैसों के लेनदेन के हिसाब का कॉपी और कॉपी में लिखें कई खाता धारकों के नाम से चिपका हुआ सिम कार्ड बरामद हुआ है। यह जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सवाईपट्टी थाना क्षेत्र के एक मकान से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनकी निशानदेही पर बाद में और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह सभी साइबर अपराध की घटना में संलिप्त थे। साइबर अपराध की विभिन्न धाराओं में इन सभी पर साइबर अपराध कि विभिन्न धाराओं में करवाई कि जाएगी।

आभूषण दुकान से 50 लाख की लूट

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बाईक सवार तीन सशस्त्र अपराधियों ने आज दिन दहाड़े एक आभूषण दुकान से करीब 50लाख रुपये मूल्य का चेन लूट लिया।घटना सदर थानान्तर्गत आरडीएस कालेज के सामने कलकत्ता ज्वेलर्स की बताई जा रही है।ज्वेलर्स दुकान में एक अपराधी पहले ग्राहक बन कर पहुंचा और दुकानदार से सोने की चेन दिखाने को कहा। जैसे ही दुकानदार ने चेन दिखाना शुरू किया। दो और अपराधी दुकान में हथियार लेकर घुसे और दुकानदार और दुकान में बैठे ग्राहक को हथियार के बल पर

बंधक बना लिया। इसके बाद दुकान से तकरीबन 50 लाख रुपए मूल्य का ज्वेलरी समेट कर अपराधी आराम से फरार हो गए। वही इस घटना के बाद मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। जबकि लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।

साहेबगंज गोली कांड के अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।पुलिस ने महज 48घंटे के भीतर साहेबगंज थाना अन्तर्गत हुए गोली कांड के सभी 4 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसी के साथ अवैध हथियार, कारतूस एवं चोरी की मोटरसाईकिल भी बरामद की गई है। एसएसपी राकेश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विगत 7अप्रैल को साहेबगंज थाना अन्तर्गत ग्राम माधोपुर हजारी निवासी रामकुमार सहनी को पड़ोस के ही चंदन कुमार राय ने गोली मार कर जख्मी कर दिया गया था।इस संबंध में वादिनी नैना देवी के द्वारा समर्पित आवेदन के आधार पर साहेबगंज था सं0-176/24 दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के निर्देशन पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम में थानाध्यक्ष साहेबगंज की टीम को शामिल किया गया था।विशेष टीम द्वारा इस कांड में एक अन्य नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।आज उक्त विशेष टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई, उसी आलोक में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पकड़ी बसारत स्थित नहर पुल के पास से घटना के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त चंदन कुमार एवं उसके सहयोगी अपराधकर्मी कुन्दन कुमार थाना साहेबगंज जिला मुजफ्फरपुर को अवैध कारतूस तथा चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक पिस्टल, 5कारतूस , मोबाइल और मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृति परीक्षा में बिहार टॉपर बना साइकिल पंचर बनाने वाले का बेटा

विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड स्थित स्टूडेंट यूनिक कोचिंग सेंटर चकफतेहगंज के छात्र सह साइकिल पंचर बनाने वाले सोहिल वाड़ा निवासी विनोद झा के पुत्र पुरुषोत्तम कुमार झा राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में बिहार टॉपर बनकर माता-पिता एवं समाज का नाम रौशन रौशन किया है। पुरुषोत्तम 180 अंकों में 164 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं स्टूडेंट यूनिक कोचिंग के प्रबंधक रामविलास शर्मा सहयोगी शिक्षक गौतम कुमार चंदन कुमार कन्हैया कुमार साकिब फैयाज को दिया है। बता दे की पुरुषोत्तम के अलावे इस संस्थान से प्रिंस कुमार 136, श्रेया भारती127, शांभवी कुमारी 125, हर्ष प्रताप ठाकुर 103, आराध्या राज 103, अभिषेक कुमार 95, अनंतनाथ मिश्रा 81 अंक प्राप्त कर मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की है।

प्रखंड प्रमुख ने भागवत कथा का किया शुभारंभ

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण में मां काली पूजा समिति के द्वारा चैत्र नवरात्रा के अवसर पर सिंघियाघाट पेठिया गाछी में भागवत कथा का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, स्थानीय मुखिया ममता देवी, समिति के अध्यक्ष राम यतन प्रसाद आदि ने दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रेमचंद प्रियदर्शी कर रहे थे। इसके बाद मुख्य यजमान गंगा प्रसाद सिंह, हीरा देवी, पुजारी रामेश्वर महतो आदि ने विधि-विधान पूर्वक कथा मंच की पूजा की। मौके पर उप मुखिया अवधेश यादव, वार्ड सदस्या नीलम देवी, अशोक कुमार, नीलम देवी, रामयतन प्रसाद, डॉ राम प्रमोद सिंह, वरुण यादव, संजय कुमार, वशिष्ठ नारायण सिंह, पंडित प्रशांत कुमार चौधरी, राम बाबू झा आदि थे।

कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद कथावाचक वृंदावन धाम के हरिदास जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण से समस्त पापों का नाश होता है। सिर्फ इसे ध्यान पूर्वक सुनने की आवश्यकता है।

आग से बचाव के लिए बताया गया टिप्स

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर, कल्याणपुर दक्षिण एवं महर्षि पंचायत में अग्निशामक टीम के द्वारा आग से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

वहीं अभय कुमार के द्वारा लोगों के बीच आग से बचाव के लिए टिप्स बताया गया। जैसे रसोई घर को अग्निरोधक बनाना, देहाती क्षेत्रों के में सुबह 8:00 बजे से पहले एवं संध्या शाम 6:00 के बाद खाना बनाने, दीप, लालटेन, के प्रयोग में सावधानी बरतने, रसोई में जलनशील पदार्थ न रखने, रसोई घर से बच्चों को दूर रखने, तेज हवा में खुली जगह पर खाना न पकाने, घर में हमेशा अग्निशामक पदार्थ पानी, बालू, सुखा मिट्टी जमा कर रखने एवं आपातकाल स्थिति में 101 नंबर पर सूचना देने

संक्षिप्त खबरें

कॉलेज में मेहंदी से स्लोगन लिखकर किया गया मतदान हेतु जागरूक

हाजीपुर। जमुनी लाल महाविद्यालय में महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ रजनीश कुमार के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से छात्राओं द्वारा हाथों में मेहंदी से स्लोगन लिखकर सभी छात्र/ छात्राओं व मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया ' मतदान को अपना पहला कर्तव्य बतलाते हुए, भारत के निर्माण में मतदान की महत्ता पर चर्चा किया गया ' निर्भीक होकर इस लोकतांत्रिक पर्व में भाग लेने की अपील की गई ' स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की सोच को और मजबूत करने की बात कही गई ' महाविद्यालय की कैंपस अम्बेस्डर अंशु कुमारी और लक्ष्मी कुमारी द्वारा बनाए गए पोस्टर की सभी ने सराहना की ' इस अवसर पर प्रो प्रीति कुमारी, डॉ निर्मला कुमारी, डॉ वैभव, डॉ छोटे लाल गुप्ता, कुमारी सरोज , अभिषेक कुमार, राजीव, शहजादा, गुड़ीया, मुस्कान, गुंजा, नेहा, शिवानी , परियांशु आदि शिक्षक, छात्र/छात्रा उपस्थित थे ।

रेलवे ट्रैक के किनारे एक वृद्ध का शव बरामद

मोतिहारी ब्यूरो :सीतामढ़ी-रक्सौल रेलखंड के जयमूर्तिनगर फ्लैग व छौड़ादानो रेलवे स्टेशन के बीच जोलगावा सरेह में बुधवार को रेलवे ट्रैक के किनारे एक बृद्ध का शव मिला ।सूचना पर पहुची जितना पुलिस ने शव को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए मोतिहारी भेज दिया ।जानकारी देते हुए जितना थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि उक्त शव की पहचान नेपाल के बारा जिला अंतर्गत गांव बेलदारी वार्ड संख्या 4 निवासी 42 वर्षीय हरेंद्र यादव के रूप में किया गया है ।जो विधुर व संतानहीन है ।किंतु अंत्यपरीक्षण के बाद शव को उसके परिजनों को सौंपने की कवायद की जाएगी।

दीक्षांत समारोह में बच्चे पुरस्कृत

मोतिहारी ब्यूरो। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकटवा कन्या में दीक्षांत समारोह मनाया गया ।अवसर पर बच्चो द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया ।बीईओ कल्पना कुमारी ने कहा यह बदलता बिहार है । बच्चों के कला , प्रतिशत अंक,व ग्रेड को देखकर खुशी जाहिर किया ।निर्देश दिया कि जिन बच्चों का ग्रेड ई है उस बच्चों के लिए शिक्षक विशेष क्लास करके उन्हें अन्य बच्चों की तरह बनाने की कवायद करेंगे । विद्यालय के बच्चे खेल में जिले में भी अव्वल होकर अपने क्षमता का परिचय दिया है । शीघ्र ही इस विद्यालय को आनेवाले खेल प्रतियोगिता में शामिल करायेंगे ।कार्यक्रम में मध्याह्न भोजन प्रभारी भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि उम्मीद से कही ज्यादा बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया ।अपने अपने वर्ग के वार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करखेवालेबच्चो मेंआकाश रंजन,रामबाबू कुमार,काजल कुमारी,लालो,महालक्ष्मी कुमारी,रंजना कुमारी सहित अन्य को पुरुष्कृत किया गया।

प्रमण्डलीय आयुक्त ने लोकसभा निर्वाचन 24 की तैयारियों की समीक्षा

मोतिहारी । आयुक्त तिरहुत प्रमण्डल गोपाल मीणा एवंपुलिस उप महानिरीक्षक बेतिया प्रक्षेत्र जयंत कांत के द्वारा पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिमी चम्पारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक बगहा के साथ समाहरणालय पूर्वीचम्पारण, मोतिहारी स्थित डॉ० राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में लोक सभा आम निर्वाचन-24 की तैयारियों की समीक्षा की ।वही समीक्षा के दौरान दोनों जिलों के विधानसभाओं के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सहित कोषांगों के नोडल पदाधिकारी भी उपस्थित थे ।समीक्षा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए आयुक्त ने कहा कि पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सभी कार्यों को खुद से करें और उस पर नजर बनाये रखें। अधीनस्य कर्मियों पर निर्भरता कम रखनी होगी ।निर्वाचन के सभी कार्य महत्वपूर्ण होते हैं और निर्धारित समय पर पूर्ण करने होते हैं । पदाधिकारी और कर्मी आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन करें । आयुक्त ने कहा कि वैसे किसी भी पार्टी या उत्सव में नही जाएँ जहाँ राजनैतिक लोगों का आगमन हो। अपने को बिलकुल निष्पक्ष रखें ।समीक्षा के दौरान आयुक्त के द्वारा एक-एक कर सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों से निर्वाचन कार्यों की जानकारी प्राप्त की गयी । आयुक्त के द्वारा सी-विजिल ऐप, खराब ईभीएम का रिप्लेसमेन्ट, पोस्टल बैलेट से मतदान, सेवा वोटर्स, दिव्यांगजन, 85 वर्ष से आयु के मतदाता को देय सुविधा, मतगणना के दौरान वीवीपैट का रोल संबंधी कई प्रश्न किये गये ।जिसका पदाधिकारियों ने बहुत ही सहज उतर दिया ।जिसकी आयुक्त ने प्रशंसा की।

भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है बजराहा स्थित दुर्गा मां

पूरी श्रद्धा और भक्ति से करते हैं मां भवानी की पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र के कूंजोड़ी पंचायत के बजराहा स्थित बाजार में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर सदियों पूर्व से ही स्थापित है। लोगों की मानना है कि इस मंदिर में सच्चे मन से मन्नत मांगने पर श्रद्धालुओं का हर मनोकामना पूर्ण हो जाता है।

इस कारण लोगों का इस मंदिर के प्रति श्रद्धा और विश्वास अपेक्षा से अधिक बनी हुई है। श्रद्धा और विश्वास से अभिभूत होने का कारण दुर्गा पूजा समारोह में अपनी श्रद्धा और भक्ति का परिचय देते हुए पूजा की तैयारी में जोर शोर से अपनी भागीदारी निभाने में लगे हुए रहते हैं। चैती, एवं आसीन मास में दुर्गा पूजा के अवसर पर मंदिर प्रांगण में मेला का भी आयोजन किया जाता था। हालांकि कि 2020 एवं 2021 में भी कोरोनावायरस वजह से कुछ खास तैयारी नहीं कर सके। सरकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए पिछले वर्ष पूजा आरंभ किया गया था। हालांकि वहां के स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर खास तैयारी नहीं की जा रही है। क्योंकि आदर्श आचार संहिता लगने की वजह से मेला परिसर में उतना चहल-पहल नहीं देखी जा रही है। इसके बावजूद उनकी श्रद्धा और भक्ति कम नहीं हुई। दुर्गा मां की पूजा अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान को लेकर लोग अधिक उत्साहित हैं। बताया जाता है कि इस सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में आदिकाल से ही माता की पूजा होते आ रहा है। इस दौरान राजद पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर नवीन कुमार निषाद का कहना है कि वह मंदिर सार्वजनिक द्वारा स्थापित कर पूजा शुरू किया गया था उस समय से आज तक सार्वजनिक रूप से पूजा अर्चना की जाती है। मालूम हो कि पंचायतों की सीमा क्षेत्र में एक मंदिर है मंदिर में वैदिक रीति रिवाज से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना होती है। कलश स्थापना से ही उनका रूपरेखा तैयार कर ली जाती है। सदस्यों का कहना है कि वह आने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर में बहुत ही दूर दराज से लोग माता रानी की पूजा अर्चना में आते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चैती दुर्गा पूजा में कई जिलों से भक्तगण आते हैं और अपनी मन्नतें पूरी होने पर मैया को चढ़ावा करते हैं।

डॉक्टर की लापरवाही से जोखिम में फंसी महिला की जान

प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा)। प्राप्त जानकारी अनुसार 2 माह पूर्व पुरैनी प्रखंड के पुरैनी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 5 निवासी अरुण साहनी की धर्मपत्नी सामला देवी का पुरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन का ऑपरेशन किया गया था। लेकिन दो-तीन दिनों के बाद शामला देवी की हालत काफी गंभीर हो गया। आनन-फानन में परिजन पीड़ित को भागलपुर के डॉक्टर के पास लेकर गया लेकिन पीड़ित की हालत में कुछ भी सुधार नहीं आया। सुधार नहीं आने के कारण परिजनों ने सहरसा के डॉक्टर गोपाल शरण के पास लेकर गया डॉक्टर गोपाल शरण ने इलाज के दौरान बताया कि मरीज शामला देवी की ऑपरेशन के दौरान कुछ महत्वपूर्ण नालियां कट गई है जिसमें मल त्यागी नालियां भी शामिल है। पीड़ीत के परिजनों ने बताया कि अब तक इलाज के दौरान ढाई लाख रुपया खर्च हो चुका है और कितना खर्च होगा कुछ कह नहीं सकते इसी बात को लेकर पुरैनी पंचायत के मुखिया विनोद कांबली एवं पीड़ित के परिजनों ने अस्पताल पहुंच स्वाथ्य प्रबंधक और ऑपरेशन कर्मी से समझौता करने का प्रयास किया लेकिन किसी ने एक ना सुनी।

अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। मंगलवार की रात एक अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार को रौंद दिया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना सदर थाना क्षेत्र के पी एस कॉलेज के समीप की है। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड-09 फरीदाबाद मोहल्ला निवासी मो. एनुल के बेटे मो. समीर के रूप में हुई। वहीं, बाइक के पीछे बैठे घायल युवक की पहचान मो. जेनुल के बेटे मो. गोलू के रूप में हुई। बताया गया कि मो. समीर अपने दोस्त मो. गोलू के साथ बाजार गया था। इसी दौरान पीएस कॉलेज के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने उसे रौंद दिया। इस हादसे में बाइक चला रहे मो. समीर गंभीर रूप से घायल गए। वहीं पीछे बैठे मो. गोलू बाइक से दूर फेंका गया। इस कारण वह बच गया। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने पुरानी बाजार में रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंची सदर थाने की पुलिस लोगों को समझा कर तुरंत जाम हटवा दिया। मृतक का पिता मो. एनुल ठेला चलाता है। उन्होंने बताया कि मो. समीर चार भाई में दूसरे नंबर पर था। वह एक गैरेज में बाइक मैकेनिक का काम करता था। जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण होता था। सदर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेशोत्सव अभियान को सफल बनाने में जुटे शिक्षक, बच्चों का भी मिला साथ

हाजीपुर ।प्रखंड के मध्य विद्यालय कुतुबपुर के शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा विद्यालय के पोषक क्षेत्र में प्रवेशोत्सव अभियान चलाया जा रहा है ।आज यह अभियान विद्यालय के पोषक क्षेत्र में चलाया गया। कोई भी बच्चा आउट आफ स्कूल नहीं रहे, शिक्षा विभाग बिहार सरकार की यह कोशिश है और इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी विद्यालय के शिक्षकों को दी गई है। प्राप्त विभागीय निर्देश के आलोक में मध्य विद्यालय कुतुबपुर के शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा नामांकन अभियान से संबंधित पोस्टर एवं पंपलेट लेकर स्थानीय दलित टोले में अभियान चलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि प्रवेशोत्सव अभियान को समाज से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और परिणाम के तौर पर वैसे बच्चे जो कभी विद्यालय नहीं गए और न ही कहीं नामांकित थे,उनका नामांकन कराया गया।

मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर डीएम ने किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। समावेशी स्वीप कार्यक्रम, मधेपुरा के तहत गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मधेपुरा विजय प्रकाश मीणा के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु एक एल.ई.डी स्क्रीन युक्त मतदाता जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निर्वाचन क्षेत्र 70 आलमनगर के प्रखंड उदाकिशुनगंज, पुरैनी, आलमनगर तथा चौसा के लिए एक मतदाता जागरूकता रथ, 71 बिहारीगंज के प्रखंड मुरलीगंज बिहारीगंज, ग्वालपाड़ा, उदाकिशुनगंज के लिए एक मतदाता जागरूकता रथ, 72 सिंहेश्वर के शंकरपुर, सिंहेश्वर, कुमारखंड के लिए एक मतदाता जागरूकता रथ एवं 73 मधेपुरा के गम्हरिया, घैलाढ़, मधेपुरा मुरलीगंज के लिए एक मतदाता जागरूकता रथ अर्थात चार मतदाता जागरूकता रथों को रवाना किया गया। इन मतदाता जागरूकता रथों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न वीडियो को एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित करते हुए सभी मतदान केंद्रों पर परिचालित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 अप्रैल तक चलेगा।

सी एस नें रक्सौल अनुमण्डलीय अस्पताल व रामगढ़वा पीएचसी की जांच की

रक्सौल ।पूर्वी चंपारण के सिविल सर्जन के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य जिला स्तरीय प्राधिकारियों के द्वारा रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल के साथ ही रामगढ़वा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया ।इनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे ए ई एस और जे ई अभियान की इस दौरान समीक्षा की गई और स्वास्थ्य कर्मियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी जारी किए ।अधिकारियो नें अस्पतालों में दवा की उपलब्धता, ओपीडी तथा प्रसव रूम की भी जांच की ।जांच के दौरान सिविल सर्जन व अन्य अधिकारी रामगढ़वा पीएचसी की कार्य संस्कृति से संतुष्ट नजर आए और सी एस नें इसकी सराहना भी की तथा कहा कि इस पीएचसी में सीमित संसाधन के बावजूद ओपीडी के साथ स्वच्छता एक नजीर है।

जांच अभियान मे 1 लाख 10 हजार रुपये बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर ।लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद प्ररवंड में उड़नदस्ता दल ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान मंगलवार को कुमार सुरेन्द्र सिंह स्टेडियम के समीप लगे चेक पोस्ट के पास दो गाड़ी से करीब 1 लाख 10 हजार रूपए बरामद किया गया ।मामले में नगदी रिलीज अपीलीय समिति द्धारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।आचार संहिता लगने के बाद नगदी ले जाने के लिए चुनाव आयोग के द्धारा मानक तय किया गया है।

मानक के अनुरूप ही निमित 50 हजार तक नगद पैसा लेकर चल सकते हैं ।50 हजार से अधिक पैसा लेकर चलने पर पकड़े जा सकते है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम राकेश कुमार के द्धारा गठित उड़नदस्ता दल सह सीओं ने मंगलवार को कुमार सुरेन्द्र सिंह स्टेडियम के समीप लगे चेक पोस्ट पर गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी के सहयोग से 1 लाख 10 हजार रुपए जब्त किये गये ।रुपए को थाना को सौंप दिया गया ।उड़नदस्ता दल ने बताया कि नगदी रिलीज अपीलीय समिति के द्धारा लिए गए निर्णय के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आंगनबाड़ी भवन में चल रहा है अग्निशमन कर्मी का आवास

प्रात : किरण संवाददाता

महनार। महनार प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में अग्निशमन कर्मी का आवास चल रहा है । सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि यथासंभव निमत्तम प्राथमिक विद्यालय में ही आंगनबाड़ी केन्द्र चलाया जाए। इस आदेश के आलोक में विभिन्न सरकारी विद्यालयों में आंगनबाड़ी भवन निर्माण करवा कर उसमें केंद्र संचालन का कार्य दस वर्ष पूर्ण ही आरम्भ करा दिया गया है परंतु महनार प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी भवन निर्माण कराए जाने के बावजूद उसमें आज तक आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन नही हुआ है और इसमे अग्निशमन कर्मी ने अपना आशियाना डाल रखा है । बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय से मात्र पांच कदम की दूरी पर यह आंगनबाड़ी केन्द्र है किंतु पदाधिकारी ने निरीक्षण कर इस केन्द्र का संचालन कराने का प्रयास नही किया जिससे प्रमाणित होता है कि इन लोगों की नजर में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का कोई महत्व नहीं है। इस सम्बंध उनका पक्ष जानने हेतु महनार के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के सरकारी मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया।

किसान चौपाल-सह-मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। कृषि विज्ञान केन्द्र, मधेपुरा के वैज्ञानिकों द्वारा किसान चौपाल कार्यक्रम के अंर्तगत तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें उन्नत कृषि, नवीन तकनीक एवं फसलों में लगने वाले रोग के उपचार संबंधी चर्चा की गयी। किसान चौपाल में उपस्थित कृषकों एवं प्रसार पदाधिकारियों के बीच जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा आधुनिक कृषि यंत्र का उपयोग बुआई से लेकर कटाई तक करने का निदेश दिया गया। साथ ही खेतों में रसायनिक खाद के उपयोग कम करते हुए वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन एवं उपयोग हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा गया। प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, घैलाढ़ द्वारा बताया गया कि मिट्टी का जाँच कराते हुये मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुरूप मिट्टी में उर्वरक का प्रयोग करें। मतदाता को जागरूक करने हेतु उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा मधेपुरा है तैयार, मतदान करेगें सब इसबार का नारा दिया गया। इस वर्ष नये मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष पुरी हो गयी है, उनको मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही मतदान एक जिम्मेवारी, उम्र अठारह की है बारी का नारा दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. एस. पी. विष्वकर्मा एवं डॉ. अनिल कुमार, वैज्ञानिक, सिचांई अनुसंधान केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र, मधेपुरा एवं प्रखण्ड के सभी पदाधिकारी/कर्मी, प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

मंच का संचालन राजेष कुमार, किसान सलाहकार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी द्वारा कृषकों की समस्या, समस्या के समाधान हेतु प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार को आवष्यक दिशा निर्देष दिया गया।

मतदान प्रशिक्षण से अनुपस्थित 400 से अधिक पदाधिकारियों और कर्मियों से शो कॉज

स्पष्टीकरण समय पर प्राप्त नहीं होने पर दर्ज होगी प्राथमिकी

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला प्रशासन ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सुचारू ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु चल रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित मतदान कर्मियों से 24 घंटे के अंदर शो कॉज माँगा है।

विदित है कि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दिनांक 4 अप्रैल 2024 से हाजीपुर के तीन केन्द्रों पर चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान दो बार हाजिरी ली जा रही है। पहले दिन 4 अप्रैल को 191, दूसरे दिन 5 अप्रैल को 104, तीसरे दिन 6 अप्रैल को 75 और चौथे दिन 8 अप्रैल को 95 मतदान कर्मी अनुपस्थित पाये गये है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी और मतदान पदाधिकारी दोनो शामिल है। जिला प्रशासन ने इसे गम्भीरता से लेते हुए कुल अनुपस्थित 465 मतदानकर्मियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण माँगा है। शो कॉज में अंकित है कि ट्रेनिंग हेतु नियुक्ति पत्र तामिल कराये जाने एवं रटर के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराये जाने के बावजूद आप अनुपस्थित रहे हैं। आपका यह कृत्य कार्य के प्रति स्वेच्छाचारिता एवं निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने का द्योतक है, जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के उल्लंघन करने का द्योतक है। शो कॉज में कहा गया है कि क्यों नहीं आपके उक्त आचरण के लिए आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई की जाए। स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

मतदान के लिए अपने माता-पिता से जिद करें बच्चें: डीएम

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने कहा कि बच्चें स्वभाव से जिद्दी होते है। वे चुनाव के समय अपने माता-पिता, दादा-दादी और परिवार के अन्य सदस्यों से वोट करने का जिद करें। जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। वैशाली जिला में तीन तिथियों पर यथा 13 मई, 20 मई और 25 मई 2024 को क्रमशः उजियारपुर, हाजीपुर तथा वैशाली लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। बच्चें अपने परिवार के सदस्यों को इन तिथियों से अवगत करायें। उन्होंने कहा है कि जो 18 वर्ष या उससे उपर हो गये है, वे अभी भी अपना वोटर कार्ड बनवा सकते हैं। वे आज जी० ए० इन्टर स्कूल, हाजीपुर में स्काउट एण्ड गाईड द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें बताया कि जिला में 32000 वोटर है। जो वोटर, वोट देने के बाद अपना सेल्फी लेकर जिला प्रशासन वैशाली द्वारा तैयार किये गये। उनमें से लॉटरी के आधार पर 50 चयनित बच्चों को वैशाली जिला के ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण कराया जाएगा। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा है कि वे अपनी माता-पिता का अवश्य ध्यान रखें अच्छी संगत में रहे व अच्छा सोंचें। वहाँ उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को मतदान करने का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मो० शम्स जावेद आंसारी, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी श्री नीरज, डीपीओ (कउऊर) डॉ० ललिता कुमारी, सहायक निदेशक श्रीमती पिंकी कुमारी, सहायक निदेशक सुश्री साक्षी तथा स्काउट एण्ड गाईड के श्री ऋतुराज के साथ हाई स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

सात साल के बच्चे ने आठ रोजे किए पूरे

सुगौली। दुनिया में प्रेम व सौहार्द के प्रतिक का पर्व ईद को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। पर्व कोलेकर बच्चे, बुढ़े, जवान सभी उत्साहित हैं। गुरूवार को पर्व की धूम रहेगी। इस बीच नगर पंचायत सुगौली के सिसवनिया टोला के निवासी मोहम्मद अब्दुल्लाह के पुत्र मोकर्रम अब्दुल्लाह 7 वर्षीय ने पूरे रमजान में आठ रोजे रखे। वही मोकर्राम भी पर्व को लेकर काफी उत्साहित है। कहता है की अगर रोजा में इफ्तार और इबादत का एक अलग ही मजा है। बताते चले कि रमजान में मोकर्रम अब्दुल्लाह ने अलविदा जुम्मा का एक रोजा रखा था। अहले सुबह करीब सवा चार बजे सेहरी खाकर शाम 6 बजे तक बिना कुछ खाए पीये भूखे रही। यहां तक की वह दिन भर पानी भी नहीं पी। वह करीब 14 घंटे तक बिलकुल भूखे रहा। रमजान में अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ कर बताया की अलविदा जुम्मे को देश में अमन और खुशहलिंके लिए दुआ मांगी है।

मतदान के प्रति जागरूकता में स्काउट गाइड की भूमिका विषय पर समागम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।लोकसभा आम निर्वाचन-2024 जिला स्तरीय स्काउट गाइड समागम का आयोजन भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली द्वारा स्थानीय जी.ए.इंटर विद्यालय कैंपस हाजीपुर में आयोजित किया गया। लोकतंत्र में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता में स्काउट गाइड की भूमिका विषय पर समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी ,वैशाली श्री यशपाल मीणा जी का स्वागत गाइड छात्राओं ने तिलक चंदन लगाकर किया। सभी अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर देखकर कलर पार्टी के द्वारा कार्यक्रम मुख्य मंच तक लाया गया। विभिन्न विद्यालयों के 10 बैंड टीम ने सभी पदाधिकारी का स्वागत किया। वहीं वोट फॉर वैशाली मानव श्रृंखला बनाकर स्काउट गाइड ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्काउट प्रार्थना से कोई जिला पदाधिकारी उप विकास आयुक्त जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय हाजीपुर की गाइड एवं जी ए इंटर स्कूल की छात्राओं ने जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित सभी पदाधिकारी गण का स्वागत गान से स्वागत किया। जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने जिले में चलाए जा रहे हैं स्काउट गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में पदाधिकारी को अवगत कराया ।इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी स्काउट गाइड को शुभकामना देते हुए अपने परिजनों अभिभावक को एवं आस-पास के लोगों को मतदान करने की अपील करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका काफी अहम एवं निर्णायक होती है ।कार्यक्रम को उपविकास आयुक्त सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस , सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कुमार शुक्ला, अपर कार्यक्रम पदाधिकारी उदय उजवल सहित अन्य सभी पदाधिकारी ने संबोधित किया। संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन स्काउट मास्टर उमेश कुमार प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जितेश कुमार, चंदन कुमार, अरविंद, मांकेत नरेंद्र प्रसाद सिंह ,निरंजन कुमार, मो इमरान हसन अंसारी ,धीरज कुमार वर्मा ,अनु कुमारी, आरती सिंह , अंजली सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं का भूमिका अहम रहा।

उ मा विद्यालय प्रसौना मदन में आयोजित हुआ अभिभावक गोष्ठी सह प्रमाण वितरण समारोह

रक्सौल ।रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के उमा विद्यालय प्रसौना मदन में अभिभावक गोष्ठी सह प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष अर्जुन कुमार सिंह नें किया जबकि मौके पर स्थानीय सरपंच दीपक सिंह के साथ अन्य गणमान्य लोग व अभिभावकों की मौजूदगी रही। प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में इस विद्यालय के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा व अन्य कक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र -छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस विद्यालय का मैट्रिक परीक्षा फल 98% है। एच एम सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि 72 परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए थे ।इनमें 70 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस अवसर पर आयोजित अभिभावक गोष्ठी में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों से विद्यालय की बेहतर गुणवत्ता हेतु सलाह ली गई ।कई अभिभावकों ने शैक्षिक गुणवत्ता हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। कुछ अभिभावकों ने विद्यालय में शिक्षा समिति के पुनर्गठन करने की मांग की। साथ ही शिक्षकों से नियमित वर्ग संचालन करने की भी बात कही गई। विद्यालय में भवन के अभाव पर चिंता प्रकट किया गया। तथा शिक्षा विभाग के पास प्रधानाध्यापक से पत्राचार करने को कहा गया। इस अवसर पर शिक्षक राणा प्रताप सिंह, निर्भय कुमार, राहुल कुमार, अमितेश आनंद, सीमा कुमारी, ज्योति कुमारी, रुबी तिवारी, खुशबू कुमारी, सुनीता कुमारी, संतोष कुमार ठाकुर इत्यादि शिक्षक मौजूद रहे।

अखिल भारतीय जनवादी महिला दिवस के जिला कमिटी की बैठक

हाजीपुर। अखिल भारतीय जनवादी महिला दिवस (एडवा), वैशाली जिला कमिटी की बैठक आज हाजीपुर में गंगाजल देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी ने कहा कि हमारे सामने 18व लोकसभा चुनाव का गंभीर चुनौती है। पिछले 10 बर्षो में देश के अंदर शासन करने वाले भाजपा गठबंधन की सरकार सबसे अधिक महिलाओं के अधिक कार को छीना है। शौचालय, उज्ज्वला योजना, नारी वंदन के नाम पर ठगा है। महिला हिंसा की घटना सबसे अधिक मोदी के शासन में ही हुआ है। हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश को बाटा, जा रहा है। तीन कृषि कानून और श्रम कानून के नाम पर उनके अधिकार खत्म किया गया है। सबसे अधिक युवाओं को रोजगार खत्म हुई है। न ई शिक्षा नीति के नाम पर गरीब बच्चों को अनपढ बनाने की कोशिश हो रही है। भ्रष्टाचार खत्म करने के बदले इलेक्ट्रॉल बांढ सबसे अधिक कारपोरेशन से भाजपा ने ही खरीदा है। उन्होंने महिलाओं से आहवान किया कि इस चुनाव में भाजपा गठबंधन के खिलाफ महागठबंधन को बिहार में वोट देकर दिल्ली के गद्दी से मोदी सरकार को दुर करना है।

सम्पादकीय

चीन का भारत के विरुद्ध संघषर्पूर्ण रवैया जारी

चीन ने भारत के विरुद्ध टकराव एवं संघषर्पूर्ण रवैया जारी रखते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नए नामों की चौथी सूची जारी की है। इससे जाहिर होता है कि इसने अपनी विस्तारवादी नीति का परित्याग नहीं किया है। चीन की यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा के करीब एक पखवाड़े बाद आई है। हालांकि प्रधानमंत्री की इस यात्रा के समय ही चीन ने अपना राजनयिक विरोध दर्ज कराया था। मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। इस सुरंग से क्षेत्र में भारतीय सैनिकों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की प्रतिक्रिया को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। राजनयिक स्थिति यह है कि भारत तिब्बत को चीन का हिस्सा मानता है, लेकिन चीन अरुणाचल प्रदेश को विवादास्पद करार देता है। इसी आधार पर पिछले अनेक वर्षो से चीन की ओर से स्टेपल वीजा जारी किए जाते हैं। वस्तुतः चीन यह अपेक्षा रखता है कि समूची दुनिया उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे, लेकिन विडंबना देखिए कि वह स्वयं दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान नहीं करता। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षो के घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि चीन ने दुनिया विशेषकर एशियाई देशों का सहयोग गंवाया है। जापान, दक्षिण कोरिया, वियेतनाम और कई आसियान देश दक्षिण चीन सागर और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में चीन की दादागीरी को लेकर आशंकित हैं। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना के दुःस्साहस से उसने भारत का भी विश्वास खोया है। वस्तुतः अरुणाचल में चीन के अनधिकृत दावे से स्पष्ट होता है कि वह भारत को ऐसा देश समझता है, जिसे कभी भी नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद भारतीय खेमे में भी दृढ़ता आई है। चीन तिब्बत को अपना स्वायत्तशासी प्रदेश कहता है तथा भारत भी एक चीन नीति के तहत ताइवान के साथ तिब्बत को चीन का हिस्सा स्वीकार करता है। आने वाले दिनों में यह स्थिति बदल सकती है।

क्यों बिहार पर टिकी है सबकी निगाहे?

संजय गोस्वामी

क्यों बिहार पर है सबकी निगाहें क्योंकि बिहार एक ऐसा राज्य है जिसकी सीमाएं बड़े राज्यों से लगी है और उसी सेंटर से लोकसभा में हार जीत का फैसला होता है बिहार के मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार बीआईटी से सिविल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट है। नीतीश का उपनाम मुन्ना है। सोशल इंजीनियरिंग के जादूगर नीतीश कुमार ने सुशासन के मुद्दे पर पिछला चुनाव लड़कर बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की थी। नीतीश कुमार अब तक तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री होने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। विचारों से समाजवादी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काफी सुलझे हुए नेता माने जाते हैं। मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने एनडीए से काफी पुराना नाता तोड़ लिया था। नीतीश कुमार इस बार के लोकसभा चुनाव में अपने लिए उपयुक्त संभावनाएं तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार के पटना इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री लेने वाले नीतीश कुमार का जन्म साल 1951 में बिहार के एक दलित परिवार में हुआ था। नीतीश का उपनाम मुन्ना है। नीतिश के पिता एक स्वतंत्रता सेनानी थे। नीतीश ने राजनीति के गुण जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, कपूर्री ठाकुर और जॉर्ज फनार्डीज से सीखे थे। नीतीश ने 22 फरवरी 1973 को पेशे से इंजीनियर मंजू कुमारी सिन्हा से शादी की थी। नीतीश कुमार का एक पुत्र है जो बीआईटी, मेश्रा से इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है नीतीश के राजनीतिक करियर की शुरूआत साल 1977 में हुई थी। इस साल नीतीश ने जनता पार्टी के टिकट पर पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। साल 1985 को नीतीश बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गए। नीतीश का राजनीतिक कद धीरे धीरे बढ़ता जा रहा था। इसी बीच साल 1987 को नीतीश कुमार बिहार के युवा लोकदल के अध्यक्ष बन गए। नीतीश राजनीति में पारंगत हो ही रहे थे कि साल 1989 को नीतीश कुमार को जनता दल (बिहार) का महासचिव बना दिया गया। अब तक नीतीश ने अच्छी खासी राजनीतिक पहचान बना ली थी। साल 1989 नीतीश के राजनीतिक करियर के लिए काफी अहम था। इस साल नीतीश 9वीं लोकसभा के लिए चुने गए। लोकसभा के लिए ये नीतीश का पहला कार्यकाल था। इसके बाद साल 1990 में नीतीश अप्रैल से नवंबर तक कृषि एवं सहकारी विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री रहे। नीतीश का राजनीतिक कद लगातार बढ़ता जा रहा था। साल 1991 में दसवीं लोकसभा का चुनाव हुए नीतीश एक बार फिर से संसद में पहुंचे। इसी साल नीतिश कुमार जनता दल के महासचिव बने और संसद में जनता दल के उपनेता भी बने। करीब दो साल बाद 1993 को नीतीश को कृषि समित का चेयरमैन बनाया गया। एक बार फिर से आम चुनाव ने दस्तक दी। साल 1996 में नीतीश कुमार 11वीं लोकसभा के लिए चुने गए। नीतीश साल 1996झ्र98 तक रक्षा समिति के सदस्य भी रहे। साल 1998 ने नीतीश फिर से 12वीं लोकसभा के लिए चुने गए। 1998-99 तक नीतीश कुमार केंद्रीय रेलवे मंत्री भी रहे। एक बार फिर चुनाव हुए साल 1999 में नीतीश कुमार 13वीं लोकसभा के लिए चुने गए। इस साल नीतीश कुमार केंद्रीय कृषि मंत्री भी रहे। साल 2000 नीतीश के राजनीतिक करियर का सबसे अहम मोड़ था। इस साल नीतीश कुमार पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उनका कार्यकाल 3 मार्च 2000 से 10 मार्च 2000 तक चला। चूंकि बहुमत साबित नहीं कर सकें लेकिन सबसे बड़ी पार्टी एन डी ए थी अतः उस समय केंद्र में बीजेपी की सरकार थी अतः जद यू के कोटे से साल 2000 में नीतीश एक बार फिर से केंद्रीय कृषि मंत्री रहे। साल 2001 में नीतीश को रेलवे का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। साल 2001 से 2004 तक नीतीश केंद्रीय रेलमंत्री रहे। साल 2002 के गुजरात दंगे भी नीतीश कुमार के कार्यकाल के दौरान हुए थे। लेकिन गठबंधन बना था उस समय स्व शरद यादव अध्यक्ष थे लेकिन सही मायने में कमान श्री नीतीश कुमार के पास थी साल 2004 में नीतीश 14वीं लोकसभा के लिए चुने गए। लेकिन उस समय यू पी ए की सरकार बनी, साल लेकिन 2005 में नीतीश कुमार एक बार फिर से मुख्यमंत्री बने। बतौर 31वें मुख्यमंत्री नीतीश का ये कार्यकाल 24 नवंबर 2005 से 24 नवंबर 2010 तक चला। 26 नवंबर 2010 को नीतीश कुमार एक बार फिर से मुख्यमंत्री बने व एंनडीए की सरकार बनी 2014 में जब गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नाम बीजेपी ने पारित किया तो झिलमिला गएँ चूंकि 2014 में और अपनी पार्टी, जनता दल (यू) को उन्होंने एनडीए से अलग कर लिया बीजेपी की मजबूरी यह थी कि लगातार श्री आडवाणी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए बहुमत मिल ही नहीं रहा था अतः मोदीजी के गुजरात के शासन से लोगों में एक विश्वास जगा और पहली बार बीजेपी को सरकार बनाने हेतु स्पष्ट बहुमत मिला और उधर बिहार की राजनीति में चाणक्य व पाला बदलने में मशहूर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक मंझे हुए राजनेता के मशहूर नाम के नाम से उभरे उन्हें जब 2सीट मिली तो हार की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने मांझी को सी एम बना दिया फिर कुछ साल बाद 2015 में उन्हें लगने लगा कि कुर्सी नहीं होने के कारण कोई पूछ ही नहीं रहा है तो उन्होंने मांझी से बगावत कर आरजेडी से मिलकर सरकार बना ली और 2016 में आर जे डी व कांग्रेस से मिलकर महागठबंधन बना ली और पुनः मुख्य मंत्री बने और फिर लालू के बेटे तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री बनाया और आरजेडी के साथ मिलकर कुछ सालों बाद2017में बी जे पी के साथ मिलकर सरकार बना ली और ऐ गठबंधन 2020तक चली और पुनः बीजेपी, हम, निषाद पार्टी के साथ मिलकर वो मुख्यमंत्री बने और श्री सुशील मोदी उप मुख्य बने। कुछ सालों में दोनों दलों में खटपट होने लगी मुझे याद है अकेले प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने ताबड़तोड़ खूब सभाएं की क्योंकि सारे एग्जिट पोल महा गठबंधन को जीतते दिखा रही थी मोदीजी ने चुनाव में जंगल राज की बात करते हुए दो राजकुमार को खूब खड़ी खोटी सुनाई उस समय की याद यानि जंगल राज में गावों में लकड़सुंघवा घूमता था जो ठग, नशीली वस्तु का प्रयोग कर ठगने या लूटने वाला शिकारी है और बच्चा चोर शायद उस समय बच्चा के गायब होनी की खूब घटना घटी और एक ऐसा गैंग सक्रिय हो गया जो लूट पाट मारपीट, हत्या, वसूली, और बच्चों की तस्करी कर उनकी खोपड़ी को विदेशों में बेचते थे मोदीजी में ऐ सबसे बड़ी ताकत यह है कि सच्ची बात बताने और काम करने वालों की प्रशंसा करते हैं आज कोई जेल में है तो एक घोटाला हुआ और पकड़े गए इसमें गलती उनकी है,

क्या इन्हीं अज्ञानियों के प्रवचन से भारत बनेगा विश्वगुरु ?

जब आम लोगों के ज्ञान की यह स्थिति है तो आप समझ सकते हैं कि उन लोगों के ज्ञान का क्या आलम होगा जिनका पेशा ही ज्ञान वर्षा करना है। हमारे देश में जितने ज्ञानी, गुरु, उपदेशक, प्रवचनकर्ता आपको मिल जाएँगे उतने किसी भी देश में नहीं मिलेंगे। यह प्रचलित कहावत कि औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता, दरअसल हमारे ही देश में चरितार्थ होती दिखाई देती है। आप किसी भी सत्संग प्रवचन में जाएँ आपको सबसे अधिक संख्या महिलाओं की ही मिलेगी। भले ही उपदेशक या प्रवचनकर्ता अपने प्रवचनों में महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करते, उनके प्रति नकारात्मक सोच रखते ही क्यों न दिखाई दें। यहाँ उस विषय पर चर्चा की कोई जरुरत नहीं कि किस तरह देश के तमाम पाखंडी व व्यभिचारी कथित संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कताओं की गिद्ध दृष्टि अपनी शिष्याओं या अपने शिष्यों के परिवार की बहू बेटियों पर रहती है। यहां केवल उनके उस दिव्यज्ञान की चर्चा करनी है जो समय समय पर वे हमें सार्वजनिक रूप से ह्यसत्संग के नाम पर देते तो रहते हैं परन्तु दरअसल ऐसे ज्ञान पूरी तरह से झूठ, निराधार, अवैज्ञानिक तथा लोगों को गुमराह करने वाले होते हैं। कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के स्वामीनारायण भुज मंदिर के स्वामी कृष्णस्वरूप दास जोकि स्वामीनारायण भुज मंदिर के उपदेशक हैं, ने ऐसा ही एक अभद्र व भ्रामक उपदेश दिया था। स्वामी जी ने माहवारी (पीरियड्स) के दौरान खाना बनाने वाली महिलाओं को लेकर टिप्पणी करते हुये कहा था कि जो महिला माहवारी के दौरान भोजन बनाती है वह औरत अगले जन्म में निश्चित रूप से कुतिया की योनि में पैदा होगी। इसी प्रकार उस महिला के हाथों तैयार भोजन यदि किसी व्यक्ति ने एक बार भी खा लिया तो वह अगले जन्म में बैल की योनि में पैदा होगा।

निर्मल रानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

हमारा देश स्वभावतः ज्ञानियों का देश है। मान लीजिये अगर आप को किसी भी तरह का रोग है और आपने किसी से अपनी बीमारी साँझा की तो सामने वाला तुरंत कई तरह के उपचार या टोटके आपको बता डालेगा। जब आम लोगों के ज्ञान की यह स्थिति है तो आप समझ सकते हैं कि उन लोगों के ज्ञान का क्या आलम होगा जिनका पेशा ही ज्ञान वर्षा करना है। हमारे देश में जितने ज्ञानी, गुरु, उपदेशक, प्रवचनकर्ता आपको मिल जाएँगे उतने किसी भी देश में नहीं मिलेंगे। यह प्रचलित कहावत कि औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता, दरअसल हमारे ही देश में चरितार्थ होती दिखाई देती है। आप किसी भी सत्संग प्रवचन में जाएँ आपको सबसे अधिक संख्या महिलाओं की ही मिलेगी। भले ही उपदेशक या प्रवचनकर्ता अपने प्रवचनों में महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करते, उनके प्रति नकारात्मक सोच रखते ही क्यों न दिखाई दें। यहाँ उस विषय पर चर्चा की कोई जरुरत नहीं कि किस तरह देश के तमाम पाखंडी व व्यभिचारी कथित संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कताओं की गिद्ध दृष्टि अपनी शिष्याओं या अपने शिष्यों के परिवार की बहू बेटियों पर रहती है। यहां केवल उनके उस दिव्यज्ञान की चर्चा करनी है जो समय समय पर वे हमें सार्वजनिक रूप से ह्यसत्संग के नाम पर देते तो रहते हैं परन्तु दरअसल ऐसे ज्ञान पूरी तरह से झूठ, निराधार, अवैज्ञानिक तथा लोगों को गुमराह करने वाले होते हैं।

कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के स्वामीनारायण भुज मंदिर के स्वामी कृष्णस्वरूप दास जोकि स्वामीनारायण भुज मंदिर के उपदेशक हैं, ने ऐसा ही एक अभद्र व भ्रामक उपदेश दिया था। स्वामी जी ने माहवारी (पीरियड्स) के दौरान खाना बनाने वाली महिलाओं को लेकर टिप्पणी करते हुये कहा था कि जो महिला माहवारी के दौरान भोजन बनाती है वह औरत अगले जन्म में निश्चित रूप से कुतिया की योनि में पैदा होगी। इसी प्रकार उस महिला के हाथों तैयार भोजन यदि किसी व्यक्ति ने एक बार भी खा लिया तो वह अगले जन्म में बैल की योनि में पैदा होगा। उन्होंने पुरुषों को सम्बोधित करते हुये कहा था कि अगर आप माहवारी का सामना कर रही किसी भी महिला के हाथ का तैय्यार किया हुआ खाना खाते हैं तो उसके दोषी आप भी हैं। स्वामी जी के अनुसार शास्त्रों में स्पष्ट रूप से उपरोक्त बातें लिखी हुई हैं। अतः विवाह पूर्व प्रत्येक पुरुष को यह मालूम होना चाहिए कि उन्हें कैसा खाना खाना है और कैसा नहीं। स्वामीनारायण मंदिर भुज स्थित श्री सहजानंद गर्ल्स स्कूल नामक उस संस्था को भी संचालित करता है जिसमें कई वर्ष पूर्व कथित रूप से साठ से अधिक लड़कियों के अंडरवियर उतरने तथा यह देखने का आरोप लगा था कि कहीं किसी लड़की को माहवारी तो नहीं आ रही है? उस समय इस बात पर काफी विवाद भी हुआ था। कितनी तार्किक हो सकती हैं माहवारी के दौरान खाना न बनाने और कुतिया व बन्दर की योनि में पैदा होने वाली यह बातें?

इसी तरह तमाम संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कताओं द्वारा प्याज और लहसुन न खाये जाने को लेकर तरह तरह का ज्ञान बांटा जाता है। भारत हजारों मेट्रिक टन प्याज का निर्यात भी करता है और जरुरत पड़ने पर इसका आयात भी किया जाता है। मिसाल के तौर पर वर्तमान समय में ही काफी लंबे समय से भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, इसके बावजूद संयुक्त अरब अमीरात जैसे कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां सरकार की विशेष अनुमति से प्याज भेजा जा रहा है। पूरी दुनिया में इस वक़्त प्याज की बढ़ती खपत के कारण प्याज की कीमतें बढ़ी हुई हैं। परन्तु भारत से ऐसे देशों को सस्ती कीमतों पर प्याज दिया जा रहा है जिससे हमारे देश के प्याज उत्पादक किसान तथा व्यापारी नाराज भी हैं। गोया प्याज हमारे देश का बड़ा कृषि व्यवसाय भी है। दरअसल आयुर्वेद में खाद्य पदार्थों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है झ्र सात्विक, राजसिक और तामसिक। धारणा है कि सात्विक खाद्य ग्रहण करने से संयम, पवित्रता शांति जैसे गुण प्राप्त होते हैं जबकि राजसिक भोजन जुनून और खुशी जैसे गुण प्रदान करते हैं। इसी प्रकार तामसिक खाद्य क्रोध, जुनून, अहंकार और विनाश व हिंसा जैसे अवगुण को जन्म देता है। प्याज और लहसुन को भी राजसिक और तामसिक रूप में वगीर्कृत किया गया है। इसलिये सदियों से अनेक हिन्दू धर्मावलंबी इसे खाने से परहेज करते हैं। परन्तु इसके जो कारण हमारे आज के स्वयंभू उपदेशकों द्वारा बताये जाते हैं वे जरूर हास्यास्पद तथा समाज को अज्ञानता की ओर धकेलने वाले हैं। आजकल धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री नामक एक विवादित संत जोकि बागेश्वर धाम सरकार या महाराज के नाम से भी जाने जाते हैं उन्होंने कथा वाचन के दौरान यह ज्ञान दिया कि ह्यप्याज और लहसुन इसलिए नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसका जन्म गंदिगी से हुआ। राक्षस के मल से प्याज व लहसुन पैदा हुआ इसलिए उससे दुर्गन्ध बहुत आती है। देवता अगर आना भी चाहें तो दुर्गन्ध के कारण आ नहीं आते हैं। लहसुन प्याज का सेवन करने वालों पर हनुमान जी की कृपा नहीं हो पाती इसलिए प्याज व लहसुन खाना वर्जित है।ह्न इस तरह का ह्यदिव्यज्ञानह्न देकर वह अपने अनुयायियों को कितना भ्रमित करते हैं यह समझना जरूरी है।

इसी तरह देश की एक मशहूर साध्वी जया किशोरी ने अपने प्रवचन में मोर पंख की पवित्रता व भगवान के मोर पंख धारण करने के सन्दर्भ में मोर की पवित्रता का बखान करते हुये ह्यज्ञानह्न दे डाला कि मोर संभोग नहीं करता बल्कि मोर के आंसू पीकर मोरनी गर्भ धारण करती है इसलिये मोर को पवित्र माना गया है। इसीलिये कई देवी देवता मोर पंख धारण करते हैं। यही मूर्खता पूर्ण बयान कुछ वर्ष पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस महेशचंद्र शर्मा ने भी दिया था। उन्होंने भी कहा था कि मोर आजीवन ब्रह्मचारी होता है। उसके आंसू ग्रहण कर मोरनी गर्भवती होती है। उस समय भी अनेक पक्षी वैज्ञानियों ने इसे गलत व पूरी तरह से भ्रामक बयान बताया था। साध्वी जया किशोरी को तो उनके मोर सम्बन्धी भ्रामक बयान के लिये एक पत्रकार ने घेर लिया तो वे बगलें झाँकने लगीं। दुनिया जानती है कि अन्य पशु पक्षियों की ही तरह मोर भी सम्भोग करता है। परन्तु इन कथाकथित महाज्ञानियों और इनके पीछे लगी इनके अनुयायियों की भीड़ देखकर जेहन में यह सवाल जरूर खड़ा होता है कि क्या इन्हीं ह्यअज्ञानियों ह्य के प्रवचन से भारत विश्वगुरु बनेगा?

2024 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निभायेंगी अहम भूमिका

महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। क्या महिला मतदाता आगामी 2024 आम चुनाव का फैसला कर सकती हैं? उनके मतदाताओं की बढ़ती संख्या और अनुकूल कानून, जैसे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, उन्हें एक महत्वपूर्ण वर्ग बनाते हैं। राजनीतिक दल इस महत्वपूर्ण वर्ग की महिला मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, वे विभिन्न लाभ की पेशकश कर रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, महिला मतदाताओं का उच्च मतदान 2024 के चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। रिपोर्ट का अनुमान है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45फीसदी हो सकता है। गौरतलब है कि भारत के संविधान के निमार्ता बी.आर.अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि – राजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है। यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाएं तब तक न्याय पाने की उम्मीद नहीं कर सकतीं जब तक कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी न हो। भारत में महिलाएं लैंगिक पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए और अधिक उपायों की मांग कर रही हैं। पिछले सितंबर में संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया।

कल्याणी शंकर
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

राजनीतिक दलों को मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रोत्साहनों पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई पार्टियां महिला मतदाताओं को प्रोत्साहन तो देती हैं लेकिन अपनी उम्मीदवार सूची में महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं देतीं। महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। क्या महिला मतदाता आगामी 2024 आम चुनाव का फैसला कर सकती हैं? उनके मतदाताओं की बढ़ती संख्या और अनुकूल कानून, जैसे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, उन्हें एक महत्वपूर्ण वर्ग बनाते हैं। राजनीतिक दल इस महत्वपूर्ण वर्ग की महिला मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, वे विभिन्न लाभ की पेशकश कर रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, महिला मतदाताओं का उच्च मतदान 2024 के चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। रिपोर्ट का अनुमान है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45फीसदी हो सकता है।

गौरतलब है कि भारत के संविधान के निमार्ता बी.आर.अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि - ह्यराजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है।ह्न यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाएं तब तक न्याय पाने की उम्मीद नहीं कर सकतीं जब तक कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी न हो। भारत में महिलाएं लैंगिक पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए और अधिक उपायों की मांग कर रही हैं। पिछले सितंबर में संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा, ह्ययह हमारा विधेयक है। ह्य 2008 में सोनिया गांधी ने इसे उच्च सदन में पारित किया लेकिन लोकसभा में ऐसा करने में विफल रहीं। पिछले सितंबर में पीएम मोदी ने बड़े गर्व के साथ इस विधेयक को पेश किया और पहली बार संसद में इस विधेयक के आने के 27 साल बाद यह लगभग सर्वसम्मति से पास हो गया। जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया में देरी के कारण यह विधेयक चार साल बाद ही लागू हो पायेगा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारत में केवल एक महिला प्रधानमंत्री और 15 महिला मुख्यमंत्री हुई हैं। हालांकि, 1950 के दशक के बाद से चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या सात गुना बढ़ गई है, और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 5फीसदी से बढ़कर 15फीसदी हो गया है। विश्व स्तर पर स्थिति समान है। अंतर-संसदीय संघ के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 26फीसदी कानून निमार्ता महिलाएं हैं। दूसरी ओर, रवांडा में 60फीसदी से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है। 2008 में, रवांडा महिला-बहुमत संसद वाला पहला देश बन गया।

भारत में केवल 14फीसदी संसदीय सीटें महिलाओं के पास हैं। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 78 और 24 महिला सदस्य हैं। संसद के निचले सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 193 देशों में 149वें स्थान पर है। इसके अलावा, भारत के प्रत्येक राज्य में 16फीसदी से कम विधायक महिलाएं हैं। भारत में एक महत्वपूर्ण उपाय 1993 में किया गया तथा पंचायत की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी गई थीं, जिसे अब अधिकांश राज्यों में 50प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। लगभग दस लाख महिलाएं जमीनी स्तर पर सरपंच के रूप में कार्य करती हैं। ये सरपंच अपने स्थूल अनुभव के बल पर उन्नति की सीढ़ियां चढ़ सकेंगी। आगामी आम चुनाव में 96.88 करोड़ मतदाता होंगे, जिनमें 47 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। 2.63 करोड़ नये मतदाताओं में से 1.41 करोड़ महिलाएं हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में अधिक महिलाओं ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया है। महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि राजनीतिक दलों ने विधेयक का समर्थन किया, उन्होंने हाल के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को अपने टिकटों का केवल एक छोटा सा प्रतिशत आवंटित किया, आमतौर पर 10-15प्रतिशत। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए, भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों में 421 उम्मीदवारों में से महिलाओं को केवल 67 टिकट दिये। हालांकि, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल जैसे कुछ मुख्यमंत्रियों ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लाभों को पहचाना है।

लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए, पार्टियों को महिला सशक्तीकरण के लिए अधिक महिला नेताओं और उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की जरूरत है। हालांकि, कुछ लोगों का तर्क है कि यदि महिलाएं ज्ञात राजनीतिक परिवारों से आती हैं तो वे जीतती हैं। कई नेता उम्मीदवारों को चुनने के लिए अपने परिवार से आगे नहीं देखते हैं। यह समझना जरूरी है कि सभी महिलाएं महिला उम्मीदवारों को वोट नहीं देंगी।

राजनीतिक दलों को मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रोत्साहनों पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई पार्टियां महिला मतदाताओं को प्रोत्साहन तो देती हैं लेकिन अपनी उम्मीदवार सूची में महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं देतीं। महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, पार्टियों को राजनीतिक राजवंशों को दिये जाने वाले तरजीही व्यवहार को हतोत्साहित करना चाहिए।

भारतीय राजनीतिक दल विभिन्न योजनाओं और लाभों के साथ महिला मतदाताओं को लक्षित कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और 2, 000 रुपये नकद प्रोत्साहन राशि दिया है। हिमाचल प्रदेश में 18-60 वर्ष की महिलाओं को 1, 500 रुपये मासिक दिया जाना है। दिल्ली की ह्यमुख्यमंत्री महिला सम्मान योजनाह्न भी 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1, 000 रुपये मासिक प्रदान करेगी। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने पारिश्रमिक बढ़ोतरी की घोषणा की है। आप और कांग्रेस 1, 000 रुपये मासिक भुगतान करने और गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना भत्ता देने की घोषणा की है।

महिलाओं के प्रति राजनीतिक जवाबदेही निर्णय लेने में लिंग संतुलन हासिल करने, राजनीतिक दलों में महिलाओं की अधिक महत्वपूर्ण उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ावा देने और पार्टी नीतियों और प्लेटफार्मों में लैंगिक समानता के मुद्दों को आगे बढ़ाने से शुरू होती है। इन सबके लिए शिक्षा भी जरूरी है। हमें ऐसे शासन सुधारों की आवश्यकता है जो लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों। इससे निर्वाचित अधिकारी अधिक प्रतिक्रियाशील हो सकेंगे।

कांग्रेस को चाहिए दिग्विजय जैसे अथक मेहनती!

शकील अख़्तर

उनकी 9 दिन की वादा निभाओ यात्रा सोमवार कोअपने गृहनगर राघौगढ़ में पूरी भी हो गई। 31 मार्च को उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की पदयात्रा शुरू की थी। पदयात्रा में वे अब देशके सबसे प्रमुख यात्री बन गए हैं। 77 साल की उम्र में अभी उन्होंने 25 किलमीटर रोज पैदल यात्रा की। लोगों से मिलते बात करते हुए चलते रहे। जिसगांव में रात हो गई रुक गए। इस चुनाव के शुरू होने से पहले हमने लिखा भी था और चैनल पर बोला भी था कि कांग्रेस के बडे नेताओं में से पार्टी दिग्विजय सिंह को जहां से कहेगी वह लड़ेंगे। और वे राजगढ़ पहुंच गए। और उनकी 9 दिन की वादा निभाओ यात्रा सोमवार को अपने गृहनगर राघौगढ़ में पूरी भी हो गई। 31 मार्च को उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की पदयात्रा शुरू की थी। पदयात्रा में वे अब देशके सबसे प्रमुख यात्री बन गए हैं। 77 साल की उम्र में अभी उन्होंने 25 किलमीटर रोज पैदल यात्रा की। लोगों से मिलते बात करते हुए चलते रहे। जिस गांव में रात हो गई रुक गए। दिग्विजय राजनीति में संघर्ष के साथ सतत यात्री के रूप में प्रसिद्ध होगए है। इससे पहले 2017 झ्र 18 में उन्होंने अपनी पहली चर्चित नर्मदा यात्रा निकाली थी। करीब साढ़े छह महीने की। 3330 किलोमीटर की पद यात्रा। वह यात्रा तख्ता पलट साबित हुई थी। 9 अप्रैल 2018 में समापन हुआ था। और सालके आखिर में भाजपा की 15 साल पुरानी सरकार विदा हो गई थी। वह अलग बात हैकि कमलनाथ उस तोहफे में मिली सरकार को भी चला नहीं पाए। और एक साल कुछ समयमें ही कांग्रेस में टूट फूट हो गई। सरकार चली गई। खैर वह अलग कहानी है।अभी बात कांग्रेस में कौन कौन लड़ सकता है पर हो रही है। लड़ सकता है मतलब विपरीत परिस्थिति में, हर हाल में पार्टी केसाथ खड़े होना। नेतृत्व के आदेश का पालन करना। तो पार्टी में यह हिम्मत फिर दिग्विजय ने दिखाई है। राहुल ने चुनाव शुरूहोने से पहले कहा कि सब बड़े नेताओं को यह चुनाव लड़ना चाहिए। मगरदिग्विजय के अलावा और किस बड़े नेता ने बीड़ा उठाया? यूपीए के दस साल में सब बड़े नेता मंत्री रहे। दिग्विजय ने मंत्री पदस्वीकार करने से इनकार कर दिया। ओल्ड स्कूल वचन निभाने वाले नेता। रघुकुलरीत वाले। 2003 में मध

संक्षिप्त खबरें

जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

छपरा कार्यालय। बुधवार को सारण जिला अंतर्गत अनुमंडल अग्निशमन सदर छपरा, मढ़ौरा एवं सोनपुर में ग्राम भटोरा वार्ड 3,पंचायत डेवढ़ी थाना एवं प्रखंड तरैया; ग्राम गंगवादी वार्ड 6 तरैया रत्नाकर; ग्राम अहिमन पत्ती वार्ड 2, पंचायत कुरिया थाना दिघवारा सोनपुर; ग्राम केशवपुर वार्ड एक पंचायत त्रिलोक चक थाना दिघवारा; ग्राम करणपुर वार्ड 6थाना एकमा में मॉक ड्रिल; जीविका दीदी के साथ बैठक एवं कैजेपी के माध्यम से जन जागरूकता का कार्यक्रम कराया गया!

145 ग्राम गांजा के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दिघवारा नगर। थाना क्षेत्र के सितलपुर बाजार स्थित कारगिल चौक के पास एक दुकानदार को दिघवारा पुलिस ने गांजा बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पुलिस ने 145 ग्राम गांजा बरामद किया।गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के बस्तिजलाल गांव निवासी देवनन्दन पंडित के पुत्र लक्ष्मण पंडित के रूप में हुई है।पुलिस ने धंधेबाज को गिफ्तार कर जेल भेज दिया।

48 पीस फ्रूटी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

पानापुर(सारण) गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने भोरहा पांडेय टोला में छापेमारी कर 48 पीस फ्रूटी शराब के साथ धंधेबाज राजकुमार राय को गिरफ्तार कर लिया .बताया जाता है कि स्थानीय थाने के एएसआई मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में मंगलवार की रात गश्ती पर निकली पुलिस को सूचना मिली थी कि भोरहा पांडेय टोला निवासी राजकुमार राय शराब छुपाकर रखा है .सूचना मिलने के बाद पुलिस बुधवार की अहले सुबह उसके घर पर दबिश दी .पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही वह भागने लगा जिसे पुलिस के जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया .वही उसके घर की तलाशी ली गयी तो एक कार्टून में 48 पीस फ्रूटी पैक शराब पुलिस ने जब्त किया .थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर धंधेबाज को न्यायालय भेज दिया गया ।

विशेष ट्रेन का होगा संचलन

छपरा कार्यालय। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 09041/09042 उधना-छपरा-उधना अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 10, 11, 12, 15, 17 एवं 18 अप्रैल, 2024 को तथा छपरा से 11, 12, 13, 16, 18 एवं 19 अप्रैल, 2024 को 06 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। फलस्वरूप 09041 उधना-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी 10, 11, 12, 15, 17 एवं 18 अप्रैल, 2024 को उधना से 11.25 बजे प्रस्थान कर चलथान से 11.45 बजे, बारडोली से 12.05 बजे, नंदुरबार से 13.35 बजे, भुसावल से 16.45 बजे, खंडवा से 18.50 बजे, इटारसी से 21.30 बजे, दूसरे दिन जबलपुर से 01.20 बजे, कटनी से 02.50 बजे, सतना से 04.30 बजे, मानिकपुर से 05.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 07.40 बजे, वाराणसी जं. से 12.40 बजे, जौनपुर से 14.45 बजे, गाजीपुर सिटी से 16.35 बजे तथा बलिया से 17.35 बजे छूटकर छपरा 19.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 09042 छपरा-उधना अनारक्षित विशेष गाड़ी 11, 12, 13, 16, 18 एवं 19 अप्रैल, 2024 को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बलिया से 00.35 बजे, गाजीपुर सिटी से 01.35 बजे, जौनपुर से 03.15 बजे, वाराणसी जं. से 05.25 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.25 बजे, मानिकपुर से 12.00 बजे, सतना से 13.20 बजे, कटनी से 14.55 बजे, जबलपुर से 16.35 बजे, इटारसी से 20.10 बजे, खंडवा से 23.33 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 01.45 बजे, नंदुरबार से 05.10 बजे, बारडोली से 06.35 बजे तथा चलथान से 06.55 बजे छूटकर उधना 07.30 बजे पहुँचेगी।

मंडल 3250 रोट्रेक्ट सम्मेलन में सम्मानित हुए श्याम बिहारी अग्रवाल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । मंडल 3250 का रोट्रेक्ट सम्मेलन व्याएज रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा मुजफ्फरपुर में आयोजित किया गया। रोट्रेक्ट सम्मेलन में पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह एवम पुष्प गुच्छ देकर डीआरआर आयुष शास्वत तथा डीआरआर इलेक्ट रिन्कु कुमार सिंह ने सम्मानित किया। पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल ने बताया रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर ने मंडल अधिवेशन का शानदार आयोजन किया तथा आथित्य से ओत-प्रोत किया। सत्र 2025-26 के डीआरआर चुनाव अधिकारी की जिम्मेवारी का वहन करते हुए पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल ने निकुंज बाजोरिया को सत्र 2025-26 का निर्विरोध डीआरआर घोषित किया। पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल के सम्मानित होने पर डीआरआर आयुष शास्वत, डीआरआर इलेक्ट रिन्कु कुमार सिंह, डीआरआर नोमनी निकुंज बाजोरिया, पीडीआरआर मुकेश प्रताप सिंह, पीडीआरआर आरती गोस्वामी, आशित सुलातानिया एवम रोटरी तथा रोट्रेक्ट एवम सारण्य महोत्सव के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

तरैया में बाबा साहब अम्बेडकर जयन्ती मनाने हेतु किया गया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। प्रखंड के चैनपुर खराटी बाजार पर 14 अप्रैल 2024 को बाबा साहेब अम्बेडकर जन्मोत्सव के आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा की गई।सभा स्थल तरैया चैनपुर खंराटी से शोभायात्रा निकालने के लिए अंबेडकर विचार मंच के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की बाबा साहब जयंती शोभायात्रा सुबह 8:00 बजे से शांतिपूर्वक सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया।समीक्षा बैठक में अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष देवनाथ राम, सचिव ललन प्रसाद यादव, सुभाष कुमार सिद्धार्थ, तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सहनी,वीर बहादुर राय,शैलेंद्र राम,मुखिया ओम प्रकाश राम, शिक्षक कमलेश राम,चंदेश्वर राम,समाजवादी नेता डॉ.त्रिलोकी नाथ सिंह,विजय यादव,विनय राम, जितेंद्र राम,राज बलम राम,डॉ. हरेंद्र सिंह,डॉ. कैलाश सिंह,डॉ. दिलीप राम,मनोज राम सहित अन्य शामिल हुए।

बीपीएससी शिक्षिका की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जलालपुर। प्रखंड के बरेजा ग्राम स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय यादव टोली मे टी आर ई वन से नियुक्त हुई बीपीएससी शिक्षिका आदिति राज की बीती रात मौत हो गई वह आंत की बीमारी से ग्रसित थी, जिनका ऑपरेशन रूबन हॉस्पिटल पटना में हुआ थोवह चिरांद के शशिभूषण यादव की पुत्री थीमृतक के पिता ने इस आशय की सूचना विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी सुमन को दौबच्चो के बीच वह अपने बेहतरीन शिक्षण कौशल से लोकप्रिय थीउसकी मौत की खबर सुनकर जलालपुर के शिक्षको मे शोक लहर दौड़ गई उसके प्रति संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रधानाध्यापक मणीन्द्र कुमार पांडेय, उमेश कुमार सिंह अखिलेश्वर पांडेय, शिक्षक नेता मनीष कुमार ,शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह, धीरज तिवारी, राजेश कुमार सिंह, राजेश कुमार , विकास कुमार गुप्ता ,सुनील कुमार कुशवाहा ,अविनाश तिवारी,डा राजेश यादव ,रामबाबू यादव , जितेंद्र मिश्र, श्याम तिवारी,विनय पुरी,शिक्षक नेता संजय पांडेय, हरिदयाल यादव, मुकेश यादव सहित क ई अन्य भी शामिल हैं

तरैया में बाबा साहब अम्बेडकर जयन्ती मनाने हेतु किया गया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। प्रखंड के चैनपुर खराटी बाजार पर 14 अप्रैल 2024 को बाबा साहेब अम्बेडकर जन्मोत्सव के आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा की गई।सभा स्थल तरैया चैनपुर खंराटी से शोभायात्रा निकालने के लिए अंबेडकर विचार मंच के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की बाबा साहब जयंती शोभायात्रा सुबह 8:00 बजे से शांतिपूर्वक सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया।समीक्षा बैठक में अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष देवनाथ राम, सचिव ललन प्रसाद यादव, सुभाष कुमार सिद्धार्थ, तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सहनी,वीर बहादुर राय,शैलेंद्र राम,मुखिया ओम प्रकाश राम, शिक्षक कमलेश राम,चंदेश्वर राम,समाजवादी नेता डॉ.त्रिलोकी नाथ सिंह,विजय यादव,विनय राम, जितेंद्र राम,राज बलम राम,डॉ. हरेंद्र सिंह,डॉ. कैलाश सिंह,डॉ. दिलीप राम,मनोज राम सहित अन्य शामिल हुए।

पुलिसिया कार्रवाई में कुल 39 अपराधी गिरफ्तार

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कल 39 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए अपराधियों में एनडीपीएस कांड के एक, एससी -एसटी कांड के तीन, खनन के नव, उत्पाद कांड के 15 तथा अन्य कांड के 6 अपराधी शामिल है। इस अभियान में पांच वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि 8 वारंट का निष्पादन भी किया गया है। सारण पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से 2,30,500 रुपए जुमार्ना के रूप में वसूला गया है। इसके अलावा 641.4 लीटर देसी शराब, डेढ़ सौ ग्राम गांजा, तेरह ट्रक, सात ट्रैक्टर, टेंपो एक तथा नगद 10,500 रुपए भी जब्त किया गया है।

शांतिपूर्व निर्वाचन कराने को ले डीएम ने सभी एसडीओ एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी अमन समीर के द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को लोक सभा आम निर्वाचन -2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रकिया को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अग्नेयास्त्रों के सत्यापन एवं जमा कराने,अवैध हथियार/कारतूस एवं विस्फोटक पदार्थों को जप्त करने हेतु प्रभावी कार्रवाई का निदेश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव घोषणा के तुरंत बाद सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति, शस्त्र एवं कारतूस की जाँच कराने, शस्त्रों को भौतिक सत्यापन तथा जमा करने, अवैध हथियार, विस्फोटक पदार्थ को जब्त करने का निदेश पूर्व में ही जारी कर दिया गया है। वाहनों की जाँच में सतर्कता बरतने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही इस बात का ध्यान रखने को कहा गया कि असामाजिक तत्वों अथवा शस्त्र, कारतूस को राज्य के बाहर से परिवहन नहीं किया जा सके। बताया गया कि आसूचनाओं का संग्रहण किया जाय ताकि शस्त्रों के अवैध निर्माण एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगायी जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सीआर.पी.सी. की धारा-144 के तहत लागू निषेधाज्ञा के तहत अनुज्ञप्त शस्त्रों को लेकर चलने पर प्रभावी ढंग से रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि सभी शस्त्र एवं कारतूस प्रतिष्ठानों की जाँच कर यह सुनिश्चित किया जाय कि उनका स्टॉक अद्यतन रखा गया है।

नवगछिया पुलिस दिख रही है एक्शन मोड में, हुई बड़ी कार्रवाई

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र में जहां एक तरफ लोकसभा आम निर्वाचन को भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु नवगछिया पुलिस दृढ़ संकल्पित होकर कार्य में जुटी है। वही दूसरी तरफ अपराधी अपने आपराधिक मंसूबों को पूरा करने को लेकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए चल रहे है। इसी बाबत गोपालपुर थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार चौधरी व एस टी एफ टीम के साथ सनहा सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु लतरा गांव के रणवीर यादव उर्फ राणा यादव के घर के पास पहुंचे। जैसे ही पुलिस बल द्वारा घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो दो युवक छत से कूद कर भागने लगा, तभी मौजूद पुलिस कर्मियों ने दोनों युवक को खदेड़ कर धरदबोचा है। इस दौरान पुलिस द्वारा तलाशी के क्रम में अपराधी गोलू कुमार के कमर से एक लोडेड देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस और शिवम कुमार के पैकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उक्त दोनों अभियुक्त की पहचान लतरा गांव के रहने वाले हैं।

सेना के रिटायर्ड जवान के निधन के 20 दिन बाद बीमार पत्नी ने भी तोड़ा दम

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। महज बीस दिनों के अंतराल पर पहले पति तथा फिर पत्नी ने इलाज के क्रम में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। लिबर रोग से पीड़ित सेना के अवकाश प्राप्त जवान व उनकी पत्नी के महज 20 दिनों के अंतराल पर हुए असामयिक निधन से पूरा गाँव शोकाकुल है। बताते चलें कि बीते 18 मार्च को दिल्ली के एक अस्पताल में इलाजरत माँझी के माड़ीपुर गाँव निवासी व सेना के अवकाश प्राप्त जवान उपेन्द्र सिंह का निधन हो गया था। उधर पति की मौत की सूचना मिलने के बाद बीमार पत्नी बुगलेश देवी को भी परिजनों द्वारा चिंताजनक स्थिति में दिल्ली में ही एक निजी अस्पताल में एडमिट करा दिया गया। जहाँ बीते रविवार को पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों ने दिल्ली में ही मृतका का भी दाह संस्कार सम्पन्न करा दिया तथा वापस घर लौट गए। परिजनों ने बताया कि कुछ ही दिन पहले पत्नी ने अपने बीमार पति को अपना लिबर डोनेट कर जीवनदान दिया था। हालाँकि लिबर डोनेट करने के बाद से दोनों बीमार चल रहे थे तथा दिल्ली में ही दोनों को इलाज के लिए एडमिट कराया गया था। अपने माता पिता के असामयिक निधन से मर्माहत पुत्र प्रभात कुमार सिंह ने क्रमशः दोनों को मुखाग्नि देकर दाह संस्कार सम्पन्न करा दिया। दम्पत्ति के लम्बे इलाज के बाद हुए निधन से टूट चुके परिजन दोनों के एक साथ श्राद्ध संस्कार सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। निजी स्कूल के शिक्षक का हार्ट अटैक से निधन। माँझी। माँझी नगर पँचायत के बाल मुकुन्द दास के मठिया स्थित होली किड्स स्कूल के शिक्षक व रिविलगंज के तिवारी टोला निवासी शशि भूषण उर्फ गुड्डू तिवारी का सोमवार की सुबह हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया। शिक्षक के निधन की खबर मिलने के बाद मंगलवार को विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्या डॉ श्वेता सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित कर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई।

प्रेमी सुमन कुमार हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार

बरियारपुर (मुंगेर) बरियारपुर थाना क्षेत्र के रहिया गांव निवासी 20 वर्षीय युवक को प्रेम प्रसंग मामले में पीट पीट कर हत्या करने के मामले मे 25 वर्षीय मिथुन कुमार पिता राजेंद्र मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दिनांक 7 अप्रैल 2024 को सुचना मिलते ही अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। दिल खुश कुमार, मौके एबरदात छापेमारी के क्रम मे गिरफ्तार कर पुछ ताछ के क्रम मे अपने सहयोगी मिथुन कुमार पिता राजेन्द्र मंडल ग्राम पैरुमंडलटोला बताया गया जिसे रात्री गश्ती दल के क्रम गिरफ्तार किया गया ।कानुनी कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया गया।

मशरक में ट्रक की टक्कर में घायल की इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा काली स्थान पर अनियंत्रित ट्रक की टक्कर में घायल की इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई। मृतक की पहचान मशरक के कर्ण कुदरिया गांव निवासी योगेन्द्र सिंह का 45 वर्षीय पुत्र परशुराम सिंह उर्फ बब्लू के रूप में हुई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक बैंगलोर में काम करता है और छुट्टी पर घर आया था और बुधवार को ही वापस जानें का ट्रेन का टिकट था। घटना के बारे में बता दें कि इसुआपुर थाना क्षेत्र के इसुआपुर बाजार में अनियंत्रित बालू लदे ट्रक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी और ट्रक लेकर भगाने लगा उसी दौरान मशरक बाजार में भी सड़क किनारे टक्कर मारते डुमरसन की तरफ तेजी से भागने लगा उसी में बंगरा काली स्थान पर भी सब्जी मंडी में सब्जी खरीद रहें लोगों को टक्कर मार दी और ट्रक तेजी से डुमरसन की तरफ ले जाने लगा जिसमें फिर डुमरसन बाजार में भी सामने से आ रहें ट्रक से टक्कर हो गई। वहीं मौके पर पहुंची थाना पुलिस गश्ती दल ने ट्रक और चालक को कब्जे में ले लिया और आधा दर्जन लोगों को घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत में परशुराम सिंह उर्फ बब्लू को पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत बुधवार को हो गई।

पुलिसिया कार्रवाई में कुल 39 अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कल 39 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए अपराधियों में एनडीपीएस कांड के एक, एससी -एसटी कांड के तीन, खनन के नव, उत्पाद कांड के 15 तथा अन्य कांड के 6 अपराधी शामिल है। इस अभियान में पांच वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि 8 वारंट का निष्पादन भी किया गया है। सारण पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से 2,30,500 रुपए जुमार्ना के रूप में वसूला गया है। इसके अलावा 641.4 लीटर देसी शराब, डेढ़ सौ ग्राम गांजा, तेरह ट्रक, सात ट्रैक्टर, टेंपो एक तथा नगद 10,500 रुपए भी जप्त किया गया है।

जयप्रकाश विवि. में राष्ट्रीय सेवा योजना ने कराया मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से बुधवार को रिजनल सेन्टर के निदेशानुसार विश्विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ,कुलसचिव प्रोफेसर रणजीत कुमार स्वामी अतिदेवानन्द महराज सचिव रामकृष्ण मिशन ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया। सभी गणमान्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित किए। इस कार्यक्रम में जय प्रकाश विश्विद्यालय के अनुरोध पर स्वामी अतिदेवानन्द महराज सचिव रामकृष्ण मिशन और प्रोफेसर के के द्विवेदी ने सभी वालंटियर को मतदान एवं मतदान के लिए जागरूक किया। कुलसचिव प्रोफेसर रणजीत कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र के मंदिर मे जाति धर्म क्षेत्र से ऊपर उठकर मतदान अवश्य करें। 18 से 30 बर्ष के मतदाता की बहुत अधिक भूमिका है। चुनाव लोकतंत्र के लिए इम्तिहान है और मतदाता परीक्षार्थी हैं। कुलपति ने अपने उद्बोधन मे कहा कि मतदाता अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर मतदान अवश्य करें। सभी उपस्थित वालंटियर एवं अन्य सबको मतदाता शपथ दिलवाया। : मंच संचालन प्रोफेसर हरिश्चंद्र समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शची मिश्रा कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया। इस अवसर पर विवि के पूर्व एनएसएस समन्वयक डॉ विद्यावाचस्पति त्रिपाठी , प्रोफेसर विश्वामित्र पांडेय कुलानुशासक सभी महाविद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारी और स्नातकोत्तर विभाग के कार्यक्रम पदाधिकारी ,अंग्रजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अमर नाथ प्रसाद एवं डीन कामर्स प्रोफेसर कृष्ण कुमार मौजूद थे।

डीएम ने किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा बुधवार को समाज कल्याण विभाग, बिहार द्वारा सारण जिले में संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह, बाल गृह, विशिष्ट दत्तक संस्थान तथा बालिका गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी गृहों में बच्चों की पढ़ाई तथा स्किल के विकास हेतु आवश्यक निदेश दिए गए ताकि संबंधित बच्चे उक्त गृहों से निकलकर समाज में अपनी अच्छी पहचान बना सकें। निरीक्षण के क्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, सिविल सर्जन आदि उपस्थित रहे।

ऑटो को बचाने के चक्कर में बोलेरो पलटी

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा। खैरा थाना क्षेत्र के खैरा मढ़ौरा मुख्य पथ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा के रामपुर कला के समीप बुधवार को ऑटो को बचाने में बोलेरो सड़क पर ही पलट गई.हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं है,बोलोरो पलटने से चालक को भी कोई चोट नहीं आई है.घटना स्थल से मिली जानकारी अनुसार उक्त ऑटो को चालक के द्वारा अस्पताल के समीप साइड जा रही थी,तभी खैरा तरफ बोलोरो भी जा रही थी उसी में अनियंत्रित होकर ऑटो को बचाने के चक्कर में ओवरस्पीड के वजह से बोलोरो तीन चार पलटी सड़क पर ही मारकर पलट गई.वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से चालक को निकाला गया.लेकिन चालक को कोई चोट नहीं थी चालक बिल्कुल सुरक्षित था.वहीं मुख्य पथ पर पलटे हुए बोलोरो को जेसीबी के माध्यम से सीधा कर साइड किया गया. हालांकि वाहन पलटने से बोलोरो को क्षति हुई है।

लोन नही चुकाने पर बैंक ने मशरक में मकान पर कब्जा लेकर किया सील

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक नगर पंचायत के गोला रोड स्थित एक मकान पर सेन्ट्रल बैंक ने बुधवार को कब्जा ले लिया। मकान के मालिक भोला प्रसाद को बैंक पिछले करीब डेढ़ साल से लगातार नोटिस भेज रहा था। बावजूद इसके लोन नहीं चुकाया गया। इसी कारण बैंक ने कार्रवाई करते हुए मकान को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान मशरक सीओ सुमंत कुमार मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहें। साथ ही मशरक थाना पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद थी। बैंक की टीम ने इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में पूरे मामले की वीडियोग्राफी की और मकान को सील कर दिया। इसके बाद बैंक ने घर के बाहर कब्जे को नोटिस भी चस्पा कर दिया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मकान के मालिक जो व्यापारी हैं उन पर लगभग 22 लाख रुपये का लोन हैं लेकिन जमा नहीं किया जा रहा है। बैंक ने मकान मालिक को नोटिस भेजा था लेकिन उसके बाद भी कोई असर नहीं पड़ा। इसीलिए कब्जा करना पड़ा। अब यदि अब भी मकान मालिक राशि नहीं देगा तो मकान नीलाम कर दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की

- सभी कोषांगों को अपने कार्यों को निर्धारित मानक समय पर पूरा करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी स्तरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न गठित कोषांगों द्वारा समयबद्ध ढंग से कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। डिस्पैच सेंटर के बारे में बताया गया कि सारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु छपरा एवं गरखा विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेंद्रों का डिस्पैच बाजार समिति से किया जायेगा। इन दोनों विधानसभा के मतदानदल का पार्टी मिलान एवं वाहन हेतु जयप्रकाश विश्वविद्यालय में व्यवस्था की जा रही है। उपविकास आयुक्त को इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर का वरीय प्रभारी बनाया गया है। अमनौर एवं मढ़ौरा विधान सभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्रों का डिस्पैच आईटीआई मढ़ौरा से किया जायेगा। नगर आयुक्त इसके वरीय प्रभारी रहेंगे। सोनपुर एवं परसा विधानसभा के मतदानकेंद्रों का डिस्पैच रेलग्राम सोनपुर से किया जायेगा। अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत इसके नोडल रहेंगे। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के बनियापुर एवं एकमा के मतदानकेंद्रों का डिस्पैच जयप्रकाश विश्वविद्यालय से किया जायेगा। अपर समाहर्ता लोकशिकायत इसके वरीय प्रभारी रहेंगे।तरैया विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्रों का डिस्पैच आईटीआई मढ़ौरा से किया जायेगा। नगर आयुक्त इसके वरीय प्रभारी रहेंगे। मांझी विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्रों का डिस्पैच राजेन्द्र कॉलेज से किया जायेगा। अपर समाहर्त्ता इसके वरीय प्रभारी रहेंगे। सभी डिस्पैच सेंटर पर पार्टी मिलान एवं वाहन पार्किंग को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिया गया। डिस्पैच सेंटर हेतु छपरा , मढ़ौरा एवं सोनपुर में स्पष्ट ट्रैफिक प्लान तैयार कर धरातल पर इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। निर्वाचन कार्य हेतु आने वाले अर्द्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस बल के आवासन हेतु निर्धारित स्थलों पर तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रत्येक आवासन स्थल के लिए एक स्थानीय नोडल पदाधिकारी रहेंगे जो निरंतर आवासित बलों के साथ संपर्क में रहकर किसी भी समस्या का समाधान करेंगे। मतदान के दिन सेक्टर पदाधिकारियों के लिये निर्धारित मानक के अनुरुप क्लस्टर पॉइंट निर्धारित किया जा रहा है। नामांकन के अवसर पर निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष एवं परिसर में की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

किसानों को 1 जून को मतदान करने को लेकर किया जा रहा जागरूक

भभुआ। थाना क्षेत्र के मोकरी गांव में कृषि विभाग द्वारा किसानों को 1 जून को मतदान करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के कृषि पदाधिकारी रेवती रमण द्वारा बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर कैमूर में 1 जून को मतदान होना है। जहां लोकतंत्र में भागीदारी हम सब की जिम्मेदारी नारों के साथ लोगों के बीच जागरूक किया गया है। जो कि अधिक से अधिक लोग 1 जून को मतदान करेंगे और लोकतंत्र में भागीदारी बनेंगे। मौके पर एटीएम सुनील पटेल एसी अनुपम कुमार किसान सलाहकार सहित ग्रामीण के महिला एवं पुरुष किसान मौजूद रहे।

पहाड़ियां गांव बधार में रखे 5 बीघा खेत का पुआल जलकर हुआ राख

भगवानपुर। थाना क्षेत्र के पहाड़िया गांव बाधार में रखे 5 बीघा खेत का पुआल जलकर राख हो गया है। सूचना पर अग्निशमन विभाग के कर्मी पहुंचकर आग पर काबू पाया है। अग्निशमन विभाग के कर्मी नंदन कुमार ने बताया कि पहाड़िया गांव के बाधार में रखें 5 बीघा खेत का पुआल पुरी तरह से चलकर राख हो गया था। मौके जब पर पहुंचा गया तो विकराल रूप से आग पकड़ लिया था। उसके बाद अपनी सामान विभाग के अग्नि कर्मी सत्येंद्र कुमार नागेंद्र कुमार विनोद कुमार मुकेश कुमार व्यास मुंशी द्वारा आग पर काबू पाया गया है। वहीं आसपास में गेहूं की फसल खेत में लगी हुई थी जिसे बाल बाल बचा लिया गया है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों की मौके पर काफी भीड़ जुटी हुई थी।

पुलिस से झड़प मामले में एक युवक को भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के तेंदुनी चौक पर वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिस क्रम में स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा हेलमेट सहित अन्य बिंदुओं को लेकर बारीकी से जांच की जा रही थी। जिस क्रम में बिना हेलमेट लगाए पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। उक्त क्रम में पुलिस के द्वारा हेलमेट लगाने की बात युवक से की गई तो युवक पुलिस के साथ हाथापाई करने लगा। जिससे पुलिस ने बाइक के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि शहर के तेंदुनी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिस क्रम में पुलिस ने काराकाट थाना क्षेत्र के कुरुर निवासी लालबाबू पासवान के पुत्र राजू कुमार उर्फ राजू पासवान को वाहन जांच स्थल से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

अवैध बालू लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना के जितवाडीह पुल के पास से पुलिस ने एक ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक को जप्त किया है साथ ही जप्त के बाद ट्रक पर जुमार्ने के लिये विभाग को सूचना दे दिया गया है इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष नन्दु कुमार ने बताया कि थाना के जितवाडीह पुल के पास से एक ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक को पकड़ा गया है जिसपर जुमार्ना लगाने हेतु सम्बंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है।

पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थानाध्यक्ष नन्दु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन जांच किया वाहन जांच के दौरान कागजातों के अभाव में 55 सौ का जुमार्ना वाहन चालकों से उसूला गया वाहन जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस,इन्सुरेंस,हेलमेट समेत कई बिन्दुओ पर ध्यान दिया गया सभी वाहन चालकों को परिवहन नियमो का पालन करने की बात कही गई इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर वाहन जांच किया गया जिसमे कागजातों के अभाव में वाहन चालकों से 55 सौ का जुमार्ना उसूला गया।

दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में 6 जख्मी

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना के सेवई टोला गांव में दो पक्षो के बीच मारपीट हो गई मारपीट में कुल छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी डब्लू कुमार,शारदा कुमारी, सुभाष सिंह,त्रिलोकी कुमार,छोटीमुनी देवी व पार्वती देवी का स्थानीय सीएचसी में इलाज कराया गया इसको लेकर दोनों पक्षो द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है एक पक्ष के डब्लू कुमार ने सुभाष सिंह, त्रिलोकी कुमार सहित चार लोगों पर मारपीट करने 15 हजार रुपया छीन लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है।

रोहतास डीएम-एसपी ने दर्जन भर बूथों का निरीक्षण कर लिया जायजा

विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक को लगाई फटकार

प्रात : किरण संवाददाता

राजपुर (रोहतास) जिलाधिकारी नवीन कुमार व पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बुधवार को प्रखण्ड के दर्जन भर बुथ का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। साथ ही बूथ वाले सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक से बिजली,पानी व शौचालय की जानकारी ली। निरीक्षण करने निकले जिलाधिकारी व एसपी ने सबसे पहले मिडिल स्कूल डिहरी का जांच किया।स्कूल का रंग रौगन मरम्मत का हाल देख प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए पुछा कि 25 हजार रुपए आपको किस लिए दिया गया था।हैडमास्टर को कड़ी फटकार लगाते हुए यथा शीघ्र उक्त राशि से स्कूल का साफ सफाई,पानी व शौचालय की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात बरना हाई स्कूल पहुंचकर जांच किया।मौके पर मौजूद कुछ छात्राओं से नमांकन में लिए गए शुल्क के बारे में जानकारी ली।जिस पर बच्चों ने सच बता दिया।अधिक शुल्क लेने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक से पुछताछ की। अपने बचाव में हैडमास्टर बिनोद साह ने नमांकन शुल्क राशि का विवरण दिवाल पर चिपका जाने की बात बताई। वही बच्चों की बात सुन डीएम ने प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए पुछा की 420 की जगह 500 रूपए शुल्क क्यों ली गई। क्यों न आपके विरुद्ध कार्रवाई किया जाए ? जिसके बाद डीएम एसपी का काफिला शखरा मिडिल स्कूल पहुंचा,जहां बच्चों को दरी बैठे देख डीएम भड़क उठे।प्रधानाध्यापक को भी दरी पर बैठाकर पुछा कि आपको कैसा लग रहा है.बेञ्च डेस्क क्यों नहीं है ? जिस पर हैडमास्टर ने चुप्पी साध ली।इस परिपाटी में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही मंगरवलिया, अमाडी, सवैया, राजनडीह, धोबडीहा, तरांव सहित दर्जनों बुथ पर पहुंच वहां की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को ले आज राजपुर प्रखण्ड के बुथो का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान तीन चार स्कूल को छोड़ शेष में स्थित ठीक पाएं गए। जहां गड़बड़ी रहा वहां के एचएम को व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया गया है।वहीं एसपी विनीत कुमार ने मतदाताओं से भय मुक्त हो मतदान करने की बात कही। चुनाव में दादागीरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वेच्छा से इस लोकतंत्र के महान पर्व में भाग अवश्य लें।इस दौरान बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसांक,एसडीपीओ कुमार संजय,बीडीओ रविराज,सीओ अंकिता वर्मा,थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार समेत निर्वाचन कर्मी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव के तहत इंद्रपुरी पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास) लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर बुधवार को इंद्रपुरी थाना पुलिस के द्वारा गहन वहान चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान डिहरी डीएसपी शुभांक मिश्रा ने सघन निरीक्षक करते हुए इंद्रपुरी थानाध्यक्ष मनीष कुमार को विशेष दिशा-निर्देश दिया। जिसका पालन करते हुए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्ग में सघन वाहन जांच अभियान पुलिस बल के साथ चलाया जा रहा। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले सभी दो पहिया वाहनों तथा चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली गई। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने बताया कि होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। साथ ही आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखा जा रहा है।

स्नातक परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी को केंद्राधीक्षक ने भेजा जेल

परीक्षा केंद्र पर मुन्ना भाई और कर्मियों के बीच हुई मारपीट, अंजबित सिंह केंद्र पर दे रहा था दूसरे की जगह परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्नातक पार्ट थ्री परीक्षा के पांचवे दिन बुधवार को स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर एक फर्जी परीक्षार्थी को केंद्राधीक्षक ने दबोच पुलिस को सौंप दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंजबित सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर 10 अप्रैल बुधवार को संचालित स्नातक पार्ट-थ्री फाइनल परीक्षा के प्रथम पाली में ऑनर्स पेपर भूगोल की विषय की परीक्षा में परीक्षा केंद्र के अंदर एक मूल परीक्षार्थी की जगह एक अन्य दूसरा फर्जी परीक्षार्थी मुन्ना भाई परीक्षा दे रहा था। जिसकी भनक लगते ही परीक्षा केंद्र में तैनात वीक्षक प्रो. शशि भूषण ने इसकी जानकारी केंद्राधीक्षक को दी। जिसके बाद मुन्ना भाई परीक्षा केंद्र से मौका देख भागने लगा। लेकिन परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर लता बंद देख वह गेट कीपर से ताला खोलने के लिए उलझते हुए मारपीट करने लगा। जहां महाविद्यालय कर्मी प्राचार्य के उपस्थिति में उसकी जमकर पिटाई भी की। इसके बाद केंद्राधीक्षक डॉ. सुधांशु शेखर भास्करम ने उसकी सही जांच कर स्थानीय बिक्रमगंज पुलिस को सूचना देते हुए सौंपा दिया। हालांकि इसकी जानकारी के संबंध में जब मीडिया द्वारा लगातार केंद्राधीक्षक भास्करम को लगातार कॉल करने के बावजूद भी उनके द्वारा कॉल नही उठाया गया। जो कहीं न कहीं उनके द्वारा इसकी जानकारी नहीं देना सवालिया निशान को भी संकेत कर रहा है। दूसरी तरफ इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि बुधवार को अंजबित सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्राधीक्षक द्वारा भोजपुर जिला के पिरो थाना क्षेत्र के पिलाथ गांव निवासी संतोष कुमार राय के पुत्र आनंद कुमार राय की जगह उसके छोटे पुत्र अजीत कुमार राय के विरुद्ध फर्जी तरीके से परीक्षा देने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिसके बाद आरोपी मुन्ना भाई को कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

विदेशी वर्ष पर कैसा हर्ष , आओ मनाएं भारतीय नव वर्ष

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर बंदीपुर रामगढ़ कैमुर के छात्राओं द्वारा लोगों को माथे पर तिलक लगाकर , स्व हस्तनिर्मित कार्ड वितरण कर चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा विक्रमी संवत 2081भारतीय नूतन वर्ष मनाया गया। शांति और सुख मिले सभी को सबका जीवन मंगलमय हो एवम पूरे वर्ष भर समस्त प्राणियों को स्वस्थ रखने के लिए मां शैलपुत्री से प्रार्थना किए गए। विद्यालय परिवार की ओर से रामगढ़ में अवस्थित सभी बैंक, डाकघर ,थाना,रेफरल अस्पताल,प्रखंड कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं सभी व्यवसायियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामना दिया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख विद्यालय के आचार्या कृष्ण लता कुमारी आशा यादव किरण कुमारी तथा विद्यालय की बहने अनुष्का अवनी आराध्या दिव्या आरती अंतिम साक्षी योगेश्वरी वंदना इत्यादि बहनों के द्वारा प्रधानाचार्य श्री राजीव रंजन के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।

बजरंगी हत्याकांड के चार अपराधकर्मी गिरफ्तार, एसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। जिले के धौढाढ़ ओपी क्षेत्र अंतर्गत डिलियाँ नहर पथ पर बीते दिनों एक सीएसपी संचालक बजरंगी कुमार की गोली मारकर हुई हत्या मामले में पुलिस ने छापेमारी कर चार अपराधकमीर्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच देशी कट्टा, एक पिस्तौल, एक सिक्सर, 36 गोली, दो खोखा, दो लैपटॉप, चार मोबाइल समेत गैस कटर, गैस पाइप, वॉकी टॉकी एवं गैस सिलेंडर भी बरामद किया है। जिससे इनके दुकान एवं एटीएम आदि में भी लूटपाट करने की संलिप्तता प्रतीत होती है। मामले में एक प्रेसवार्ता के दौरान एसपी विनीत कुमार ने बताया कि धौढाढ़ ओपी क्षेत्र में बीते होलिका दहन के दिन एक सीएसपी संचालक बजरंगी कुमार को अपराधकर्मियों द्वारा लूटपाट के क्रम में गोली मारकर घायल कर दिया गया था। तथा बीते रात उसकी मौत हो गई थी। रोहतास पुलिस ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया तथा सदर डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि अपराध में शामिल बिट्टू पासवान, हेमंत कुमार एवं योगेश कुमार को मुफस्सिल थानाक्षेत्र के महदीगंज से एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पांच देशी कट्टा, एक पिस्तौल, एक सिक्सर, 36 जिंदा गोली, दो खोखा, दो लैपटॉप, वॉकी-टॉकी सहित दुकान व एटीएम तोड़ने के सामान भी बरामद हुए हैं। वहीं इनकी निशानदेही पर धौढाढ़ ओपी क्षेत्र के मेदिनीपुर गांव निवासी मनोरंजन कुमार को भी उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। जो इस पूरे मामले में लाइनर की भूमिका में था। एसपी ने बताया कि इस अपराध में शामिल सभी अपराधी अंतर जिला गिरोह के सदस्य हैं तथा सभी के विरुद्ध राज्य के अलग-अलग जिलों में भी लूट, डकैती समेत कई संगीन मामले दर्ज है। सभी आरोपियों द्वारा मामले में अपनी संलिपिता स्वीकार की गई है तथा सभी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान सदर डीएसपी दिलीप कुमार, नगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन राय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

हिना शहाब बनीं अवध बिहारी चौधरी की राह का रोड़ा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद पर तंज कसते हुए कहा कि राजद की स्थिति ह्यदुविधा में दोनों गए,माया मिली रामह्न जैसी हो गई है। सीवान लोकसभा सीट इसका जीता-जागता उदाहरण है। यहां राजद तय नहीं कर पा रहा कि टिकट किसे दें। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद तुष्टीकरण के लिए कितना नीचे गिरेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

तुष्टीकरण के लिए राजद अपनों की राजनीतिक हत्या कर रहा है। सीवान में जो कुछ हो रहा, वह खासा निराशाजनक है। पहले बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को सीवान से टिकट देने का आश्वासन दिया गया। वे वहां तामझाम के साथ जनसंपर्क भी करने लगे। लोगों के सामने ऐलान भी कर दिया कि सीवान से वही महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे। लेकिन मंगलवार की शाम जब राजद ने 23 में से 22 सीटों पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया, तो सिवान को रोक लिया गया। कारण यह है कि लालू के खासमखास रहे शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब सिवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने पर अड़ी हैं। श्री मिश्र ने कहा कि शहाब इन दिनों राजद के शीर्ष नेतृत्व से नाराज हैं। ऐसे में राजद के शीर्ष नेता को हिम्मत नहीं है कि वह हिना को नाराज रखें। बहरहाल, यह तय है कि अवध बिहारी चौधरी बलि का बकरा बनेंगे। अब कम से कम राजद के अंध भक्तों की आंखें तो खुल जानी चाहिए।

अवैध कीटनाशक दुकान से किसान हो रहे हैं ठगी का शिकार

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड के बाजार और ग्रामीण इलाकों में बिना लाइसेंस की दुकानों से घटिया बीज और कीटनाशक बेचा जा रहा है। किसान दिनदहाड़े ठगी का शिकार हो रहे है। दुकानदारों ने न तो दुकान के बाहर रेट बोर्ड लगाया है और न हीं वह किसी प्रकार का बिल ही किसानों को दे रहे हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों को मानें तो प्रखंड में 25 बीज दुकान के लाइसेंस और मात्र 3 अधिकृत बीज कंपनियों के डीलर हैं। इन्हीं डीलरों के माध्यम से दुकानों पर बीज, रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति होती है। जिसे दुकानदार किसानों को बेचते हैं। डीलर व दुकानदारों को बिक्री करने के लिए कृषि विभाग लाइसेंस जारी करता है। मौजूदा समय में काराकाट प्रखंड के अमौना, गोड़ारी, करूप सहित विभिन्न बाजारों और गांवों में अवैध रूप से कई डीलर व दुकानदार बीज, रासायनिक खाद, कीटनाशक सहित कृषि कार्य के उपकरण खुलेआम बेच रहे हैं। दुकानों पर रेट बोर्ड न लगाकर किसानों से बीज और कीटनाशक खरीद पर मनमर्जी दाम वसूल रहे हैं।

डिहरी में अभिनव कला संगम द्वारा श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास । जिले की अग्रणी सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा बीती संध्या डिहरी के स्टेशन रोड स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में (होटल) एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बताते चले जिले के सम्मानित पत्रकार सप्ताहिक दैनिक पत्रिका तूफान के संपादक रह चुके गया प्रसाद जी की मृत्यु 99 वर्ष की उम्र में हो गई। वहीं दूसरी ओर आगलगी में परिवार के 06 सदस्यों की मृत्यु हो गई। यह घटना कच्छवा थानाक्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव की बताई जा रहीं हैं यह खबर जिले के लिए बहुत ही दुखद रहा इससे आहत जिले की सामाजिक संचेतना का प्रतिनिधि मंच के रूप में जाना जाने वाला संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मृत आत्मा की शांति एवं परिजनों को मजबूती प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर ईश्वर से प्रार्थना किया। वहीं दो मिनट का मौन रख मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में अभिनव कला संगम के निदेशक संजय सिंह वाला अध्यक्ष मोहम्मद वारिस अली,कोषाध्यक्ष रवि तिवारी,संतोष सिंह,विजय चौरसिया,शादाब सिद्दीकी,कलाम हाशमी,प्रेम प्रकाश,मुकेश राज, विजयवंशी,संतोष चंद्रवंशी,पिंटू जी, जीतू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भोजपुर में गैस रिसाव हो जाने के कारण युवक झुलसा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के नजीरगंज मोहल्ले में बुधवार की दोपहर ग्राइंडर मशीन की चपेट में आने से एक पलंबर मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद वह मौजूद साथी मजदूरों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल युवक बिहिया थाना क्षेत्र के भुआलदास पिपरा जगदीश गांव निवासी एक राम पासवान का 25 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार है। इधर जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह पलंबर का काम करने के लिए बुधवार की सुबह नजीरगंज मोहल्ले में आया था। बुधवार के दोपहर जब वह ग्राइंडर मशीन से पाइप काट रहा था। उसी दौरान ग्राइंडर मशीन उसके हाथों से छटक कर उसके सीने पर जा लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद साथी मजदूरों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

जंगल क्षेत्र में आग लगने से मची अफरा-तफरी

रोहतास। जिला के मांझर कुंड के पहाड़ी जंगली इलाके में अचानक भीषण आग लग गई। इस आग लगी की घटना में सैकड़ो से अधिक पहाड़ी जंगल में लगे पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। रोहतास जिला वन विभाग के क्षेत्र में लगी इस आग से पहाड़ी इलाकों में अपरा तफरी मचा रहा। आग देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। लेकिन वन विभाग के कर्मी आग लगी की घटना के तीन घंटा तक कोई शुद्धि नहीं ली। जिससे आम जनों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। लोगों का कहना है कि वन विभाग इस आग लगी की घटना को रोकने का प्रयास नहीं किया। जिससे आग की लपेट बढ़ती गई और जंगली पहाड़ी क्षेत्र में पेड़ पौधे को अपने आगोश में ले लिया। काफी देर के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास में जुटी है। लेकिन अब तक पूर्ण रूप से आग पर काबू नहीं पाया गया है।

ईद व रामनवमी पर्व पर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना परिसर में बुधवार को ईद व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। शांति समिति की बैठक का नेतृत्व थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने किया। थानाध्यक्ष ने शांति समिति कि बैठक में जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में उन स्थानों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन सूचना देने की बात कही । और असमाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा संवेदनशील स्थानों को चिन्हीत करने का आग्रह किया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि अति संवेदनशील व संवेदनशील स्थानों पर दण्डाधिकारियों व मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति ईद व रामनवमी पर्व को लेकर किया जा चुका है । प्रमुख प्रतिनिधि नरायण पासवान ने कहा कि क्षेत्र में शराब की बिक्री में भारी बढ़ोतरी हो गई है । इस पर थानाध्यक्ष ने संज्ञान लेने आश्वान दिया । थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से लोक सभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन हर हाल में हो इसपर विशेष आग्रह किया । जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं ने आश्वस्त किया कि इसका पालन किया जाएगा। ईद व रामनवमी पर डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है । अगर प्रतिबंध के बावजूद कोई भी डीजे संचालक डीजे बजाते है तो सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। मौके पर जनार्दन यादव, जय शंकर पटेल, अजय साह जितेंद्र पाल सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

विद्यालय के मनमानी के विरुद्ध छात्रों ने जमकर बवाल

नावानगर (बक्सर) प्रखंड के बुनियादी विद्यालय आथर के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फल नहीं मिलने,प्राप्तांक कम अंकित करने,नाम पंजी बही से गायब करने सहित अन्य कई समस्याओं को लेकर जमकर बवाल काटा। जहां विद्यालय में अफरा तफरी का माहौल रहा। इसे लेकर छात्र छात्राओं ने पंचायत के मुखिया रेखा देवी के पास पहुंचकर गुहार लगाया।जहां मुखिया ने बीडीओ,डीपीओ,बीपीएम सहित अन्य को सूचना देकर मामले को संज्ञान में लेने को कहा।छात्र छात्राओं ने गुहार लगाते कक्षा 5 की काजल कुमारी ने बताया कि मेरा परीक्षाफल 40 आया है जबकि मेरे एक वर्ग में जो बच्चा कभी उपस्थित नहीं होता है और शिक्षक के लड़के है उनका प्राप्तांक अधिक दिया गया है।

जबकि नामांकित उस शिक्षक के बच्चे एक दिन भी विद्यालय नही आते है।वर्ग 7 की अंजलि कुमारी कहती है कि मेरे रिपोर्ट कार्ड में अभिभावक का नाम गलत है जिसको सुधार के लिए कहने पर हमारी शिक्षिका भगा दी और खर्च बर्च पापा से कराने की बात कही।अंजली कुमारी वर्ग 7 की गुहार लगाते कही कि शौचालय का चाभी मांगने पर गुस्से से लाल प्रधानाध्यापिका मेरे परीक्षा फल पत्रक पर कई जगह ओवर राइटिंग करती है वही वर्ग 7 की रंजू कुमारी कहती है कि बेंच डेस्क टूटा होने का शिकायत, मध्यान भोजन अच्छा नहीं रहने की शिकायत करने के कारण मेरे परीक्षा प्राप्तांक को कम कर दिया गया है और हमारे बगल की हमारे साथ कभी स्कूल नहीं आने वाले को पूरा पूरा नंबर दे दिया गया है क्योंकि वह एक शिक्षक के बच्चे है जो निजी स्कूल में पढ़ते है वही वर्ग 7 की अनु कुमारी बताती है कि घर से अपने निजी पैसे से खली डस्टर नहीं लाने पर मेरे परीक्षा प्राप्तांक को बहुत ही ज्यादा कम कर दिया गया है आगे अनु कुमारी कहती है कि मैं दो बार विद्यालय में अपने निजी पैसे से खरीद कर खली डस्टर दे चुकी हूं बावजूद मेरा प्राप्तांक को कम कर दिया गया है कक्षा 4 की निशा कुमारी कहती है कि छात्रवृति नहीं मिलने पर इसकी गुहार बार बार लगाने के बावजूद छात्रवृति मांगने पर गुस्साई मेरा प्राप्तांक को बहुत ही कम कर दिया गया है।वही कक्षा 5 की सुनीता कुमारी बताती हैं कि मेरा परीक्षा प्राप्तांक विद्यालय से दिया ही नहीं गया है जबकि मैं परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दी हूं वही कक्षा चार को लभली कुमारी कहती है कि मेरे द्वारा परीक्षा दिए जाने के बाद भी मुझे रिजल्ट नहीं दिया गया वही आरती विनय,रानी,विमल,प्रियंका सहित अन्य दर्जनों छात्र छात्राओं का आक्रोश था कि मुझे विद्यालय से न कोई किताब मिला। न परीक्षा फल अच्छा दिया गया।बहरहाल मामला जो भी हो मुखिया के पास छात्र छात्रा इतने उग्र थे कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंद्रावती देवी पर सारा दोष मढ़ते शिक्षकों को वर्ग में पढ़ाने के लिए नहीं भेजने,शौचालय का प्रयोग सिर्फ शिक्षक शिक्षिका द्वारा करने और उसमे ताला जड़कर रखने,छात्रवृति नहीं मिलने,बेच डेस्क टूटा होने शिकायत करने पर भी उसका समुचित समाधान नहीं करने की दोषारोपण करने की मुखिया के पास जमकर बवाल काटा बीपीएम,मुखिया रेखा देवी ने विद्यालय पहुंच मामला का जांच पड़ताल किया और छात्र छात्राओं को मिले परीक्षा फल पत्रक को अपने कब्जे में लेकर जांच करने का आश्वासन दिया।

इंद्रपुरी थाना में पर्व और चुनाव को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

डेहरी (रोहतास) रामनवमी और ईद पर्व सहित लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के मद्येनजर विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इंद्रपुरी थाना परिसर में पुलिस-पब्लिक के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसको लेकर पुलिस- पब्लिक की बैठक में मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि आपसी मतभेद को भुलाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ माहौल में मनाने वाला ईद और रामनवमी पर्व है। जिसके लिए पुलिस क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम करने के लिए तत्पर है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अलग-अलग संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि इलाके में मनचले युवाओं की मटर गस्ती निरंतर बढ़ रही है। जिससे सभ्य परिवार के लोग भयभीत रहते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस गश्ती और तेज किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अपराधी प्रवृति के लोगों पर नकेल कसने के लिए लोगों से सहयोग करने का अपील किया। इस अवसर पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

लड़की का गलत वीडियो दिखाकर जालसाजी करने के मामले में थाना में दिया गया आवेदन

भभुआ। थाना क्षेत्र के कोहारी गांव में एक लड़का को लड़की का गलत वीडियो दिखाकर जालसाजी करने के मामले में थाना में आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन में भभुआ थाना क्षेत्र के कोहारी गांव निवासी सत्येंद्र हजाम ने बताया कि 9 अप्रैल 2024 को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया उसमें एक लड़की का गलत वीडियो दिखाया गया। जब मैं चैट के माध्यम से उसका विरोध किया तो अगले दिन दूसरे अनजान नंबर से कॉल आया और कहा गया कि मैं पटना से बोल रहा हूं तुम गलत हरकत किया है तुम्हें अरेस्ट करूंगा। जो मुझे जालसाजी के तहत फसाया जा रहा है। इस मामले को लेकर सदर थाना पर आवेदन देकर कार्रवाई करने को लेकर मांग किया है।

दहेज हत्याकांड के आरोपी को जेल

नावानगर (बक्सर) सिकरौल थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने हरोजा गांव में छापेमारी किया छापेमारी में दहेज हत्या कांड के आरोपी मृतका के पति मुन्ना सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 5 मार्च को हरोजा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी जिसको लेकर मृतका पूजा देवी की बहन कुशुम देवी ने सास, ससुर व पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के बाद से पति फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

वाहन जांच के दौरान गाड़ी से 1 लाख राशि जब्त

अरवल। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन इन दोनों सजग एवं सचेत दिख रही है। लगातार प्रशासन के द्वारा चेक पोस्ट लगाकर वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में महुआबाग चेक पोस्ट पर उड़नदस्ता टीम द्वारा 01 लाख रूपया जब्त करने का मामला प्रकाश में आया है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उड़नदस्ता टीम के भ्रमण के क्रम में सदर प्रखंड स्थित महुआबाग चेकपोस्ट पर वाहनों का जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में इफ्रेअ गाड़ी संख्या इफ्ह3अउ8511 की जाँच की गई, जिसमें सुनिल प्रताप सिंह, पिता-योगेन्द्र सिंह एवं अरविन्द बहादुर सिंह, पिता स्व० विश्वनाथ सिंह, दोनो ग्राम-लहरपा, पो०+थाना-अगियांव, जिला-भोजपुर द्वारा अपने साथ 01 लाख रुपए की राशि ले जाया जा रहा था। जबकि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 में आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात 50 हजार रुपए से ज्यादा की राशि साथ लेकर आवागमन करना पूर्णतः वर्जित है। तत्पश्चात मुकुन्द कुमार, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, अरवल द्वारा उक्त राशि को जब्त करते हुए जिला कोषागार पदाधिकारी, अरवल को समर्पित कर दिया गया

14 अप्रैल को धूमधाम से मनेगी हैनिमैन जयंती

बेतिया। होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता डॉ सैमुएल हैनिमैन की जयंती आगामी 14 अप्रैल को बेतिया में धूमधाम से मनाई जाएगी। जानकारी देते हुए नगर के होम्योपैथिक चिकित्सक सह आगेर्नाइजेशन फॉर होमियों मिशन के जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम ने बताया कि नगर के हारिवाटिका चौक स्तिथ एक निजी क्लीनिक में होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता डॉ सैमुएल हैनिमैन की जयंती समारोह का आयोजन 14 अप्रैल को किया गया है। इस जयंती समारोह में आगेर्नाइजेशन फॉर होमियों मिशन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय कुमार सहित जिले के दर्जनों होमियोपैथिक चिकित्सक भाग लेंगे।

मतदाता प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपर सचिव सह अपर निर्वाचन पदाधिकारी पटना ने किया जागरूक

अरवल। अपर सचिव-सह-अपर निर्वाचन पदाधिकारी बिहार, पटना आनंद शर्मा का आगमन जिले के इंडोर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता तथा मतदाता प्रतिशत बढ़ाने हेतु आयोजित स्वीप अभियान कार्यक्रम के तहत हुआ। सर्वप्रथम अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इंडोर स्टेडियम अरवल के मुख्य द्वार से मतदाता जागरूकता मोटर साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके बाद इंडोर स्टेडियम अरवल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपर सचिव-सह-अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को जिले के मतदाता लोगो एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपर सचिव-सह-अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान की महत्ता को बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि आप चुनाव में पूर्ण भागीदारी निभाकर जिले की मतदाता प्रतिशत को बढ़ा सकते है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि चुनाव में मतदान अवश्य करने जाएँ, जिससे कि लोकतंत्र में आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अगर कोई प्रतिनिधि प्रथम दृष्ट्या पसंद नहीं आता है तो नोटा बटन दबाएँ, लेकिन मतदान जरूर करें। उन्होंने आगे बताया कि मतदान करना न सिर्फ एक नैतिक जिम्मेवारी है बल्कि यह जागरूक नागरिक होने की पहचान को भी दशार्ता है। साथ ही मतदान आपको गर्व व स्वाभिमान की अनुभूति भी कराता है। उनके द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़े जिले के प्रत्येक पदाधिकारियों व कर्मियों को अपना शतप्रतिशत प्रयास देने का आह्वान किया गया एवं जिले के एक-एक मतदाता के बारे में जानकारी प्राप्त करने को कहा गया कि उनके द्वारा पिछली बार मतदान क्यों नहीं किया गया था और इस बार के चुनाव में उनके मतदान की भागीदारी को सुनिश्चित करवायें। जिला पदाधिकारी द्वारा लोगों को अवगत कराया गया कि अरवल में लोकसभा चुनाव 01 जून को निर्धारित है, अतः 01 जून 2024 को सभी लोग अवश्य रूप से मतदान करने जाएं। उनके द्वारा चाचा गया कि जिले की महिलाएँ जागरूक है और वे मतदान का अपना दायित्व जरूर पुरा करेंगी। उनके द्वारा जिले के पुरुष मतदाताओं से अपील की गई कि चुनाव एक महापर्व है, जो प्रत्येक पाँच वर्ष में आता है। अतः इसे हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाय एवं अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन में आये एवं बिना किसी डर व भय के करें। इस दौरान वहाँ उपस्थित लोगों को मतदान का शपथ दिलाया गया तथा अरवल ने यह ठाना है, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है अरवल के जनता का है यह ऐलान, 01 जून को अवश्य करें मतदानह्व जैसे नारे का उद्घोष भी किया गया। इस क्रम में मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली का अवलोकन भी उनके द्वारा किया गया।

शहर के प्रमुख व्यवसाईयों की आयोजित हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सांसद सुशील कुमार सिंह के चुनाव में समर्थन को लेकर शहर के प्रमुख व्यवसाईयों का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उपमुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान पार्षद जीवन कुमार, मुख्य पार्षद उदय गुप्ता शामिल हुए कार्यक्रम का अध्यक्षता श्याम किशोर प्रसाद एवं संचालन पंकज वर्मा ने किया इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने एक पॉलिसी बनाया है जिसमें 43 शहर का चयन किया गया है जिसमें एक शहर औरंगाबाद भी है इस पॉलिसी के तहत शहर में विकास के मुख्य कार्य किए जाएंगे।

हमारी सरकार कानून का राज में विश्वास रखती इसमें कोई भी समझौता नहीं हो सकता। बिहार से माफिया राज को समाप्त करना है वैसे माफिया जो गरीबों का जमीन हड़पने का कार्य करते हैं। हमारी छोटी-छोटी बहनों के साथ अन्याय करने का प्रयास करते हैं। ऐसे माफिया को नहीं छोड़ा जा सकता अभी पूरे देश मे चुनाव प्रकिया चल रही है।

चुनाव प्रक्रिया के बाद पूरी व्यवस्था को कड़ा किया जाएगा और सभी माफियाओं को जेल में डालने का कार्य किया जाएगा। सांसद सुशील कुमार सिंह ने सभी लोगो को धन्यवाद और आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का मजबूत उधमशीलता की भावना, ब्यवसायिक कौशल और आर्थिक विशेषज्ञता के साथ वैश्य समाज समुदाय प्रगति और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आप सभी लोगो का समाज के हर क्षेत्र में समाजसेवी के रूप में निभाने वाली भूमिका सराहनीय है। विधान पार्षद जीवन कुमार ने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में वैश्य समाज द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान को सरहाना किया हम सभी लोगो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत वाली सरकार को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व नगर परिषद प्रतिनिधि शिव गुप्ता एवं सभी लोगों ने आह्वान किया कि सांसद सुशील कुमार सिंह को अपार बहुमत से चुनाव जिताकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में मुंद्रिका प्रसाद, कृष्णा गुप्ता उर्फ पिन्टू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता, बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, लखन प्रसाद, राजू प्रसाद, राजकुमार लहरी, टीपू गुप्ता, ललन गुप्ता, वार्ड पार्षद रंजय अग्रहरी, अमित गुप्ता, जिला प्रवक्ता जितेन्द्र गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, आकाश गुप्ता, सौरभ राज, सोनू कुमार, कुंदन प्रकाश, राहुल गुप्ता, ज्ञानदीप, लूटन कुमार, सचिन सिन्हा, अंकित शौण्डिक, पिन्टू कुमार, कुणाल शर्मा, चंदन गोकुल, प्रकाश चौहान, पुरषोत्तम अग्रवाल, जीतू जैन, सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, भोला वर्मा एवं प्रमुख ब्यवासाई लोग शामिल हुए।

12 लोगों पर लोस चुनाव में गड़बड़ी की आशंका में बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। 2024 स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी द्वारा कुल 12 वैसे व्यक्तियों जिनके द्वारा आगामी लोक सभा आम निर्वाचन में गड़बड़ी फैलाने की आशंका थी, उनके विरूद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा 03 के तहत कार्रवाई करते हुए अपने थाने से बदर करते हुए भिन्न-भिन्न थानों में उपस्थिति दर्ज करने का आदेश पारित किया गया। ये व्यक्ति निर्धारित दिवसों पर संबद्ध थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए अपने क्रियाकलापों का विवरण संबंधित थानाध्यक्ष को देंगे। सभी संबंधित थानाध्यक्षों को निदेश दिया गया है कि यदि इनके द्वारा किसी प्रकार की गड़बड़ी या चूक की जाती है तो तत्संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उनके विरूद्ध और भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही सभी थानों से प्राप्त अन्य प्रस्तावों के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराये जाने निमित जो भी कार्रवाई आवश्यक होगी उसे किया जायेगा।

डीएम ने जिले के विभिन्न चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को कदाचार मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न चेक पोस्ट का औक्षक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौजूद पदाधिकारी को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया साथ ही विभिन्न तरह के फ्रीवीज पर ध्यान रखने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि किसी प्रकार की आपत्तिजनक समान पाए जाने पर इसकी सूचना त्वरित रूप से व्यय अनुश्रवण कोषांग को देते हुए अग्रेतर करवाई की जाए।

नवरात्र के अवसर पर पथ प्रदर्शक द्वारा रक्तदान शिविर हुआ आयोजित

मेरे लिए एक उत्सव है रक्तदान शिविर : बमेंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। रक्तदान करने से न सिर्फ हमें खुशी मिलती है बल्कि किसी को जीवनदान मिलता है। औरंगाबाद के रक्तदान के प्रति समर्पित समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह हर खास अवसर को रक्तदान से जोड़ कर एक परंपरा बनाने के सार्थक प्रयास में निरंतर लगे हुए हैं। रक्तदान को परंपरा बनाने की कड़ी में मंगलवार को टीम पथ प्रदर्शक द्वारा हरिहरगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्यारह युवाओं ने रक्तदान किया। टीम पथ प्रदर्शक के नियमित रक्तदाता मृत्युंजय विश्वकर्मा, शशि कुमार एवं अमन कुमार सिंह के प्रयास से हिमालयन होटल हरिहरगंज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। एनएमसीएच जमुहार के डॉ सावन कुमार सौरभ, पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी अमन कुमार सिंह, मृत्युंजय विश्वकर्मा, शशि कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। बमेंद्र ने कहा कि रक्तदान शिविर मेरे लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। रक्त से कीमती और अनमोल दान और कुछ नहीं हो सकता है। मेरा सदैव प्रयास रहा है खास अवसरों पर रक्तदान को एक परंपरा बनाने की और मेरा प्रयास सार्थक हो रहा है। मुझे बहुत खुशी होती है जब लोग किसी खास अवसर पर रक्तदान कर खुशियां मनाते हैं। क्योंकि रक्त की आवश्यकता को हम और आप ही पूरा कर सकते हैं रक्तदान कर। जिसका न तो उत्पादन किया जा सकता है और जिसे न ही किसी प्रयोगशाला में बनाया जा सकता है, वो है रक्त। जरूरतमंद के लिए रक्त का एक मात्र स्रोत है मानव शरीर। रक्त की सबसे ज्यादा आवश्यकता दुर्घटनाग्रस्त लोगों को, गर्भवती महिलाओं को, एनीमिया मरीजों को होती है। थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों का तो आहार ही रक्त है जिन्हे हर माह एक से दो यूनिट की आवश्यकता होती है। शिविर में मृत्युंजय विश्वकर्मा, महेश कुमार, अंकित कुमार सिंह सहित कुल ग्यारह युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर एनएमसीएच जमुहार ब्लड बैंक की टीम के संजीव पराशर, अटल बिहारी राय, नंद किशोर पांडेय, संदीप कुमार, धनंजय कुमार, पथ प्रदर्शक के शशि कुमार, अमन कुमार सिंह सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग लाखों रुपए की संपत्ति जलकर हुई खाक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। मंगलवार के रात्रि बैदराबाद वार्ड नंबर 25 के मुरादपुर हुजरा निवासी राजेश पासवान पिता विजय पासवान के घर में शॉर्ट सर्किट से उस समय आग लग गई जब सभी लोग सो रहे थे। अचानक आग लगने से घर में रखे सारा सामान जलकर खाक हो गया वहीं घर में बंधी हुई बकरी एवं गय पूरी तरह से झुलस गई है। वही राजेश पासवान ने बताया कि हम लोग अपने पूरे परिवार के साथ एक बगल के कमरा में सो रहे थे तभी गाय और बकरी का चिल्लाने की आवाज सुनाई दिया तभी नींद खुला तो देख की घर में आग लगी हुई है।

आनन फानन में आग लगने को लेकर हल्ला के आवाज सुनकर ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर आग बुझने लगे। आग इतनी तेज थी कि घर में बांधे हुए बकरी एवं गाय को अपने चपेट में ले ली जिसे बकरी की मौत हो गई और गाय पुरी तरह झुलस गई है। वहीं आग की सूचना सदर अंचलाधिकारी को दी गई सूचना मिलने के बाद अंचलाधिकारी ने मौके पर पहुंची और झुलसी हुई गाय को पशुपालन विभाग के द्वारा इलाज कराया गया वही अंचलाधिकारी ने खाने-पीने के लिए चूड़ा सत्तू सरसों तेल मीठा के साथ खाने पीने का सामग्री उपलब्ध कराया है।

मतदान मिशन 85 के तहत चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान: एसडीओ

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के कई गांव इलाके में मतदान 85 प्रतिशत लक्ष्य के तहत मतदाता को जागरूक करने के लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी बाबत नवगछिया के अनुमंडल कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में अनुमंडल सह निर्वाचन पदाधिकारी उत्तम कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि नवगछिया अनुमंडल क्षेत्र इलाके के बिहपुर व गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र है। जहां हम सभी लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर दृढ़ संकल्पित हैं। इसके लिए हमलोग क्षेत्रीय मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं। इसमें जीविका, शिक्षा विभाग, विकास मित्र व अन्य विभाग के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से डाक कर्मियों को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। बिहार के मुख्य डाकमहाध्यक्ष अनिल कुमार के द्वारा पुरे बिहार भर के डाक कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2023- 24 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किया गया। डाक अधीक्षक राजीव रंजन नें बताया की रोहतास डाक प्रमंडल के कूल 145 डाक कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। प्रमंडल स्तर पर पाँच डाकपाल, पाँच डाक सहायक, दो ओवरसीअर, पाँच डाकिया, तीन एम टी एस को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है वही डाक प्रमंडल के पाँचो अनुमंडल से पच्चीस, पच्चीस ग्रामीण डाक सेवक को प्रसस्ती पत्र एवं उपहार प्रदान कर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। केंद्रीय अनुमंडल के डाक निरीक्षक आहुति रंजन नें बताया की पुरस्कार वितरण के लिए प्रधान डाकघर के प्रशिक्षण केंद्र में सभा का आयोजन किया गया था, जिसकी अध्यक्षता डाक अधीक्षक के द्वारा की गई एवं इस सभा में कार्यालय प्रवेक्षक ओम प्रकाश गोंड तथा निरीक्षक (पी जी) कुमार मनीष, डाकपाल अनिल कुमार, अखिलेश कुमार, आशीष रंजन, कुमार प्रभात रंजन व अन्य डाक कर्मी भी उपस्थित थे।

वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट द्वारा रोजामंदों के बीच वितरण की गई सेवईया

बेतिया(घनश्याम)। बुधवार के दिन वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट से जुड़े पत्रकार सदस्यों ने बेतिया नगर की वरवत सेना , वरवत प्रसराईन, नौतन के धूम नगर, गहरी कोठी, सोफवा टोला, मझौलिया के महोदीपुर भटवलिया, खैरवा, लालगढ़ आदि जगहों पर पहुँचकर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी रमजान के पवित्र महीने में रोजा रखे हुए रोजामंदों के बीच ईद के अवसर पर समाग्री सहित सेवईया वितरण कि गई। वही मझौलिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज महोदीपुर कलया माई स्थान के समीप बसे रोजामंद परिवार का घर आग के चपेट मे आने से जल कर राख हो गया था जिसमें लाखों की संम्पति का नुकसान हुई थी जहाँ सेवई को पाकर रोजामंद की आंखों में खुशी देखने को मिला। ग्रामीण रोजेदार का कहना है कि अभी तक अंचलाधिकारी द्वारा सिर्फ सर छुपाने के लिए प्लास्टिक का सहयोग मिला है। आग से नुकसान हुए व्यक्ति मे नसरुद्दीन अंसारी, जहरुद्दीन अंसारी, तौकिर अंसारी, अवशीर अंसारी तथा मो. मजीद अंसारी है। वही मो. मजीद अंसारी की पुत्री की शादी का महज पांच दिन है। वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के माध्यम से सहयोग करने की प्रयास होगी। बताते चले की ट्रस्ट द्वारा जाड़े के दिनों में ठंड कपड़े का वितरण करना, अलाव की व्यवस्था करना, पौध संरक्षण को लेकर पेड़ पौधे लगाना, शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए पाठ पुस्तक का वितरण करना, ट्रस्ट से जुड़े पत्रकार अपनी शान तथा खुशी समझते है। इस संबंध में ट्रस्ट द्वारा अपना खाता नंबर पीएनबी (PNB) A/c 3939002100013047 (IFSC-code PUNB 0393900) भी जारी किया गया है, जिस पर कोई भी सहयोग कर सामाजिक कार्यों में ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रयास को लेकर ट्रस्ट के हाथों को मजबूत कर सकता है। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता सचिन निरंकार भास्कर, मीडिया प्रभारी शेखर सोनी, प्रवक्ता सत्यम सिंघानिया, कोषाध्यक्ष अतुल कुमार, अश्विनी कुमार, राकेश कुमार, नवीन कुमार, जय किशोर शर्मा, मिथलेश कुमार, रवि कुमार, राज कुमार, ह्रीकेश तिवारी, समर दादा, समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद, नाग नारायण यादव, मंजूर आलम आदि मौजूद रहे।

सीआरपीएफ मुख्यालय में शहीद जवानों की याद में मनाया शौर्य दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

गया। 159 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने जेल परिसर स्थित अपने मुख्यालय में शौर्य दिवस मनाया। इस अवसर पर सीआरपीएफ कमांडेंट कुमार मयंक क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली तथा शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कमांडेंट कुमार मयंक ने बताया कि सीआरपीएफ के लिए 9 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक है क्योंकि आज के दिन 9 अप्रैल 1965 को पाकिस्तान की एक इन्फेंट्री ब्रिगेड लगभग 3000 सैनिक ने गुजरात के कच्छ में बनी सरदार पोस्ट पर तैनात सीआरपीएफ की एक महज कंपनी पर हमला कर दिया था। कम संख्या होने के बावजूद भी सीआरपीएफ में बहादुर के साथ लड़ते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया तथा उनके मंसूबे पर पानी फेरते हुए पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। सीआरपीएफ के जवानों नेतृत्व दृढ़ता और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तानी ब्रिगेड के 34 जवानों को मार गिराया 4 जवानों को जिंदा पकड़ लिया था। इस कार्यवाही में सीआरपीएफ के 8 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे तथा 19 पाकिस्तानी सेना द्वारा बंदी बना लिए गए थे। सैनिक लड़ाई के इतिहास में अद्वितीय पराक्रम एवं वीरता को दशार्ता है। जिसमें सीआरपीएफ की छोटी सी टुकड़ी ने पाकिस्तानी ब्रिगेड के नियोजित आक्रमण को निष्फल कर दिया था। तभी से इस दिन पूरे भारत में शौर्य दिवस के रुप में मनाया जाता है।

जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में शोक की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अधिवक्ता सुरेश प्रसाद के आकस्मिक निधन होने से जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन के खबर सुनकर स्तब्ध साथी अधिवक्ता उनके घर पहुंच श्रद्धांजलि देते उनके परिवार को हिम्मत रखने को दिलासा दिया और उनके निधन को जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद का अपूर्णीय क्षति बताया। आपको मालूम कि लगातार दो बार से सत्र 21-23, 24-26, जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति सदस्य निर्वाचित हुए थे। जिला विधिज्ञ संघ ने अधिवक्ता कल्याण कोषांग के माध्यम से पचास हजार रुपए मदद पहुंचाई। इस अवसर पर उपस्थित थे। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, अकमल हसन, मो मेराज, अमरेन्द्र कुमार, उदय कुमार सिन्हा, यमुना प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही , एपीपी यमुना प्रसाद, अभय कुमार, अशोक कुमार, अनील कुमार सिन्हा, संजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

मोबाइल दुकान मे नगद समेत 25 लाख की चोरी

- रामपुर चेकनाका के पास मंगलवार देर रात की है घटना

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत लौकरिया थाना क्षेत्र के रामपुर चेकनाका स्थित मॉ जगदम्बा मोबाइल व वीडियोग्राफी दुकान मे चोरों ने नगद समेत करीब 25 लाख की मोबाइल व उपकरण चोरी कर ली है। दुकान संचालक मुकेश जयसवाल ने बताया कि बुधवार की सुबह दुकान खोलने गया तो देखा की दुकान मे समान बिखरा पड़ा है किमती मोबाईल नहीं थी। उन्होंने बताया कि काउंटर मे 2 लाख रूपए नगद रखा हुआ था वह नहीं था करीब 22 लाख की सैमसंग अल्ट्रा, सैमसंग गैलेक्सी, रियल मी, वूवो, ब्लूटूथ, इयरफोन, इयर बड्स, चार्जर, ग्राहकों द्वारा आया हुआ वारंटी व रिपेयरिंग का मोबाईल व अन्य उपकरण चोरी हो गई है। उधर लौकरिया थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि रामपुर चेकनाका स्थित मुकेश जयसवाल की मोबाइल की दुकान मे चोरी की सुचना मिली है।

इस सुचना पर घटनास्थल पर पहुंच दुकान की जांच तथा दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमेरे की जांच की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुकान संचालक से चोरी हुए समान की आवेदन प्राप्त हो गई है। नगद समेत करीब 20 से 25 लाख की मोबाइल व अन्य उपकरण की चोरी होने की प्रतीत होती रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आलोक मे जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। बता दें कि सप्ताहभर के अन्दर लौकरिया थाना क्षेत्र के नीतीशनगर एक फाईनेंस कर्मी से दिनदहाड़े कुछ अपराधियों ने 50000 रुपए छिने थे और दुसरी घटना इन दोनों घटनाओं को देख लोगों मे भय बन गया है तथा रात्री पुलिसिया गश्ती नहीं होने से लोगों मे नाराजगी उत्पन्न हो गई है।

सकारात्मक चिंतन ही प्रगति की आत्मा है : डॉ. उमाशंकर सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

गया। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय स्पेशल कैंप में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। स्वयंसेवकों के साथ-साथ इस समारोह में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनंत कुमार सिन्हा, एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह, हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमाशंकर सिंह, राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित मैक्स अवस्थी , सामाजिक कार्यकर्ता सूरज कुमार आदि उपस्थित थे। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमाशंकर सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समय की माँग को समझते हुए सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को साकारात्मक चिंतन करते हुए अपने समाज तथा राष्ट्र के नव निर्माण का स्वप्न सजोये रहना चाहिए। सकारात्मक चिंतन ही प्रगति की आत्मा है। हारकर शत बार भी वो हार है सकता नहीं। पास जिसके हौसला उम्मीद सह विश्वास है। एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी तथा दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. श्वेता सिंह ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को अनुशासित जीवन जीने की बात पर जोर देते हुए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है।

सूरज कुमार एवं मैक्स अवस्थी ने स्वयंसेवकों को अपने संबोधन से उत्प्रेरक करने का प्रयास किया गया है। आज के कार्यक्रम में प्रीतम कुमार, रोहित कुमार पांडेय, बिपिन साव, शिवम, निधि, राजा साव, राजा, अविस, नागेंद्र, सरोज, सोनाली, प्रिया, सुप्रिया, पल्लवी कुमारी, शीतल, प्रियांसु, गुंजन, नैंसी, पम्मी, रीमा, रीना, प्रिया, निशा भारती, आस्था साहिब आरोही, आदि स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया है। इस कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

तकनीकी खराबी किसी बूथ से प्राप्त होने पर उसे तुरंत समाधान कराये: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर महाबोधि संस्कृति केंद्र बोधगया में सामान्य प्रेक्षक गया संसदीय क्षेत्र यशवंत वी० गुरुकर की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी मास्टर ट्रेनर एव तकनीकी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एसएम ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सेक्टर पदाधिकारी के क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र एव ईवीएम संबंधित क्या क्या काम करना है, उसे स्पस्टता से समझ ले कि क्या करना है और क्या नही करना है। जिससे मतदान के तिथि में कोई दिक्कत नही हो सके। यदि किसी को लगता है कि उन्हें अतिरिक्त ट्रेनिंग की आवश्यकता है। तो बताए, उन्हें ट्रेनिंग दिया जाएगा। मतदान के पहले अपनी पूरी दायित्व को अच्छी तरह समझ लें। सभी प्रजाईडिंग ऑफिसर को ईवीएम मशीन दिए जाएंगे वह सभी अपने मशीन को अपने साथ सीधे तौर पर मतदान केंद्र या क्लस्टर पॉइंट पर ले जाएंगे, इसके अलावा किसी भी अन्य जगहों पर किसी भी हालत में कहीं नहीं जाएंगे। मतदान समाप्ति के पश्चात प्रजाईडिंग ऑफीसर ईवीएम को सीधे स्ट्रांग रूम लाएंगे। 19 अप्रैल को गया एव औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में चुनाव है। 17 अप्रैल को पार्टी मिलान किया जाना है। गया कॉलेज में गया सदर, वजीरगंज, बेला एव गुरुआ विधानसभा का मिलान होगा। मगध यूनिवर्सिटी में शेरघाटी, बाराचट्टी एव बोधगया विधानसभा का मिलान होगा। इमामगंज विधानसभा का प्लस 2 रंगलाल उच्च विद्यालय में मिलान होगा। टिकारी विधानसभा का मिलान राज इंटर कॉलेज में किये जायेंगे।

संक्षिप्त खबरें

शराब तस्करी मामले में एक युवक को हुई सजा

भागलपुर। बिहार मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश (उत्पाद-2) ने शराब तस्करी करने के मामले की सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त गौतम कुमार राम को दोषी पाया था। वही इस मामले को लेकर आठ अप्रैल को सजा के बिंदु पर सुनवाई की गई। जिसमें गौतम कुमार राम को धारा 30() बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 में 6 वर्ष की सजा साथ ही एक लाख रुपए जुमार्ना, और जुमार्ने की राशि नहीं देने की स्थिति में 3 महीने की अतिरिक्त सजा की सुनवाई हुई है। युवक को लेकर शराब तस्करी से जुड़ा है मामलाः विगत 12 अप्रैल 2020 को स्थानीय पुलिस प्रशासन को गुप्त सूचना मिली कि हनुमान नगर में एक व्यक्ति अपनी बाइक से शराब लेकर आने वाला है, उक्त जानकारी के तुरन्त ही पुलिस की टीम द्वारा छापेमारी की गई और संबंधित युवक को पकड़ा जा सकता है, उक्त छापेमारी दल द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शराब कारोबारी के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में कारोबारी सुनील चौधरी के घर के सामने हथियानाला के पास पुलिस वाहन को देख एक व्यक्ति बाइक घुमाकर भागने का प्रयास किए और वह उक्त स्थल पर गिर गये थे। पुलिस वहां पहुंच युवक से भागने का कारण पूछा तो बताया कि मेरे मोटरसाइकिल पर शराब लोड है, इस कारण से भाग रहे थे। वही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के तहत उक्त गौतम कुमार नामक व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए बिना नंबर के बजाज डिस्कवर बाइक की तलाशी ली गई, तो बाइक पर रखे एक थैले में करीब 19.600 लिटर विदेशी शराब को बरामद किया गया था। सरकार की तरफ से विशेष लोक अभियोजक भोला कुमार मंडल ने बहस में भाग लिया। विशेष लोक अभियोजक के सहयोगी अधिवक्ता राजेंद्र कुमार, रविरंजन कुमार, प्रभास नाथ सुमन, संजीव कुमार शर्मा थे। उक्त आशय की जानकारी विशेष लोक अभियोजक भोला कुमार मंडल ने दी।

मंडलीय आयुक्त ने पदाधिकारी के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

मुंगेर। मुंगेर नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति योजना, सिवरेज एवं सड़कों की मरम्मती के संदर्भ में मंगलवार के दिन प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने नगर आयुक्त, मुंगेर निखिल धनराज निपण्णीकर, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण व पीएचईडी, परियोजना निदेशक बूडको और कार्यकारी एजेंसी जेएमसी एवं एएमसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार एवं विशेष कार्य पदाधिकारी दिलीप कुमार देव भी उपस्थित थे। आयुक्त ने मुंगेर नगर निगम क्षेत्र में निमार्णाधीन सिवरेज लाइन एवं जलापूर्ति योजना तथा उक्त योजनाओं के कारण क्षतिग्रस्त पथों के मरम्मती के संदर्भ में पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक के उपरांत प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुंगेर नगर क्षेत्र से भारी वाहनों का परिचालन 31 मार्च के बाद बंद होने के पश्चात अब तक क्या प्रगति की गयी है। कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण से भी भारी वाहनों के परिचालन के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती के संबंध में अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि पूर्व में लिए गए निर्णय के आलोक में आपके स्तर से अपेक्षित प्रगति दिख नहीं रही है। जलापूर्ति योजना में लिकेज, टेस्टिंग एवं लिकेज को चिन्हित कर उसके मरम्मती के संबंध में अब तक समुचित कार्रवाई शुरू नहीं की गयी है। साथ ही भारी वाहनों के कारण जिन जिन सड़कों में धसान अथवा क्षतिग्रस्त हुई है एवं जलापूर्ति लिकेज में जहां जहां सड़क पंक्चर एवं क्षतिग्रस्त हुई है, चिन्हित कर वहां पथ निर्माण विभाग के पर्यवेक्षण में बूडको एवं एजेंसी के माध्यम से मानक के अनुरूप मरम्मती कार्य कराया जाना है। आयुक्त ने कहा कि मुंगेर लोक सभा निर्वाचन का नामांकन 18 अप्रैल से आरंभ हो रहा है।

सभी सेक्टर कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण : डीएम

- सभी सेक्टर, पुलिस पदाधिकारी, मास्टर प्रेक्षक, तकनीकी एवं कार्यपालिका सहायक हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला के टाउन हॉल प्रांगण में सभी सेक्टर पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, मास्टर प्रेक्षक तकनीकी एवं कार्यपालक सहायक को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने संबोधित करते हुए मतदान केंद्र पर मतदान कर्मियों के बैठने एवं मतदाताओं को कतार में लगाने, वृद्ध एवं देर तक खड़ा रहने में असमर्थ व्यक्ति के लिए बेंच की व्यवस्था करने के साथ ही ईवीएम संचालन से संबंधित तकनीकी जानकारी से अवगत कराते हुए मतदान तिथि के एक दिन पूर्व के कार्य पूर्ण किये जाने के संबंध में बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि वीटीआर बढ़ाने के लिए शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करवाना आवश्यक है। इसलिए प्रतिदिन बीएलओ अन्य सरकारी कमीयों के माध्यम से मतदाता जागरूकता भी करवाते रहना है। वही क्षेत्र के सभी इलाके की आम जनता के बीच मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करना है, जो लोग यहां नहीं रहते हैं तथा मतदान तिथि तक उनके आने की संभावना नहीं है, उनका मतदाता पर्ची किसी अन्य व्यक्ति को नहीं दिया जाएगा। वैसे लोगों के लिए मतदाता पर्ची को संबंधित मतदान केंद्र के हेल्प डेस्क पर रखा जाएगा। वही उन्होंने कहा कि वैसे सेक्टर को मतदान केंद्र पर रहने के लिए चयन करने को कहा जो सभी मतदान केंद्रों के बीच में अवस्थित हो सकें। जो अपने चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी भी राजनीतिक व्यक्ति से संपर्क ना रखने, किसी के यहां भोजन न करने हेतु निर्देश दिया गया है, और बताया गया कि भोजन की व्यवस्था सभी मतदान केन्द्र पर निर्धारित दर पर की गई है।

उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भोजन का मेनू भी तय कर देने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि गर्मी का मौसम है इसलिए खाली पेट अपने घरों से नहीं निकलेंगे और मतदाताओं को भी सत्तू या पानी पीकर घर से मतदान केंद्र पर आने के लिए अपील करते हुए कहेंगे, वैसे सभी सेक्टर पदाधिकारी को ओआरएस एवं आवश्यक दवा का किटस उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सभी पीएचसी में भी आकस्मिकता के लिए बेहतर तरीके से उपचार व्यवस्था रहेगी। बैठक के क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारीयों को लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए फीडबैक लेते रहने तथा अगर किसी उपद्रवी तत्व की सूचना मिलती है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु प्रस्ताव भेजने को निर्देशित करते हुए कहा गया है।

साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान तिथि के दिन मॉक पोल से लेकर ईवीएम के ब्रजगृह तक पहुंचने तक आपको सक्रिय रहना सुनिश्चित है। वही अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर द्वारा भी सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारीयों को संबोधित किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग संयुक्त निदेशक जनसंपर्क, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित संबंधित सभी सेक्टर पदाधिकारी मौजूद थे।

कुख्यात अपराधी गोलू चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसपी सिटी

भागलपुर। सबौर थाना क्षेत्र में विगत दिनों हुई लूट मामले में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी गोलू यादव को जिला पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी पर जिले भर के थाना में करीब आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामला दर्ज है। उक्त मामले को लेकर सिटी एसपी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी मि. राज ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि सबौर थाना परिक्षेत्र इलाके में विगत दिनों हुई लूट घटना के मामले में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी गोलू यादव को पुलिस की गठित एसआईटी ने गुप्त रूप से मिली जानकारी के तहत योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी गोलू के खिलाफ जिले भर में करीब 10 अपराधिक मामले दर्ज है। जिसमे मध निषेध, डकैती एवं आर्म्स एक्ट समेत अन्य कई गम्भीर मामले दर्ज है। पुलिस अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर लंबे समय से तलाश में जुटी हुई थी, वही मामले को लेकर सबौर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल के नेतृत्व में बनाई गई टीम ने छापामारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही अपराधी को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

लापता पिता की बरामदगी को ले पीड़ित पुत्र ने लगाई गुहार

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत लत्तीपुर उत्तर पंचायत वार्ड 9 के 45 वर्षीय मृत्युंजय ठाकुर पिता स्व. नरेश मोहन ठाकुर विगत एक सप्ताह से अपने घर से कही लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। मामले को लेकर पीड़ित पुत्र रवि कुमार ने बिहपुर थाना में लिखित आवेंदन देकर अपने पिता की सकुशल बरामदगी करने हेतू गुहार लगाई है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, विगत 2 अप्रैल की सुबह करीब 10, 11 बजे मृत्युंजय ठाकुर अपने घर से बिना किसी परिवार को कुछ बताए निकलने के बाद अबतक घर वह अपने घर लौट कर नही आया है। पीड़ित घर परिवार के लोग लापता मृत्युंजय के काफी खोजबीन के बाद घर में उनकी पत्नी डेजी देवी, पुत्र रवि कुमार और सूरज कुमार काफी चिंतित व दुखी हो परेशान चल रहे है। पुलिस को दिए लिखित आवेंदन में पीड़ित पुत्र रवि ने लिखा है कि हम दोनो भाई बाहर परदेश में प्राईवेट नौकरी करते हैं। घर पर माँ और पिता जी अकेले रह रहे थे। उनके अचानक लापता होने व देर रात तक घर नही लौटने के बाद घर मे अकेली माँ चिंतित हो परेशान हो गई। जिसके बाद आस-पड़ोस व सगे-संबंधियों के यहां फोन कर उनके बारे में पता लगाया लेकिन वे कही नही मिलने पर काफी आहत हो चल रही हैं। ज्ञात हो कि विगत कुछ समय से मेरे पिता मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। अधिकांश वे अपने बहन कल्पना देवी पति संजय झा के यहां जाते थे, लेकिन वे वहां भी नही मिले है। उनके पिता के लापता होने के बाद घर पर उनकी पत्नी सहित दोनों पुत्र चिंता में डूबे दिख रहे हैं। सभी परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। पीड़ित पुत्र रवि ने पुलिस से अपने पिता की सकुशल बरामदगी हेतू गुहार लगाई है। वही मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा कि लापता से संबंधित आवेंदन मिला है जिसे लेकर मामले की गम्भीरता के साथ पुलिस मामले की जांच कर रही है, जल्द ही पुलिस लापता अधेड़ मृत्युंजय ठाकुर से संबंधित जानकारी प्राप्त कर ली जायेगी।

दबंगों ने सरकारी कुंआ को किया अवैध कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज प्रखण्ड के कुमैठा पंचायत के तांती टोला श्यामपुर गाँव इलाके में बने सरकारी कुंआ पर दबंगों द्वारा अबैध कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। वही मामले को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि गाँव के दबंग संजय तांती, मंजय तांती, धनन्जय तांती, मंतोष तांती के द्वारा सरकारी कुंआ पर अबैध कब्जा के उद्देश्य को लेकर उक्त कुंआ स्थल पर फुआल रख दिया, और गाँव के लोगों को पानी भरने नहीं दिया जा रहा है। वही दबंगों ने उक्त कुंआ को अपनी जागीर सम्पत्ति के झुठ बताकर गांव में निर्मित पैजल आपूर्ति व्यवस्था के तहत सरकारी कुंआ पर अबैध कब्जा कर लिया है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने शिकायत स्थानीय मुखिया, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी व बाथ थाना पुलिस को सुचना देकर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने हेतू मांग की है। अब देखने वाली बात है कि ग्रामीणों के बीच पेयजलापूर्ति की संकट से निपटने के लिए दबंगों के विरुद्ध क्या रुख अपनाया जाता है ये सवाल खड़े होकर ग्रामीणों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ दिख रहा है।

मतदाता होंगे जागरूक , डिजिटल स्क्रीन की डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर सह डीएम ने किया लॉन्चिंग

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने , मतदाताओं में मतदान हेतु जागरूकता फैलाने आदि कार्यक्रमों का आयोजन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार स्वीप गतिविधि के तहत कराया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में मंगलवार को स्वीप गतिविधि के तहत समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा केआईओएसके डिजिटल स्क्रीन की लोंचिंग की गयी। इस अवसर पर स्वीप आईकॉन श्रीजा सेन गुप्ता, स्वीप के नोडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं में मतदान की महत्ता तथा मतदान करने के लिए स्वीप गतिविधि के तहत जिले भर में लगातार विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विगत लोक सभा निर्वाचन में जिन जिन क्षेत्रों अथवा बूथों पर कम मतदान हुए थे, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आज इसी के तहत केआईओएसके डिजिटल स्क्रीन की लोंचिंग की गयी है, जिसके माध्यम से आमजन अथवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

रेलवे, बैंकों आदि ऐसे स्थलों पर जहां लोगों का आवागमन अधिक से अधिक होता है, उन स्थलों को चिन्हित कर कम से कम दस स्थानों पर केआईओएसके डिजिटल स्क्रीन लगाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस स्क्रीन के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न बिंदूओं की जानकारी दी गयी है, जिसके माध्यम से आमजन को मतदान से संबंधित अन्य जानकारी भी प्राप्त होगी और उसके आधार पर मतदान के प्रतिशत की भी बढाने की संभावना बनेगी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिस तरह से जागरूकता कार्यक्रम अथवा अन्य प्रयास किए जा रहे हैं, उससे इस बार के लोक सभा आम निर्वाचन में निश्चित तौर पर मतदान प्रतिशत बढाने की संभावना है।

शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के तहत चलाया जागरूकता अभियान

भागलपुर। शहरी क्षेत्र के दक्षिणी भाग स्थित सरजू देवी मोहनलाल इंटर मध्य विद्यालय के प्रांगण में लोकसभा चुनाव जागरूकता को लेकर एक सभा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र व उनके अभिभावक शामिल हुए, कार्यक्रम मुख्य रूप से प्रवेश उत्सव सह नामांकन अभियान के तहत चलाया गया है। इस दौरान शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के तहत कई बिंदुओं पर वार्ता भी हुई, साथी कार्यक्रम के दौरान लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में घर से बाहर निकाल कर मतदान करने की अपील की, कार्यक्रम का उद्देश्य था कि लोगों के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर जागरूक करने के साथ उन्हें अपने घर से निकलकर मतदान करें की अपील के साथ साथ अपने बहुमूल्य मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई थी। इस दौरान उन्हें बताया गया कि आपकी शक्ति ही निर्वाचन है इस दौरान अपनी मत की शक्ति से समाज, जिला व नगर के साथ साथ देश का विकास में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है, आपके एक मतदान से सब कुछ बदल सकता है।

कार्यालय अधीक्षक की मौत कमीशनखोर, रेलवे अधिकारी और आरपीएफ के मुंह पर करारा तमाचा है: पप्पू

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जमालपुर रेल कारखाना परिसर में ब्लैक स्मिथ शॉप के कार्यालय अधीक्षक की निजी ट्रैक्टर के चपेट में आने से दर्दनाक मौत कारखाना में व्याप्त गोरख धंधा का स्पष्ट प्रमाण है।। जिसमें आरपीएफ से लेकर रेलवे अधिकारियों की जबरदस्त सहभागिता है उक्त बातें जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने मंगलवार को कार्यालय अधीक्षक के दर्दनाक मौत होने पर कहा । उन्होंने कहा की 4 जून 2010 में घटी ऐसी ही भयावह एक अन्य घटना से सबक नहीं लेने वाले ये कमीशनखोर रेलवे अधिकारी व वसूली करने वाले आरपीएफ के मुंह पर करारा तमाचा है अधीक्षक की मौत ,जो इस बात को भी प्रमाणित कर रही है कि कहीं ना कहीं यहां के अधिकारी कारखाना को बर्बाद करने का षड्यंत्र कर रहे हैं जिसे जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा कतई बर्दाश्त नहीं करेंगी । उन्होंने आगे कहा कि निजीकरण के नाम पर रेलवे बड़ी-बड़ी कंपनियों को हायर करती है और ये कम्पनी बाद में यहां के क्षेत्रीय अपराधी और दबंग पेटी कॉन्ट्रैक्टर का काम दे देती है जिसके पास कोई अनुभव नहीं होता है और यही नहीं ये पेटी कॉन्ट्रैक्टर आरपीएफ और अधिकारियों को कमीशन देकर अप्रशिक्षित लोगों से काम लेते हैं जिसके कारण ऐसी घटनाएं आम हो गई है । श्री यादव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व रेलवे के जीएम एवं संरक्षणा आयुक्त इस प्रकरण की जांच कर कंपनियों को अभिलंब काली सूची में डालने अधीक्षक के मौत के जिम्मेदार संवेदक पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए कहा की अगर दोषी पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो संघर्ष मोर्चा जबरदस्त विरोध करेगी और जीएम सहित किसी भी अधिकारी को जमालपुर की धरती पर घुसने नहीं देगी ।

प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक हुई सम्पन्न

नवगछिया (भागलपुर)। गोदावरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर नवगछिया के प्रांगण में प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वार्षिक अर्थ संकल्प (बजट) ध्वनि मत से पारित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने की। इस दौरान वजट को विद्यालय के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार जसवाल ने प्रस्तावित किया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रतिनिधि के तौर पर दिनेश झा उपस्थित हुए थे। विद्यालय के संरक्षक के रूप में बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह, राजन कुमार सिह, कृष्ण कुमार सिंह, सुगंती देवी, आचार्य कौशल किशोर चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शांति मंत्र के साथ बैठक की समाप्ति हुई।उपस्थित अतिथि का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल बाबु राय ने कराया था।

दीक्षांत समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। जिले के संग्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक माँझगांय कहुंआं बढ़ोनियां एवं कई विद्यालय में आज दीक्षांत समारोह सह शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव प्रेम शंकर शर्मा कई शिक्षा विन्द एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया वही कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक रवि अंशुमान के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र चांदनी कुमारी नंदनी कुमारी शालू कुमारी एवं रूबी कुमारी के द्वारा संस्कृत में स्वागत गान वही हिंदी में चांदनी नंदिनी सावित्री के द्वारा हिंदी में स्वागत गान गया गया कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए सावित्री कुमारी कुमारी ने अपना बढ़ता बिहार के बारे में प्रस्तुत रूप से चर्चा किया इसके अलावे नृत्य समूह संगीत जुग जिया तू ललनवा मौसम भारती चांदनी नंदिनी रूबी सावित्री के द्वारा प्रस्तुत किया गया अंग्रेजी में छात्रा शशि कुमार के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया हिंदी में भाषण चांदनी कुमारी के द्वारा प्रस्तुत किया गया नृत्य रिकॉर्डिंग डांस देश रंगीला की प्रस्तुति बबली दीपा शालू बेटी हिंदुस्तान की मौसम के द्वारा प्रस्तुत वहीं छात्रा के अलावा छात्र भी म्यूजिकल योग प्रस्तुत किया इसमें शामिल होने वाले छात्र आयुष प्रणव शिवमोगन कृष्णा प्रीतम सत्यम कृष्ण कुमार कृष्ण प्रशांत एवं मंगल था वही नृत्य कार्यक्रम फिर भी दिल है हिंदुस्तानी में निधि रितु शामिल हुई क्विज प्रतियोगिता मैं ग्रुप संख्या एक मौसम रूबी नंदिनी ग्रुप संख्या 2 में चांदनी सोनाली सरस्वती ग्रुप संख्या 3 में प्रीति रीमा खुशी ग्रुप संख्या 4 में राकेश आशीष शशि ग्रुप संख्या 5 में देवराज प्रेम से सोम जी सभी छात्र-छात्राओं ने अपने कल का प्रदर्शन दिखाया अंत में विद्यालय के निर्णायक महोदय के द्वारा छात्र छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राइस दिया गया विद्यालय में 9वीं एवं 11 वी वार्षिक परीक्षा पर आधारित प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा प्रस्तुति पत्र देकर के सम्मानित किया गया और अभिभावकों से यह आग आग्रह किया गया कि बच्चों को सही समय से विद्यालय भेजें एवं बच्चे हमारे क्या पढ़ लिख रहे हैं उसके ऊपर विशेष रूप से ध्यान दें वही इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में विद्यालय के छात्र शिक्षक एवं कर्मी मौजूद थे

स्वीप के अंतर्गत जीविका दीदी को किया गया जागरूक : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जिला टाउन हॉल भागलपुर के प्रांगण में नगर निगम भागलपुर द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में उपस्थित जीविका दीदी के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जीविका दीदीयों को आगामी 26 अप्रैल को स्वयं मतदान करने एवं अपने पड़ोस व क्षेत्र के लोगों से मिलकर उन्हें भी मतदान करने की जागरूक करने के साथ अपील करेंगी। वही उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अपने परिश्रम के लिए सर्वत्र जाने जाते हैं, फिर मतदान में पीछे क्यों रह जाते हैं, यह समझ नहीं आता है, उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार मतदाता सूची में से मृतक या अपना निवास स्थान परिवर्तन कर लेने वालों का नाम विलोपित करवाया गया है। साथ ही 64 हजार नए महिला मतदाताओं का नाम जुड़वाया गया है। और वही 18 से 19 वर्ष के लगभग 31 हजार मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। इसलिए इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर सभी बुनियादी सुविधा, जिनमें पेयजल, शौचालय, छाया, प्रकाश, बेंच, रैम्प की व्यवस्था रहेगी। वही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी मतदाता के घर पर चुनाव से पहले मतदान पर्ची सभी मतदाताओं को उपलब्ध करा दिया जाएगा। मतदान केंद्र पर पुरुष, महिला एवं दिव्यांग जनों की अलग-अलग कतार रहेगी। वही उन्होंने कहा कि मतदान करने में एक व्यक्ति को 14 सेकंड का वक्त लगता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो मतदान करने में ज्यादा से ज्यादा आधे घंटे का समय लगता है। विगत 5 वर्षों में एक बार चुनाव का महापर्व आता है, जबकि अन्य त्योहार प्रत्येक वर्ष आते हैं। चुनाव को महापर्व इसलिए कहा जाता है कि इसमें सभी धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय के लोग भाग लेते हैं, और सब के मतों का मूल्य एक समान है, चाहे मतदाता अमीर हो या गरीब, जो पंक्ति में पहले लग गया वह पहले मतदान करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जरा सोचिए आपको अपने देश के लिए अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए 5 वर्ष में सिर्फ एक बार अवसर मिलता है, जिसमें आप अपने वोट से अपनी ताकत का एहसास करवाते हैं जिससे उन्हें ज्ञात होता है कि हम है तो वो है इसलिए इस अवसर को चूकना नहीं है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि मतदान का समय सुबह 7:00 से संध्या 6:00 बजे तक है और सुबह 5:30 से ही आप कतार में लग सकते हैं। इसलिए सुबह कतार में लग जाएं और मतदान कर आए। लेकिन अभी गर्मी का समय है, हिट्वेव को देखते हुए खाली पेट घर से ना निकलें। ग्लूकोज या सत्तू कुछ ना कुछ पीकर ही मतदान करने निकले और मतदान करने के उपरांत घर आकर जलपान करें। हमनें मतदान करने की ठानी है, मतदान की शक्ति अबकी बार दिखानी है के सोच को लेकर मतदाता को जागरूक करना है। उन्होंने जीविका दीदीयों में जोश भरते हुए कई बार नारा लगवाया। पहले मतदान फिर जलपान के साथ उन्होंने जीविका दीदीयों से कहा कि अगले 15 दिन आपको क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करना होगा। वही कार्यक्रम में उपस्थित सेक्टर पदाधिकारी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदान कर्मी सिस्टमैटिक ढंग से मतदान केंद्र पर बैठें, बैठने का स्थान पहले से चिन्हित कर लिया जाय। कतार में लगे लोग एक दूसरे से एक हाथ की दूरी पर रहें तथा प्रथम मतदान पदाधिकारी के समीप 2 से ज्यादा मतदाता खड़ा ना रहे। इससे मतदान की गति में तेजी आएगी, प्रथम मतदान पदाधिकारी के समीप ज्यादा भीड़ हो जाने के कारण मतदान की गति धीमी हो जाती है।

क्षेत्रीय आपदा कार्यों की हुई समीक्षा: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में संभावित बढ़ व सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर इसकी तैयारियों को लेकर जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन के प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मोटर वोट और नाव की उपलब्धता की विस्तृत जानकारी लिये जाने के साथ समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यकतानुसार नाव की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नाविकों की पहचान कर लें। साथ ही नाविकों का प्रशिक्षण और आपदा मित्र की सेवा हेतु आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने हेतू निर्देश भी दिया गया है।

वही जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा के तटीय क्षेत्रों में हर वर्ष बाढ़ की आशंका को देखते हुए तटों की मरम्मत और चैनल निर्माण का कार्य पूर्ण करा लिया जाय। साथ ही संबंधित क्षेत्र के तटों के दोनों ओर चैनल निर्माण से तटों की सुरक्षा हो सकेगी। वही उन्होंने निर्देश दिया है कि बरारी से लेकर लैलख तक करीब 12 किलोमीटर की दूरी तक बालू की बोरियों से तट को मजबूत करना है। इसके लिए प्रयाप्त मात्रा में बोरियों की उपलब्धता है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने चापाकल निर्माण और मरम्मती की स्थिति को लेकर भी समीक्षा करते हुए कहा कि चापाकल निर्माण और मरम्मती कार्य में तेजी लाए जाय साथ ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि उन्हें पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता को प्रतिदिन चापाकाल निर्माण की स्थिति से अवगत कराते हुए इस कार्य में तेजी लाएं जाय।

साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर चापाकाल की मरम्मत अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ पंचायतों में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में पहले चापाकाल का निर्माण कराएं जाय। वही जिलाधिकारी ने कहा कि भागलपुर जिले में जितनी भी सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें अतिशीघ्र दुरुस्त करा लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने सड़कों की स्थिति को लेकर विस्तार रूप से समीक्षा करते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत कार्य आगामी 20 अप्रैल तक पूर्ण करा लिये जाय ताकि चुनाव के दौरान आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी न हो सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी और अनुमंडलाधिकारी से संबंधित क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति प्राप्त की जायेगी, और इसके आधार पर सड़कों का मरम्मती कराना सुनिश्चित किया जाएगा। वही उन्होंने फोर लेन के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि इसे जल्द जल्द पूरा करने को लेकर भी निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शुरूआत में ऐश की कमी की वजह से सड़क निर्माण कार्य में देरी हुई है। वही जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र के भोलानाथ पुल निर्माण की वजह से जल जमाव की समस्या स्थिति के निदान को लेकर भी निर्देश दिया है।

संक्षिप्त समाचार

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लार्क का निधन

एडिलेड। पूर्व क्रिकेटर एवं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लार्क का निधन हो गया है। वह 70 वर्ष के थे। क्लार्क के परिवार में पत्नी और दो बेटियां है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड के अनुसार क्लार्क का एडिलेड में निधन हुआ था। उन्होंने बताया कि क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड में 1999 से 2011 तक सेवा दी था और वह अपने कार्यकाल के अंतिम तीन वर्षों तक सीए के अध्यक्ष रहे थे। उनके अध्यक्ष कार्यकाल 2008 से 2011 के दौरान बिग बैश लीग की शुरुआत की हुई थी और उन्होंने 2010-11 की घरेलू एशेज श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की समीक्षा करते हुए सीए की उच्च प्रदर्शन शाखा को नया आकार दिया गया था। 21 साल तक दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक के रूप में भी काम किया और वर्ष 2012 में उन्हें एसएसीए का मानद आजीवन सदस्य बनाया गया था। वर्तमान सीए अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने क्लार्क के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'जैक क्लार्क ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और एसएसीए के साथ अपनी प्रमुख भूमिकाओं में ऑस्ट्रेलियाई, दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उत्कृष्ट योगदान दिया था और पूरे खेल जगत में सभी लोग उन्हें बहुत पसंद करते थे। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से, मैं जैक की पत्नी सू, उनकी बेटियों जॉर्जी और लुसी, उनके परिजनों और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। एसएसीए अध्यक्ष विल रेनेर ने कहा, 'जैक खेल के सच्चे पात्रों में से एक थे। उसकी हंसी और जीवन के प्रति उत्साह हमें बहुत याद आएगा।

नेपोमनिशी से हारे विदित, गुकेश और प्रज्ञानन्दा नें खेला ड्रॉ

टोरंटो,कनाडा। फीडे कैंडिडेट शतरंज का चौंथे राउंड में भारतीय खिलाड़ियों के लिए मिला जुला दिन रहा क्यूंकी एक ओर जहाँ दोनों युवा भारतीय खिलाड़ियों डी गुकेश नें टूर्नामेंट के शीर्ष वरीय यूएसए के फबियानों करूआना से और आर प्रज्ञानन्दा नें दूसरे वरीय यूएसए के हिकारु नाकामुरा को ड्रॉ पर रोका तो भारत के अनुभवी खिलाड़ी विदित गुजराती को टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा उन्हे पिछले बार के कैंडीडेट विजेता रूस के यान नेपोमनिशी नें पराजित किया और अब इस जीत के साथ नेपोमनिशी 4 राउंड के बाद 3 अंक बनाकर एकल बढ़त पर आ गए है जबकि भारत के डी गुकेश और यूएसए के फबियानों करूआना 2.5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है। महिला वर्ग में भारत को उस समय बड़ा झटका लगा जब भारत की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरु हम्पी को बुल्गारिया की नुर्गयुल शालिमोवा से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा जबकि आर वैशाली नें रूस की आलेक्सान्द्रा गोरयाचकिना को ड्रॉ पर रोका। फिलहाल चार राउंड के बाद हम्पी 1.5 और वैशाली 2 अंक बनाकर खेल रही है।

विश्व एथलेटिक्स का बड़ा ऐलान

पेरिस ओलंपिक ट्रैक एवं फील्ड स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50 हजार डॉलर

मोनाको। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

डब्ल्यूए ने एक बयान में कहा, 'विश्व एथलेटिक्स...ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा। डब्ल्यूए पेरिस में इस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सफलता के शिखर को प्राप्त वाले एथलीटों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय निकाय और समग्र रूप से एथलेटिक्स के खेल के लिए एक 'महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर (लगभग 18.63 अरब रुपए) को पुरस्कार के लिए दिया गया है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि से पुरस्कृत करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'विश्व एथलेटिक्स की इस पहल में एलए 2028 ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक विजेताओं तक विस्तार किये जाने की प्रतिबद्धता शामिल है।

रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जाएगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की संपुष्टि प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और उत्तीर्ण होने वाले एथलीट शामिल होंगे। यह कदम एथलीटों को सशक्त बनाने और किसी भी ओलंपिक खेलों की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए डब्ल्यूए की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम कहीं से शुरुआत करें और सुनिश्चित करें कि ओलंपिक खेलों में हमारे एथलीटों द्वारा उत्पन्न राजस्व का कुछ हिस्सा सीधे उन लोगों को लौटाया जाए जो खेलों को वैश्विक स्तर का बनाते हैं।

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी की रैंकिंग में अश्विन का जलवा बरकरार

दुबई। नई आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन (870) टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं, उनके हमवतन जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे (847) स्थान पर हैं। श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या तीन स्थान गिरकर 11वें (724) पर आ गए हैं जिसका मतलब है कि जेम्स एंडरसन (8वें, 739), शाहीन अफरीदी (9वें, 733) और काइल जैमीसन (10वें, 729) एक स्थान ऊपर पहुंच गए हैं।

चटगांव टेस्ट मैच के बाद टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के रवींद्र जड़ेजा (444) नंबर 1 स्थान के लिए हमवतन अश्विन (322) से काफी आगे हैं। शाकिब अल हसन टेस्ट मैच में अपनी दो पारियों में चार विकेट लेने और 51 रन बनाने के बाद तीसरे (310) स्थान पर बने हुए हैं। श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस और पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज ने चटगांव में अपनी टीम की 192 रन की जीत में योगदान देने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में प्रगति की है जिससे बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व

टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में 2-0 से जीत हासिल करने में मदद मिली।

मार्च में आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का दावा करने वाले मेंडिस की नाबाद 92 रन की पारी ने उन्हें बल्लेबाजी सूची में 18 स्थान ऊपर 46वें स्थान (533) पर पहुंचा दिया, जबकि दूसरी पारी में भी उन्होंने तीन विकेट लिए। गेंदबाजों के बीच 46 स्थान की छलांग देखी गई। मैथ्यूज ने अगस्त 2014 में करियर की सर्वोच्च तीसरी रैंक हासिल की थी, 23 और 56 के स्कोर के बाद दो पायदान ऊपर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंकाई बल्लेबाज कुसल मेंडिस तीन स्थान आगे बढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद असिथा फर्नांडो सात स्थान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, विश्वा फर्नांडो मैच में तीन विकेट लेकर 43वें से 41वें स्थान पर हैं और लाहिरू कुमारा 46वें से 44वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन 54 और 19 रन बनाकर टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर 75वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि मेहदी हसन मिराज दूसरी पारी में नाबाद 81 रन की शानदार पारी के बाद 99वें से 88वें स्थान पर हैं। अपनी दो पारियों में 83 रन बनाने के बाद मोमिनुल हक को चार स्थान का फायदा हुआ है और वह 46वें स्थान पर हैं। नए तेज गेंदबाज हसन महमूद ने मैच में छह विकेट लेने के बाद टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 95वें स्थान पर प्रवेश किया है।

यह टी20 की खूबसूरती है, यह गेंदबाजों के लिए नहीं है: भुवनेश्वर कुमार

मुल्लांपुर। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने मजाक में कहा कि टी20 खेल की खूबसूरती यह है कि यह गेंदबाजों के लिए नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद ने महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2 रन से जीत हासिल की। लक्ष्य का पीछा करने के अंतिम ओवर में पंजाब को फिनिशिंग लाइन पार करने के लिए 29 रनों की आवश्यकता थी। शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने मिलकर लगभग 26 रन बनाए और लक्ष्य से थोड़ा पीछे रह गए।

मैच के बाद भुवी ने कहा, यह दर्शकों के लिए टी20 खेल की खूबसूरती है, गेंदबाजों के लिए नहीं (मुस्कुराते)। आखिरी कुछ ओवरों में विकेट काफी बदल गया, हमने रन बनाए और उन्होंने भी रन बनाए। जीत हासिल करना अच्छा है। भुवनेश्वर ने तेज आक्रमण की अगुवाई की और दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए जिसमें कप्तान शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह शामिल थे। अपने चार ओवर के स्पैल में उन्होंने 13 डॉट गेंदें फेंकी और 8.00 की इकॉनमी से 32 रन दिए।

उन्होंने बल्लेबाजों के खिलाफ अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण के बारे में खुलकर बात की और कहा, ÷हर कोई जानता है कि आप क्या करने जा रहे हैं, लेकिन यह एक ही चीज को बार-बार करने और इसे सरल रखने के बारे में है। आपको थोड़ी सी भाग्य की भी जरूरत है।

आशुतोष तब आए जब पंजाब को 24 गेंदों में 67 रन चाहिए थे और उनके हाथ में सिर्फ चार विकेट थे। शशांक के साथ उन्होंने हैदराबाद के गेंदबाजी सेट-अप को संभाला और कुछ शानदार शॉट लगाए। अंतिम ओवर में उन्होंने बैक-टू-बैक छक्कों के लगाए और समीकरण को चार गेंदों में 15 रन तक ला दिया। हालांकि उनका संकल्प पंजाब को लक्ष्य तक नहीं ले जा सका।

भुवनेश्वर ने कहा, उन्होंने (आशुतोष) वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। जब कोई बल्लेबाजी कर रहा होता है और आप सोचते हैं कि वे अभी भी गेम जीत सकते हैं, तो यह वास्तव में सराहनीय है और भारत के लिए भी अच्छा है।

इस स्तर पर क्रिकेट आत्मविश्वास का ही खेल है, करीबी हार के बाद बोले शशांक सिंह

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स की नयी खोज शशांक सिंह ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में नए खिलाड़ियों को मिल रही सफलता के पीछे उनका आत्मविश्वास और घरेलू क्रिकेट में की गई अपार मेहनत है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक ने 25 गेंद में 46 रन बनाये और आशुतोष शर्मा ने 15 गेंद में 33 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम दो रन से चूक गई। शशांक ने इससे पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 61 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी।

हार के बावजूद प्रशंसा के पात्र बने शशांक ने कहा, 'आत्मविश्वास सबसे जरूरी है। जिस तरह से हम घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। सनराइजर्स के नीतिश रेड्डी को देखिए जो घरेलू क्रिकेट में हर प्रारूप में रन बनाता और विकेट लेता है। रेड्डी ने सनराइजर्स के लिए 37 गेंद में 64 रन बनाए। केकेआर के अंगकृष रघुवंशी भी अच्छी पारियां खेलने में कामयाब रहे हैं। शशांक ने कहा, 'हम जिस तरह से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। नीतिश, अंगकृष और आशुतोष ने मुश्ताक अली, विजय हजारे और रणजी ट्रॉफी में रन बनाए हैं।

उन्होंने कहा, 'आप इन खिलाड़ियों को गुमनाम कह सकते हैं लेकिन घरेलू सर्किट में ये जाने माने नाम हैं। इन्होंने घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेला है और आईपीएल में उनका प्रदर्शन उसका ईनाम है। इस स्तर पर क्रिकेट आत्मविश्वास का ही खेल है। हार से निराश शशांक ने कहा, 'हम दो रन से हार गए और हार सबसे दर्दनाक होती है क्योंकि हम जीतने के लिए खेलते हैं। हार तो हार ही है, चाहे दो रन से हो या 20 रन से। हमें आखिरी ओवर तक जीत का यकीन था।

नीतीश कुमार रेड्डी के पास रवैया, प्रतिभा और आत्मविश्वास है, रायडू ने उभरते स्टार की तारीफ की

मुल्लांपुर। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व स्टार अंबाती रायडू ने सनराइजर्स हैदराबाद के युवा बल्लेबाज नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा की है जिन्होंने ऑलराउंडर प्रदर्शन से पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को रोमांचक मुकाबले में हराने में मदद की थी। रेड्डी ने अब्दुल समद के साथ केवल 20 गेंदों पर 50 रन की तूफानी साझेदारी करके स्त्र॥ को 39/3 से उबरने में मदद की और उन्हें प्रतिस्पर्धी 182/9 स्कोर तक पहुंचाया। आंध्र के बल्लेबाज ने शानदार जवाबी हमला करते हुए 37 गेंदों में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 64 रन बनाए, जबकि समद ने सिर्फ 12 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 25 रन बनाए।

20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन किया। 16वें ओवर में जितेश शर्मा का विकेट लिया और तीन ओवरों में 1-33 के आंकड़े के साथ समापन किया। इसके अलावा उन्होंने डीप मिडविकेट में एक उल्लेखनीय कैच पकड़कर अपनी क्षेत्ररक्षण

क्षमता का प्रदर्शन किया। 20 वर्षीय ऑलराउंडर के बारे में रायुडू ने कहा, जब शीर्ष 4 बल्लेबाजों ने रन नहीं बनाए और आप अपना हाथ बढ़ाते हैं और कहते हैं कि मैं आपके जितना ही अच्छा हूं, मैं अपनी टीम के लिए खेल जीतने के लिए यहां हूं। उनके पास रवैया, प्रतिभा और आत्मविश्वास है, मुझे उम्मीद है कि अब उसे कुछ महत्वपूर्ण लोगों का समर्थन प्राप्त होगा जो वास्तव में उसे पहचानेंगे कि वह क्या है और उसकी प्रतिभा क्या है और मुझे यकीन है कि जब वह तैयार और परिपक्व हो जाएगा तो वह बहुत आगे बढ़ेगा।

इसके अलावा रायुडू ने शशांक और आशुतोष की जोड़ी के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला जिन्होंने पिछले हफ्ते गुजरात टाइटन्स पर पंजाब किंग्स की 3 विकेट की जीत में सनसनीखेज मैच जिताऊ पारी खेली थी। उन्होंने कहा, और सबसे अच्छी बात यह थी कि पारी बहुत आत्मविश्वास से भरी थी। ऐसा नहीं था कि पिछला प्रदर्शन एक अस्थायी प्रदर्शन था, उन्होंने इसे फिर से किया है और यह दिखाता है कि यह टूर्नामेंट कैसा है और इसमें कितनी युवा प्रतिभाएं सामने आती हैं। हमने दोनों पारियों में देखा, नितीश रेड्डी और ये दो युवा लड़के। यही इसकी खूबसूरती है और मुझे यकीन है कि शशांक सिंह इन पारियों से बहुत आगे जाएंगे, मुझे लगता है कि उनके सामने एक बड़ा भविष्य है।

वह अद्भुत थे, कमिंस ने नितिश के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना की

मुल्लांपुर। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने नितिश कुमार रेड्डी के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना की है। मैच के बाद कमिंस ने कहा कि रेड्डी ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया। शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी, अच्छे क्षेत्ररक्षण और तीन ओवर गेंदबाजी कारण ही हम 180 के स्कोर के ऊपर पहुंचने में सफल रहें। 183 रन के लक्ष्य में पंजाब को खराब शीर्षक्रम प्रदर्शन के बाद शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा का साथ मिला लेकिन टीम रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हार गई।

कमिंस ने कहा, वह अद्भुत थे। सीधे शीर्ष क्रम पर (इस मैच में), क्षेत्ररक्षण में शानदार थे, उन्होंने तीन ओवर भी फेंके। उनके बल्ले से हमें 180 रन तक पहुंचाना अद्भुत था। यह क्रिकेट का एक शानदार खेल था। उन्होंने शुरुआत में वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, हमने 182 तक पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया और फिर इसका बचाव किया। प्रभावशाली खिलाड़ी की सुंदरता यह है कि आपको लगता है कि आपने वास्तव में गहरी बल्लेबाजी की है। हम सकारात्मक रहने की कोशिश करते हैं, मैच को आगे बढ़ाने के लिए यदि आप 150-160 प्राप्त करते हैं, तो आप वैसे भी दस में से नौ गेम हार जाएंगे।

कमिंस ने आगे कहा, हम जानते थे कि नई गेंद महत्वपूर्ण समय होने वाली है। हम (अपने स्कोर से) काफी खुश थे। हमने देखा कि नई गेंद के साथ उनके लिए क्या हुआ, इसलिए सोचा कि क्या मैं और भुवी (भुवनेश्वर कुमार) एक साथ शुरुआत कर सकते हैं, यह अच्छा होगा। हमारे पास बहुत सारे बाएं हाथ और दाएं हाथ के खिलाड़ी हैं, इसलिए हमने गेंदबाजों को सफलता का सबसे अच्छा मौका देने की कोशिश की है।

हैदराबाद के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

मुल्लांपुर। सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच जीतने वाले प्रदर्शन के साथ रिकार्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। नीतीश ने खेल के सभी पहलुओं में शानदार प्रदर्शन किया और मंगलवार को पंजाब पर हैदराबाद की 2 रन की जीत के दौरान एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। बल्ले से उन्होंने सिर्फ 37 गेंदों में शानदार 64 रन बनाए और गेंद से उन्होंने जितेश शर्मा को आउट किया और प्रभसिमरन सिंह का कैच भी लिया।

अपने सनसनीखेज प्रदर्शन के साथ, वह आईपीएल में 50 से अधिक रन बनाने, एक विकेट लेने और एक आईपीएल मैच में कैच लेने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए है।

20 साल और 319 दिन की उम्र में वह आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी हैं। प्रियम गर्ग 19 साल और 307 दिन की उम्र में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

जीत के बाद नीतीश ने अपने प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और बल्ले से अपने हमले के दौरान अपनाए गए दृष्टिकोण के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह मेरी टीम और मेरे लिए एक बड़े योगदान की तरह है। मैं खुद से कह रहा हूं कि मुझे खुद पर विश्वास करना चाहिए। सीमर वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, मैं उनसे मुकाबला नहीं करना चाहता था। मुझे पता था कि स्पिनर ऐसा करेंगे। आओ और मैं उन पर हमला करना चाहता था, मैंने बस वही किया। पूरे टूर्नामेंट में वे धीमी बाउंसर फेंक रहे हैं और यह वास्तव में काम कर रहा है। मैंने विकेट हासिल करने के लिए आयामों का भी उपयोग किया। मैं बस बल्ले या गेंद या क्षेत्ररक्षण के साथ इस प्रदर्शन को जारी रखना चाहता हूं, मैं बस ऐसा ही रहना चाहता हूं।

गौर हो कि पावरप्ले में तीन विकेट खोने के बाद हैदराबाद ने नितीश रेड्डी के पहले अर्धशतक और अब्दुल समद और शाहबाज अहमद द्वारा बनाए गए कुछ महत्वपूर्ण रनों की बदौलत टीम ने 180 से अधिक का स्कोर बनाया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने लगातार विकेट खोए और 15.3 ओवर में 114/6 पर सिमट गई। तब शशांक सिंह (25 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 46* रन) और आशुतोष शर्मा (15 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 33* रन) की शानदार वापसी ने पंजाब की जीत लगभग पक्की कर दी, लेकिन वे दो रन से हार गए।

संक्षिप्त समाचार

शाहरुख ने कहा था कि दिलजीत दोसांझ देश में सबसे बढ़िया अभिनेता है: इम्तियाज अली

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वैग का राजा दिलजीत दोसांझ, सैस की रानी परिणिति चोपड़ा और खुद उस्ताद इम्तियाज अली,ये सब मिलकर एक मनोरंजन के धमाके की तैयारी में हैं! नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का अगला एपिसोड फ़िल्म चमकीला के कलाकारों के साथ मनोरंजन का एक ज़बरदस्त धमाका करने वाला है! मज़ेदार किस्सों से लेकर पर्दे के पीछे की कहानियों तक, न जाने इसमें कितने सरप्राइज़ छिपे हैं। क्या आप जानते हैं कि दिलजीत दोसांझ को चमकीला का रोल कैसे मिला अपने फ़ेवरेट एक्टर के बारे में ऐसी बहुत सी दिलचस्प बातें जानने के लिये तैयार हो जाईये! चमकीला के किरदार के लिये दिलजीत को कास्ट करने के विचार के बारे में बात करते हुए इम्तियाज अली कहते हैं, शाहरुख ख़ान ने एक बार मुझसे कहा था कि दिलजीत दोसांझ देश के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता हैं। मुझे ऐसा लगता है कि अगर दिलजीत पाजी ने इस फ़िल्म को करने से मना कर दिया होता तो शायद हम इसे कभी नहीं बना पाते। हम बहुत खुशकिस्मत थे कि उन्होंने हाँ कर दी। इससे बेहतर कोई कास्ट हो ही नहीं सकती थी। दोनों ही बेहतरीन कलाकार हैं। परिणीति एक शानदार अभिनेत्री और गायिका हैं, जो अपने रोल के लिए तुरंत 15 किलोग्राम वजन बढ़ाने के लिए भी तैयार हो गईं। यह बात बहुत दिलचस्प थी।

मैंने ही सबसे पहले था कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए- राज ठाकरे

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र की राजनीति में बीते कई हफ्तों से राज ठाकरे और भाजपा की दोस्ती को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। गृह मंत्री अमित शाह के साथ कई राउंड की बैठकों के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने आखिरकार मंगलवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और राकांपा के गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देगी। साथ ही एक रैली को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने यह भी दावा किया कि वह यह कहने वाले पहले व्यक्ति थे कि नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए। राज ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बिना शर्त बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी के महागठबंधन का समर्थन करती है। यह समर्थन केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए गठबंधन के लिए है। अब सभी को चुनाव की तैयारी करनी चाहिए। मनसे की यहां आयोजित 'गुड़ी पड़वा' रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने की घोषणा की और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारी करने को भी कहा जो इस साल के अंत में होने हैं।

नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही हिमाचल के मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

शिमला , एजेंसी। नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव के पहले दिन मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बता दें कि ज्यादातर तीर्थयात्री पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली से मंदिर का दर्शन करने पहुंचे थे। बिलासपुर में नैना देवी के लोकप्रिय मंदिर; ऊना में चिंतपूर्णी; हमीरपुर में बाबा बालक नाथ; कांगड़ा में ब्रजेश्वरी देवी, ज्वालाजी और चामुंडा देवी; और शिमला जिले के भीमाकाली और हटेश्वरी में सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई। हमने मंदिर में प्रतिदिन 20 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन का प्रबंध किया हुआ है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, श्रद्धालुओं की आमद को ध्यान में रखते हुए हमने सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी है। इसके अलावा सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। नवरात्रि उत्सव का समापन 17 अप्रैल को होगा।

दिल्ली के मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटरों पर बड़े ऐक्शन की तैयारी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुखर्जी नगर में विभिन्न कोचिंग सेंटरों पर आने वाले दिनों में कार्रवाई होगी। इसके लिए नगर निगम ने कई सेंटरों को नोटिस भेजा था। अब निगम के कर्मचारी सेंटरों पर जाकर जांच करेंगे। निगम के अधिकारी ने बताया कि कोचिंग सेंटरों को भवन निर्माण के नियमों का अनुपालन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सेंटरों को दिल्ली अग्निशमन विभाग से फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस भी भेजे हैं। जिन सेंटरों ने अब तक नोटिस प्राप्त नहीं किए हैं। उन पर कार्रवाई करके सील करेंगे। सेंटरों के साथ पीजी व पुस्तकालयों को भी चेक कर रहे हैं।

इस मामले में छात्रों के कहा है कि कई संकरी जगहों पर पीजी, कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। वहां पर नियमित तौर पर नियमों का उल्लंघन करने वाले सेंटरों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। कोई भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इन जगहों पर उचित व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन इस पर सेंटर का संचालन करने वाले बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कदम उठाने चाहिए। दिल्ली के मुखर्जी नगर समेत अन्य जगहों पर कोचिंग सेंटरों, पीजी और पुस्तकालयों का ऑडिट होगा। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के साथ मिलकर कार्य करेगा। इसमें इन सभी केंद्रों, पीजी में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह भवन निर्माण नियमों के तहत संचालित हो रहे हैं या नहीं।

डीएफएस से अब तक कितने केंद्रों, पीजी ने फायर एनओसी प्राप्त की है। इसकी भी जांच होगी। नगर निगम ने एक माह के दौरान 50 से अधिक केंद्रों व अन्य को फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस भेजा है। यदि इन केंद्रों ने फायर एनओसी प्राप्त नहीं की होगी। तब इन सभी केंद्रों को निगम की तरफ से सील करने की भी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने बताया है कि कोचिंग सेंटरों, पीजी व पुस्तकालय में लगातार हर सप्ताह में निगम की टीमें जांच करने के लिए जा रही हैं। कई जगहों पर संकरी गलियों में इनका संचालन हो रहा है। ऐसे केंद्रों को खुले इलाके में शिफ्ट होने के लिए भी कहा गया है। साथ ही आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर उपकरण लगाने के लिए भी केंद्रों को निर्देशित किया है। डीएफएस के साथ मिलकर भी कोचिंग सेंटरों, पीजी को ऑडिट करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा फायर एनओसी प्राप्त न करने वालों को सील करेंगे।

मुथुवल्लूर गांव में 400 साल पुराने दुर्गा मंदिर की मरम्मत करवा रहे मुसलमान, दिल खोलकर कर रहे दान

मलप्पुरम , एजेंसी। केरल के मुस्लिम बहुल इलाके से सांप्रदायिक सद्भाव की खबर सामने आई है। यहां मलप्पुरम के छोटे से गांव मुथुवल्लूर में 400 साल पुराना दुर्गा मंदिर है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए मुसलमान दिल खोलकर दान कर रहे हैं। मंदिर समिति के अधिकारियों का कहा है कि मई में माता की नई मूर्ति स्थापित की जाएगी। मंदिर के रिनोवेशन कार्य में हिन्दुओं के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर के प्रति मुसलमानों की आस्था इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने मंदिर के गुंबद में तांबे की परत चढ़ाने के अलावा अभी तक 38 लाख रुपए का दान किया है।

रमजान के समय केरल के मुसलमान यहां छोटे से गांव में हिन्दुओं के साथ यहां 400 साल पुराने दुर्गा मंदिर के नवीनीकरण कार्य में पूरे उत्साह के हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर के नवीनीकरण कार्य का पहला चरण पूरा हो चुका है। 7 या 9 मई को मंदिर में मूर्ति की फिर से स्थापना की जाएगी। मंदिर के अधिकारियों ने दशकों पुरानी मूर्ति के खंडित हो जाने के बाद नई मूर्ति की स्थापना के लिए धार्मिक समूहों के लोगों से मदद मांगी है।

मंदिर को राज्य सरकार द्वारा संचालित मालाबार देवास्वोम बोर्ड चलाता है। मंदिर को लेकर हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता ऐसे भी पता चलती है क्योंकि मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए बोर्ड द्वारा बनाए गए निमंत्रण पत्र में मंदिर से जुड़े पुजारियों के साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राज्य प्रमुख के अलावा आस-पास के इलाकों में स्थित मस्जिदों के काजी की भी तस्वीरें हैं। मंदिर से जुड़े अधिकारियों ने टीओआई को बताया कि इलाके में विभिन्न समुदाय में लोग पूरी तरह से सद्भावना है। यहां आस्था और पूजा स्थलों को लेकर हम एक-दूसरे की मदद भी करते रहते हैं। मंदिर के नवीनीकरण के लिए धन जुटाने का कार्य 2023 में एक कार्यक्रम के जरिए शुरू किया गया था, जिसमें राज्य हज कमेटी के सदस्य केपी सुलेमान हाजी ने 1 लाख रुपये का दान दिया।

तमिलनाडु में चुनाव की भविष्यवाणी कर रहा था तोता, ज्योतिषी को किया गिरफ्तार

चेन्नई, एजेंसी। चुनाव के नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे एक तोते के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना तमिलनाडु की है, जहां वन अधिकारियों ने तोते के मालिक पर जुर्माना लगाने की तैयारी भी कर ली है। खबर है कि तोते ने विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के खिलाफ खड़े पीएमके उम्मीदवार के जीतने की बात कही थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तोते ने भविष्यवाणी की थी कि तमिलनाडु की कुड्डलोर लोकसभा सीट से पीएमके के उम्मीदवार थंकर बचन चुनाव जीतेंगे। खास बात है कि पीएमके राज्य में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। अब इस भविष्यवाणी के बाद ज्योतिषी को पक्षी को कैद कर रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, फॉरेस्ट रेंजर जे रमेश दावा कर रहे हैं कि तोते की वाइल्डलाइफ (प्रोटेक्शन) एक्ट के तहत शेडयूल 2 स्पेसिस में रखा गया है। ऐसे में उन्हें कैद कर रखना अपराध है। अधिकारियों का कहना है कि उसे चेतावनी और जुर्माने के बाद छोड़ा जा सकता है, जो बढ़कर 10 हजार रुपये तक जा सकती है। पीएमके चीफ अंबुमणि रामदास ने इसे डीएमके का हार का डर करार दिया है।

भाजपा को दक्षिण में मिल सकती है बढ़त

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों को मान्य करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी सीट एवं मत प्रतिशत में भारी वृद्धि करेगी। पीटीआई भाषा से बातचीत में किशोर ने कहा, वह (भाजपा) तेलंगाना में पहली या दूसरी पार्टी होगी जो एक बड़ी बात है। वह निश्चित रूप से ओडिशा में नंबर एक होगी।

उन्होंने कहा, आपको आश्चर्य होगा क्योंकि मेरी राय में पूरी संभावना है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा का मत प्रतिशत दोहरे अंक में पहुंच सकता है।

तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में लोकसभा की कुल 204 सीट हैं, लेकिन भाजपा 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों में 50 सीट भी नहीं जीत सकी थी। उसने इन राज्यों में 2014 में 29 और 2019 में 47 सीट हासिल की थीं।

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी क्लास के दाखिलों के लिए सर्कुलर जारी

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के सर्वोदय विद्यालयों की प्री-प्राइमरी और प्राइमरी क्लास में दाखिले की दौड़ शुरू होने जा रही है। इन स्कूलों में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी क्लास की खाली सीटों पर दाखिला 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर मिलेगा। प्रवेश प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होगी। इस संबंध में मंगलवार को शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा ने सर्कुलर जारी कर सीट भरने को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं।

स्कूलों को खाली सीटों का ब्यौरा मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर नोटिस बोर्ड पर देना होगा। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य और स्कूल मित्रों के बीच भी खाली सीटों की सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वोदय विद्यालयों में ट्रांसफर के आधार पर दाखिले के लिए आवेदन करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकतम 40 छात्रों को दाखिला दिया जा सकता है।

वर्तमान सत्र में लंबे समय से अनुपस्थित बच्चे की सीट पर उसके दूसरे स्कूल में दाखिला न होने तक सीट को खाली नहीं माना जाएगा। अगर पिछले वर्ष से बच्चा अनुपस्थिति है और उस तक पहुंच नहीं बन पा रही है तो सीट खाली मानी जाएगी। इसके अलावा अगर किसी के घर के तीन किलोमीटर के दायरे में कोई सर्वोदय विद्यालय नहीं है तो वह दाखिला के योग्य होंगे। साथ ही एक किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले भी दाखिला के लिए आवेदन कर सकेंगे। क्लास 6 से 9 तक के दाखिले भी शुरू बता दें कि,

दिल्ली में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में क्लास 6 से 9 तक के गैर योजनाबद्ध दाखिले के लिए पहले चरण के तहत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी सोमवार 8 अप्रैल से शुरू हो गई है। दाखिले के लिए केवल दिल्ली में रहने वाले बच्चे आवेदन के पात्र होंगे। यह प्रक्रिया 3 चरणों में पूरी होगी। अभिभावकों को शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इच्छुक छात्र 17 अप्रैल तक दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। चयनित आवेदकों की लिस्ट 29 अप्रैल को प्रदर्शित होगी। 30 अप्रैल से लेकर 10 मई तक दस्तावेज का वेरिफिकेशन होगा।

हेल्पलाइन नंबर जारी किए

आवेदकों को कोई मुश्किल न हो, इसके लिए स्कूलों में हेल्प डेस्क की सुविधा मिलेगी। अभिभावक आवेदन फॉर्म भरने के लिए स्कूल में भी संपर्क कर सकेंगे। दाखिले को लेकर 1800116888 और 10580 नंबर पर सुबह साढ़े सात बजे से लेकर शाम साढ़े छह बजे तक सभी कार्य दिवसों में कॉल करके जानकारी ली जा सकती है।

डॉक्टर से ली अपॉइंटमेंट बिना किसी कारण कर दी कैंसल तो लगेगा जुर्माना, फ्रांस में मरीजों के लिए बना लॉ

पेरिस , एजेंसी। हम और आप कई बार अपने हेल्थ को लेकर डॉक्टर को दिखाने के लिए पहले ही अपॉइंटमेंट ले लेते हैं। ताकि डॉक्टर के पास जाकर हमें लंबी लाइन में खड़े न होना पड़े। कई बार किसी और काम की वजह से हम लिए हुए अपॉइंटमेंट को कैन्सल करने पर मजबूर हो जाते हैं तो वहीं कई बार अन्य कारणों की वजह से डॉक्टर तक नहीं पहुच पाते हैं।

ऐसा करना शायद भारत या बहुत देशों में आम बात हो लेकिन फ्रांस इसको लेकर एक नया कानून लेकर आने वाला है जिसमें अपॉइंटमेंट लेकर डॉक्टर के पास नहीं जाने पर आपको जुर्माना देना पड़ सकता है। फ्रांस में अब अगर आपने डॉक्टर से अपॉइंटमेंट ले ली है और आपके पास डॉक्टर के अपॉइंटमेंट को कैन्सल करने के पीछे कोई खास कारण नहीं है तो आप पर 5 यूरो का जुर्माना लग सकता है। यह कदम फ्रांस की सरकार अगले साल जनवरी से उठाने वाली है इसके पीछे का कारण फ्रांस में चरमरा रही स्वास्थ्य सेवा, कर्मचारियों की कमी और डॉक्टर की बढ़ती मांग को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। फ्रांस प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने कर्मचारियों की कमी, बढ़ती लागत और बढ़ती मांग के कारण चरमरा रही स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने की वजह से मरीजों पर क5 के जुर्माने की घोषणा की है। पीएम ने बताया कि 7 करोड़ की आबादी वाले देश में हर साल 2.7 करोड़ लोग समय लेकर भी दिखाने नहीं जाते। उन्होंने कहा, हम इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दे सकते।

मां को 70 बार चाकू से गोदा, फिर फोन कर बुला ली पुलिस



फ्लोरिडा, एजेंसी। अमेरिका के फ्लोरिडा में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां कलयुगी बेटे ने अपनी मां की चाकू से 70 बार गोदकर निर्मम हत्या कर दी। मां की हत्या करने के बाद उसने खुद पुलिस को फोन किया और हत्या की जानकारी दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस आरोपी का कबूलनामा सुनकर तब चौंक गई, जब उसने हत्या के पीछे की वजह का खुलासा किया। पुलिस का कहना है कि बेटा कॉलेज का होनहार छात्र है और अपनी मां के साथ उसका कोई पुराना विवाद भी नहीं है। पुलिस ने कहा, फ्लोरिडा में 21 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी मां पर चाकू से 70 से अधिक बार वार किया। वह मां की मौत हो जाने के बाद भी चाकू गोदता रहा। उसने तेज धारदार चाकू से मां के शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया। जो फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में पढ़ता था। पुलिस की बताई कहानी के अनुसार, एस्पिनोज़ा जब घर पहुंचा तो उसकी मां किसी रिश्तेदार से फोन पर बात कर रही थी। जब महिला ने दरवाजा खोला तो जींस और काले रंग की शर्ट पहने एस्पिनोज़ा ने चाकू को पीठ पर छिपाए रखा था। जैसे ही उसकी मां कुछ बोलती, एस्पिनोज़ा ने चाकू से ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। शेरिफ जुड ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, उसने सामने का दरवाजा खटखटाया और जब मां ने सामने का दरवाज़ा खोला तो उसने उसे चाकू मारना शुरू कर दिया। वह उससे दूर भागी। लेकिन उसने उस पर तब तक वार किया जब तक वह गिर कर मर नहीं गई। हत्या के बाद एस्पिनोज़ा ने 911 पर कॉल किया और अपराध कबूल कर लिया। अपनी मां से बेहद प्यार का दावा करते हुए उसने आरोप लगाया कि उसकी मां बचपन से उसे परेशान करती थी, इससे आजिज होकर उसने ऐसा कदम उठाया।

हमास को मिल गया तुर्की का साथ, इजरायल पर लगा दिया 54 चीजों का बैन

अंकारा, एजेंसी। गाजा में चल रहे हमास से युद्ध के बीच इजरायल के खिलाफ तुर्की ने बड़ा फैसला किया है। तुर्की ने कहा है कि जब तक गाजा में सीजफायर की घोषणा नहीं होती और पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री को गाजा में नहीं पहुंचने दिया जाता, तब तक 54 चीजों की सप्लाई इजरायल को नहीं की जाएगी। दरअसल इजरायल ने तुर्की को गाजा में राहत सामग्री ड्रॉप करने से रोका था। इसके बाद ही तुर्की ने सख्त फैसला लिया है। तुर्की के व्यापार विभाग ने कहा है कि अब 54 कैटिगरी के सामान इजरायल नहीं भेजे जाएंगे। इनमें लोहे और स्टील के प्रोडक्ट के साथ जेट फ्यूल, कंस्ट्रक्शन इंस्ट्रूमेंट, मशीनें, सीमेंट, ग्रेनाइट्स, केमिकल्स, पेस्टीसाइड और ईंटें शामिल हैं। तुर्की ने कहा, इजरयाल अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नजरअंदाज करते हुए कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। जब तक इजरायल गाजा में सीजफायर का ऐलान नहीं कर देता और वहां के लोगों के लिए राहत सामग्री पहुंचाने के रास्ते नहीं खोल देता, ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। बता दें कि इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को 6 महीने से भी ज्यादा का वक्त बीत चुका है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकिकारियों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 33000 लोगों की जान जा चुकी है। कई बार ऐसा भी हुआ है कि राहत सामग्री गिराने के दौरान ही इजरायल ने हमला कर दिया और लोगों की जान चली गई। बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास ने इजारयल में हमला करके कम से कम 1200 लोगों का मार दिया था। इसके बाद इजरायल गाजा में तबाही मचा रहा है।



अमेरिकी राज्य में गर्भपात पर रोक, उल्लंघन पर डॉक्टर को होगी पांच साल की जेल

160 साल पुराना प्रतिबंध बरकरार

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इस बीच, चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण राज्य एरिजोना की शीर्ष अदालत ने एक फैसला सुनाया, जो चुनाव के दौरान अहम मुद्दा बन सकता है। दरअसल, राज्य की शीर्ष अदालत ने मंगलवार को गर्भपात पर करीब 160 साल पुराने पूर्ण प्रतिबंध को बरकरार रखा है। कोर्ट के फैसले के खिलाफ जाकर गर्भपात कराने वाले वाले डॉक्टरों को पांच साल की जेल हो सकती है। बाइडन ने कोर्ट के फैसले को क्रूर प्रतिबंध बताते हुए निंदा की है। एरिजोना कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 2022 के फैसले का हवाला दिया, जिसमें गर्भपात पहुंच की राष्ट्रव्यापी गारंटी को खत्म कर दिया गया था।



कोर्ट के फैसले को स्वतंत्रता का अपमान बताया: मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, डेमोक्रेट समर्थक अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने कसम खाई है कि वह उस फैसले को लागू नहीं करेंगी। उन्होंने कोर्ट के इस फैसले को अचेतन और स्वतंत्रता का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि कानून का मसौदा 160 साल पहले तैयार किया गया था। तब एरिजोना एक अलग राज्य नहीं था। गृह युद्ध चल रहा था। उस समय संयुक्त राज्य अमेरिका में महिलाओं को वोट देने का भी अधिकार नहीं था। वह समय अमेरिका के इतिहास में काले कानून के रूप में होगा। उन्होंने कहा कि जब तक मैं इस राज्य की अटॉर्नी जनरल हूं, तब तक राज्य की किसी भी महिला और किसी भी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडन ने भी किया विरोध

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन महिलाओं के अधिकारों को छीन रहे हैं। बाइडन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि लाखों एरिजोनावासी गर्भपात के प्रतिबंधों के तहत रहेंगे। बाइडन ने कहा कि अगर वे एक बार फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुने जाते हैं और अगर डेमोक्रेट नेताओं को कांग्रेस में बहुमत मिलता है तो हम संघीय गर्भपात अधिकारों को फिर से कानून बनाने पर जोर देंगे।

अमेरिका में हर पांच में से एक गर्भवती ने कराया गर्भपात

अमेरिका में गर्भपात कराने के मामले बढ़ गए हैं। अधिकृत आंकड़ों के मुताबिक, लंबे समय तक मामले कम रहने के बाद देश में गर्भपात की संख्या 2017 की तुलना में 2020 में बढ़ गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में हर पांच गर्भवती महिलाओं में से एक ने गर्भपात कराया। गर्भपात अधिकारों का समर्थन करने वाले एक शोध समूह 'गुट्टमाकर इंस्टीट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में अमेरिका में 9,30,000 से अधिक गर्भपात के मामले सामने आए जबकि यह आंकड़ा 2017 में करीब 8,62,000 था ।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129